BOI

Reach the Star With Us

वार्षिक रिपोर्ट – 2012-13

ANNUAL REPORT – 2012-13

Bank of India

Relationship beyond banking

निदेशकगण
Directors

बाएं से दाएं - श्री हरविंदर सिंह, श्री ए.एम. पेरेरा, श्री उमेश कुमार, श्री एम.एस.राघवन (ईडी), श्री पी.एम.सिराजुददीन, श्रीमती वी.आर.अय्यर (सीएमडी), श्री नीरज भाटिया, श्री बी.पी.शर्मा (ईडी), श्री प्रमोद भसीन, श्री पी.आर.रवि मोहन, श्री उमेश खेतान, श्री के.के. नायर.

From Left to Right, Harvinder Singh, Shri A M Pereira, Shri Umesh Kumar, Shri M S Raghavan (ED), Shri P M Sirajuddin, Smt. V.R. Iyer (CMD),Shri Neeraj Bhatia, Shri B P Sharma (ED), Shri Pramod Bhasin, Shri P R Ravi Mohan, Shri Umesh Kumar Khaitan, Shri K K Nair.

श्रीमती वी.आर. अय्यर
अध्यक्षा एवं प्रबंध निदेशिका,
बैंक ऑफ़ इंडिया,

ईटी दूसरा सबसे विश्वसनीय
बैंक एवार्ड 2012 के साथ

Mrs. V. R. Iyer,
Chairperson & Managing Director,
Bank of India

with ET 2nd Most Trusted
Bank Brand Award 2012

विषय सूची	पृष्ठ संख्या	CONTENTS	PAGE NO.
अध्यक्षा एवं प्रबंध निदेशिका का संदेश	2	Chairperson & Managing Director's Statement	29
निदेशक रिपोर्ट	4	Directors' Report	31
कारोबार उत्तरदायित्व रिपोर्ट	56	Business Reponsibility Report	56
कंपनी अभिशासन रिपोर्ट	63	Corporate Governance Report	63
तुलन-पत्र	80	Balance Sheet	80
लाभ एवं हानि खाता	81	Profit & Loss Account	81
लेखे पर टिप्पणियां	90	Notes on Account	90
स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	121	Report of the Independent Auditors	121
बैंक का समेकित वित्तीय विवरणपत्र	123	Consolidated Financial Statement of the Bank	123
बासल II (स्तम्भ 3) प्रकटीकरण (समेकित)	156	Basel II (Pillar 3) Disclosures (Consolidated)	156
वार्षिक आम बैठक की सूचना	185	Notice of the Annual General Meeting	185
परोक्षी फार्म	187	Proxy Form	188
उपस्थिति पत्र	189	Attendance Slip	189
दृष्टिकोण, ध्येय स्टेटमेंट एवं गुणवत्ता संबंधी नीति	190	Vision, Mission Statement and Quality Policy	190

निदेशकगण
Directors

श्रीमती वी.आर. अय्यर
Mrs. V.R. Iyer
अध्यक्षा एवं प्रबंध निदेशिका
Chairperson and Managing Director

एन. शेषाद्रि
N. Seshadri
कार्यपालक निदेशक
Executive Director

एम. एस. राघवन
M. S. Raghavan
कार्यपालक निदेशक
Executive Director

बी. पी. शर्मा
B.P. Sharma
कार्यपालक निदेशक
Executive Director

उमेश कुमार
Umesh Kumar

पी. आर. रवि मोहन
P.R. Ravi Mohan

के. के. नायर
K. K. Nair

नीरज भाटिया
Neeraj Bhatia

हरविंदर सिंह
Harvinder Singh

पी. एम. सिराजुद्दीन
P. M. Sirajuddin

उमेश कुमार खेतान
Umesh Kumar Khaitan

प्रमोद भसीन
Pramod Bhasin

ए. एम. परेरा
A. M. Pereira

सांविधिक लेखा परीक्षक
Statutory Auditors

चतुर्वेदी एवं शाह
Chaturvedi & Shah

कर्णावट एंड कंपनी
Karnavat & Co.

शंकरन एवं कृष्णन
Sankaran & Krishnan

एल. बी. झा एवं कंपनी
L B Jha & Co

एसआरबी एंड एसोशिएट्स
SRB & Associates

ईसाक एंड सुरेश
Isaac & Suresh

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India

(भारत सरकार का उपक्रम)
(A Government of India Undertaking)

प्रधान कार्यालय
स्टार हाउस, सी-5, "जी" ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051.
फोन नं.: 66684444
वेबसाइटः www.bankofindia.co.in

HEAD OFFICE
Star House, C-5, `G' Block,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai - 400 051. Phone: 66684444
E-mail: headoffice.share@bankofindia.co.in
Website: www.bankofindia.co.in

महत्वपूर्ण सूचनाएँ		Important Information	
प्रस्तावित लाभांश	₹ 10/- प्रति शेयर (100%)	Proposed Dividend	₹ 10/- per share (100%)
लेखा बंदी	22.06.2013 से 29.06.2013	Book Closure	22.06.2013 to 29.06.2013
वार्षिक आम बैठक की तिथि एवं समय	शनिवार 29 जून, 2013 को सुबह 11.00 बजे	Date & Time of AGM	Saturday June 29, 2013 at 11.00 a.m.
वार्षिक आम बैठक का स्थान	बैंक ऑफ इंडिया आडिटोरियम स्टार हाउस, सी-5, "जी" ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051	AGM Venue	Bank of India Auditorium Star House, C-5, 'G' Block, Bandra - Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai - 400 051.

This page is intentionally left blank

महाप्रबंधक
GENERAL MANAGERS

1.	श्री विवेकानंद दास (सीवीओ)	Shri Vivekananda Das (CVO)
2.	श्री ए.पी. घुगल	Shri A.P. Ghugal
3.	श्री एन.सी. खुल्बै	Shri N.C. Khulbe
4.	श्री एस.के. दत्ता	Shri S.K. Datta
5.	श्री मुनीर आलम	Shri Munir Alam
6.	श्री आर.एन. तायल	Shri R.N. Tayal
7.	श्री आर. रविचंद्रन	Shri R. Ravichandran
8.	श्री एस.सी. अरोड़ा	Shri S.C. Arora
9.	श्री पी.एस. रावत	Shri P.S. Rawat
10.	श्री राकेश सेठी	Shri Rakesh Sethi
11.	श्री गौरी शंकर	Shri Gauri Shankar
12.	श्री बी.बी. जोशी	Shri B.B. Joshi
13.	श्री प्रेम कुमार	Shri Prem Kumar
14.	श्री पी.के. बजाज	Shri P.K. Bajaj
15.	श्री आर.ए. शंकर नारायणन	Shri R.A. Sankara Narayanan
16.	श्री आर. के. वर्मा	Shri R.K. Verma
17.	श्री पुष्पिंदर सिंह	Shri Pushpinder Singh
18.	श्री राजीव सक्सेना	Shri Rajiv Saxena
19.	श्री देबाशीष चक्रवर्ती	Shri Debashish Chakraborty
20.	श्री एस नरसिम्हन	Shri S. Narasimhan
21.	श्री चरन सिंह	Shri Charan Singh
22.	श्री पी.के. पटनाईक	Shri P.K. Patnaik
23.	श्री अनिल कुमार वर्मा	Shri Anil Kumar Verma
24.	श्री अनिल राणे	Shri A.B. Rane
25.	श्री बी.एल. सालियन	Shri B.L. Salian
26.	श्री आर.एन. कर	Shri R.N. Kar
27.	श्री अरिहन्त कुमार जैन	Shri Arihant Kumar Jain
28.	श्री रमेश चन्द्र बलिआर सिंह	Shri Ramesh Chandra Baliar Singh
29.	श्री जी.बी. काकड़े	Shri G.B. Kakade
30.	श्री विकास पांडे	Shri Vikas Pande
31.	श्री रबिन्द्र मोहन प्रसाद	Shri Rabindra Mohan Prasad
32.	श्री एम.बी. डोडिया	Shri M.B. Dhodia
33.	श्री अनिल कुमार भल्ला	Shri Anil Kumar Bhalla
34.	श्री एम.डी. वर्नेकर	Shri M.D. Vernekar

चुनौतीपूर्ण दौर में बुलंदियों की ओर अग्रसर

श्रीमती वी.आर. अय्यर
अध्यक्षा एवं प्रबंध निदेशिका

प्रिय शेयरधारको,

बैंकिंग व्यवस्था परिवर्तन के दौर से गुज़र रही है। आर्थिक परिदृश्य चुनौतीपूर्ण है और उसके साथ-साथ विनियामक और विवेक सम्मत दायित्वों को भी और अधिक कठोर बनाया जा रहा है जिसकी वज़ह से हमारे समक्ष एक ऐसा चुनौती पूर्ण वातावरण है जिसमें यह अपेक्षा है कि बहुत ही सन्तुलित रुप से कार्रवाई की जाए। वित्तीय वर्ष 2012-13 के वित्तीय परिणामों को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना है। इन सबके बीच, मेरे लिए यह प्रसन्नता की बात है कि मुझे आपके इस महान संस्थान की 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट आपके समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हो रहा है और मुझे यह उल्लेख करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि आपके बैंक ने अनेक प्रकार की चुनौतियों के होते हुए भी बेहतरीन संवृद्धि दर्ज की है।

चालू वित्तीय वर्ष के अधिकांश समय में वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी दृष्टिगोचर हुई, परन्तु हाल ही में बड़े बाजारों में थोड़ा सुधार परिलक्षित हुआ। यू.एस. और जापान की अर्थव्यवस्था में को एक नयी लहर उठी जिसके फलस्वरुप वित्तीय संस्थानों ने नए उभर कर आए बाजारों से निधियां बाहर खींच लीं। जिसके फलस्वरुप बीआरआईसीएस (ब्राजील, रुस, इंडिया, चीन और साउथ अफ्रीका) के बाज़ारों की चमक कम होती चली गयी और एमआईएसटी (मैक्सिको, इन्डोनेशिया, साउथ कोरिया और टर्की) के बाजारों की रौनक लौट आयी। यू.एस. अर्थव्यवस्था के सकारात्मक विकास में, गैर कृषि पेरोल्स में सुधार हुआ और बेरोजगारी की दर घटकर 7.7% तक आ गयी जिससे यह संकेत मिलने लगे कि यू.एस. की अर्थव्यवस्था फिर से प्रगति के पथ पर लौट रही है। अलबत्ता, $85 बिलियन के व्ययों की कटौती पर चर्चाएं अभी जारी हैं और नवीनतम उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार यू.एस. व्यापार घाटा बढ़कर $444.88 बिलियन तक पहुंच गया है।

अलबत्ता, यूरोपीयन यूनियन से प्रस्तुत किए आँकड़े 46.5 विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के साथ निराशाजनक थे। क्योंकि वे 50 की सीमारेखा स्थिति से काफी नीचे थे। यूरोपियन सेन्ट्रल बेंक ने अपनी 2 मई, 2013 को हुई बैठक में प्रमुख बेंचमार्क दर को 25 बेसिस पॉइंट कम करके 0.75% से 0.50% कर दिया है।

अकस्मात आए संकट में, साइप्रस ने अपने गोल्ड रिज़र्व की बिक्री करना शुरु कर दिया है और यह शंका है कि यू.के. सहित अन्य पीआईआईजीएस राष्ट्र भी ऐसा कर सकते हैं। नतीज़न सोने की कीमतों में काफी गिरावट आ गयी और सोने की कीमत $1350/ ओजेड तक कम हो गयी। यद्यपि बाद में इसकी कीमतों में थोड़ा सा उछाल देखने को मिला, किंतु इस बात से यह अवधारणा क्षीण हो गयी है कि सोना निवेश के लिए सबसे सुरक्षित तरीका है। मुद्रास्फीति की स्थिति के विरुद्ध बचाव का साधन है।

चीन ने अपनी इस भविष्य वाणी को कायम रखा कि उसकी अगले वित्तीय वर्ष में 7.6% ग्रोथ रेट रहेगी। सबसे बड़ी व्यवस्था के रुप में द्वितीय स्थान रखने वाले चीन में विनिर्माण संबंधी गतिविधि पिछले 19 महीनों से अधिक अवधि में तेजी से पनपी है जिससे यह प्रत्याशा बलवती होती है कि उसका आगे और भी तेजी से विकास होगा। अलबत्ता यह बात दीगर है कि विकास की यह दर उसके पिछले वर्ष की उस दर से अभी भी कम है जब चीन की अर्थव्यवस्था 8% से अधिक की दर से बढ़ी थी। यह भी अपेक्षा की जा रही है कि चीन की अर्थव्यवसथा को झटका लग सकता है क्योंकि वहां की सरकार ने इन्फ्रास्टैक्चर व्यय में वृद्धि कर दी है और निवेश परियोजना मूल्यांकनों की रफ्तार को तीव्र कर दिया है।

स्वदेश में विकास दर कम ही रही। केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (सीएसओ) ने यह प्राक्कलित किया है कि वर्ष 2012-13 के दौरान जीडीपी ग्रोथ 5% है। अलबत्ता, 2013-14 के ग्रोथ संबंधी इस्टीमेट्स पर विभिन्न विचारको के बीच काफी भिन्नता है। आईएमएफ और प्राइवेट अर्थशास्त्री यह कहते हैं कि वर्ष 2013-14 में ग्रोथ रेट 5.7-5.8% होगी जबकि पीएमईएसी (प्रधानमंत्री की आर्थिक परामर्श परिषद) का यह मानना है कि इस वर्ष के दौरान भारत 6.4% की दर से विकास करेगा। उनकी यह अवधारणा कृषि, उद्योग और सेवा खंड़ों में प्राक्कलित की गयी उन्नत विकास की संभावनाओं पर आधारित है।

2008-09 में वैश्विक आर्थिक संकट द्वारा आयी मंदी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने राजकोषीय और मौद्रिक तरक्की के लिए काफी मजबूती से प्रतिसाद किया और वित्तीय वर्ष 2009-10 और 2010-11 में क्रमशः 8.6 प्रतिशत और 9.3% की ग्रोथ रेट हासिल की। किंतु उसी दौरान मार्च 2010 में भारतीय रिज़र्व बैंक ने पॉलिसी रेट्स को बढ़ाना शुरु कर दिया था।

उच्चतर दरों व नीति संबंधी अडचनों ने निवेश पर प्रतिकूल असर डाला और 2011-12 और 2012-13 में ग्रोथ रेट क्रमशः 6.2 प्रतिशत और 5.0 प्रतिशत रही। हाँलाकि, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) हेतु कम्पाउन्ड वार्षिक विकास दर (सीएजीआर) 2012-13 को समाप्त दशक में 7.9 प्रतिशत है।

विकास की यह धीमी गति उद्योग में आयी कमजोरी के कारण है जिसने केवल 3.5 प्रतिशत की ग्रोथ रेट ही दर्ज की। विनिर्माण क्षेत्र भी 1.9 प्रतिशत पर रहा। सामान्य से कम बरसात के कारण वर्ष 2012-13 में कृषि के क्षेत्र की ग्रोथ रेट भी नीचे आयी। वर्ष 2011-12 में वह 8.2% थी जो वर्ष 2012-13 में 6.6 प्रतिशत तक घट गयी।

वैश्विक आर्थिक संकट से अच्छी तरह से उभरने के बावजूद घरेलू अर्थव्यवस्था कई तत्वों के कारण ही धीमी ही है। इसका पहला कारण यह है कि आर्थिक संकट के बाद मौद्रिक और राजकोषीय तेज़ी से मांग में और उछाल आया जिससे मुद्रास्फीति बढ़ी। दूसरा यह है कि 2011-12 की शुरुआत से, नीति संबंधी रुकावटों और कड़ी मौद्रिक नीति के परिणामस्वरुप कॉर्पोरेट और इन्वेस्टमैन्ट दोनों ही धीमे पड़ गए। तीसरी अहम बात यह रही कि पहले से ही मंदी चल रही घरेलू अर्थव्यवस्था को दो अतिरिक्त झटके : वैश्विक अर्थव्यवस्था में आयी मंदी और घरेलू कमज़ोर मानसून से भी लगे।

वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए दृष्टिकोण

यह प्रत्याशा है कि वर्ष 2013-14 के दौरान विश्व अर्थव्यवस्था वर्ष थोड़ा बेहतर कार्यनिष्पादन करेगी। वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान घरेलू आर्थिक गतिविधि विगत वर्ष की अपेक्षा केवल साधारण सुधार ही दर्शाने के लिए प्रत्याशित है। वर्ष की दूसरी छमाही में इसके रफ्तार पकड़ने की संभावना है। लेकिन यह तभी सम्भव है जब मानसून नार्मल रहे और कृषि में वृद्धि वापस अपनी प्रवृत्ति के स्तरों पर रहे। औद्योगिक गतिविधि

के लिए दृष्टिकोण भी थोड़ा कम ही रहेगा क्योंकि नए निवेश बीच में लटके पड़े हैं और मौजूदा परियोजनाएं भी रुकावटों और कार्यान्वयन संबंधी अन्तरालों से रुकी पड़ी है। वैश्विक ग्रोथ में भी 2012 के स्तर से बहुत ज्यादा सुधार होने की सम्भावना नहीं है। सेवा और निर्यात में भी ग्रोथ मंद ही रह सकती है। तद्नुसार 2013-14 के लिए बेस लाइन जीडीपी ग्रोथ 5.7 प्रतिशत पर अनुमानित है।

मार्च, 2013 तक, डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति 6.0 प्रतिशत थी, जो रिज़र्व बैंक के 6.8 प्रतिशत के संकेतात्मक प्रक्षेपण से नीचे ही रही। ऐसा वर्ष की द्वितीय छमाही में गैर-खाद्य विनिर्मित उत्पाद मुद्रास्फीति में तीव्र गिरावट की वजह से हुआ। कच्चे तेलों और खाद्य सामग्री की कीमतों में आयी कमी के कारण चालू वित्तीय वर्ष के लिए ग्लोबल मुद्रास्फीति आउटलुक विगत वर्ष की तुलना में अनुकूल प्रतीत होता है। तद्नुसार आयातित मुद्रास्फति न्यूनतर रहने की सम्भावना है बशर्ते कि विनिमय दर मोटे तौर पर स्थिर रहे। कॉर्पोरेट कार्यनिष्पादन, औद्योगिक परिदृश्य और पीएमआईज् के संकेतक घटती हुई प्राइसिंग पॉवर का संकेत दे रहे हैं। दूसरी तरफ, सतत् आपूर्ति असन्तुलनों के कारण खाद्यसामग्री संबंधी मुद्रास्फीति भी दबाव का स्रोत रहने की सम्भावना है। इसके अलावा यह भी कि प्रशासित मूल्य परिशोधनों का समय और परिणाम विशेष रुप से विद्युत और कोयले में की बढ़ी हुई कीमतें 2013-14 में मुद्रास्फीति की रफ्तार को बढ़ाने का काम करेगी।

घरेलू मांग - आपूर्ति सन्तुलन, वैश्विक पण्य कीमतों के आउटलुक और नॉर्मल मानसून की घोषणा के मे नजर, डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति विगत नीति संबंधी कार्रवाइयों के कारण प्रथम छमाही में तीव्र गिरावट आने से वर्ष 2013-14 में लगभग 5.5 के परास में ही प्रत्याशित है, इसमें जो वृद्धि होगी वह वर्ष की द्वितीय, छमाही में ही आधारभूत प्रभावों में परिलक्षित होगी।

बैंक का कार्यनिष्पादन

- आपके बैंक का परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष 2011-12 में ₹ 6694 करोड़ था जो वित्तीय वर्ष 2012-13 में बढ़कर ₹ 7458.50 करोड़ हो गया, इस प्रकार इसमें 11.42% की ग्रोथ दर्ज की गई।
- वित्तीय 2012-13 में बैंक का निवल लाभ 2.69% बढ़ा। वर्ष 2011-12 में यह ₹ 2677 करोड़ था जो इस वर्ष में बढ़कर ₹ 2749 करोड़ हो गया। वर्ष 2012-13 में गैर-ब्याज आय में 13.39% संवृद्धि दर्ज की गयी, वर्ष 2011-12 में यह ₹ 3321 करोड़ थी जो इस वर्ष ₹ 3766 करोड़ हो गयी।
- वित्तीय वर्ष 2012-13 हेतु बैंक अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) वित्तीय वर्ष 2011-12 में ₹ 48.98 के निमित्त ₹ 47.79 रहा। प्रति शेयर बुक वैल्यू में सुधार हुआ। यथा 31 मार्च 2012 को यह ₹ 326.52 थी जो यथा 31 मार्च, 2013 को ₹ 362.37 करोड़ हो गयी।
- आय अनुपात में लागत में काफी कमी आयी। वित्तीय वर्ष 2011-12 में यह 42.47% थी जो वित्तीय वर्ष 2012-13 में घटकर 41.69% रह गयी।
- आपके बैंक की नेट वर्थ में भी इज़ाफा हुआ है। यथा 31 मार्च 2013 को यह बढ़कर ₹ 21621 करोड़ हो गई है जबकि यथा 31 मार्च, 2012 को यह ₹ 18759 करोड़ थी। पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) बासेल II के अनुसार यथा 31 मार्च, 2013 को 11.02% पर था।
- बैंक का ग्लोबल बिजनेस मिक्स यथा 31 मार्च, 2013 को ₹ 6,74,808 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया जबकि यह यथा 31 मार्च, 2012 को ₹ 5,69,710 करोड़ था, इसमें 18.45% की ग्रोथ दर्ज हुई।
- बैंक की कुल जमाराशियां भी यथा 31 मार्च, 2012 को ₹ 3,18,216 करोड़ से बढ़कर यथा 31 मार्च, 2013 को ₹ 3,81,840 करोड़ हो गयीं, इनमें 20% की वृद्धि हुई। बैंक के सकल अग्रिमों में 16.49 की बढ़ोतरी हुई है और ये ₹ 251,494 करोड़ से बढ़कर यथा 31 मार्च, 2013 को ₹ 2,92,968 करोड़ हो गए।
- कासा डिपॉजिट भी बढ़कर यथा 31 मार्च, 2013 को ₹ 93800 करोड़ हो गया और कासा अनुपात 32.79% था।
- बैंक के अन्तरराष्ट्रीय परिचालनों ने भी जमाराशियों में 26% और अग्रिमों में 21% की वर्ष-दर-वर्ष ग्रोथ के साथ बढ़िया कार्यनिष्पादन दर्ज किया है। वर्ष के दौरान बैंक ने लागत प्रभावशीलता और लाभ प्रदता के अनुरुप करोबार बढ़ाने का अभिन्न निर्णय लिया है।

मैं सहर्ष यह सूचित करती हूँ कि आपके बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इस वर्ष के लिए 10/- प्रति शेयर (100%) की दर से लाभांश घोषित किया है।

वित्तीय वर्ष 2012-2013 की पहलें

आपके बैंक ने कारोबारी ग्रोथ को तीव्र करने और ग्राहक सेवा को उत्कृष्ट बनाने के लिए अनेक पहलें की हैं। मुख्य बातें निम्नानुसार हैं :

- वर्ष 2012-13 के दौरान 15 मिलियन ग्राहकों को शामिल किया गया, इस प्रकार बैंक का कुल ग्राहक आधार 68 मिलियन हो गया।
- वर्ष 2012-13 के दौरान 292 शाखाएं खोली गयी जिससे स्वदेशी शाखाओं की कुल संख्या 4292 हो गयी। वर्ष 2012-13 के दौरान 453 नए एटीएम लगाए गए जिसके फलस्वरुप एटीएम की कुल संख्या यथा 31 मार्च, 2013 को 2133 हो गयी।
- आपका बैंक वित्तीय समावेशन की पहलों के कार्यान्वयन में आगे रहने वालों में है। वित्तीय समावेशन के लिए पुरज़ोर प्रयास करते हुए बैंक ने 80 लाख नो फ्रिल खाते खोले। बैंक ने 5,000 कारोबारी संपर्कियों को काम पर लगाया गया है। बैंक ने 11,300 गांवों में 100% वित्तीय समावेशन हासिल कर लिया है और बैंक के पास 150 लाख का यूआईडी नामांकन है।
- बैंक ने 10.09.2012 को तनजांनिया में एक और शाखा खोली है। सितम्बर, 2012 में युगांडा में अनुषंगी खोली गयी और जोहन्सबर्ग में प्रतिनिधि कार्यालय को शाखा के रुप में उन्नयन किया गया।
- बैंक की यह योजना है कि बोटस्वाना, कनाडा और बाज़ील में अनुषंगियां खोली जाएं और म्यांमार में प्रतिनिधि कार्यालय खोला जाय।
- बैंक ने निधियों के अंतरण के लिए इमर्जिंग अल्टरनेट डिलिवरी चैनल के रुप में मोबाइल के जरिए बैंकिंग (बीटीएम) की शुरुआत की। इस सुविधा के माध्यम में ग्राहक किसी भी समय और कहीं से भी निधियों को अन्तरित कर सकते हैं।
- बेहतर म्यूचुअल फंड्स प्रॉडेक्ट्स के साथ ग्राहकों की सेवा करने के विचार से आपके बैंक की यह योजना है कि आस्ति प्रबंधन कारोबार में पुनः प्रवेश किया जाय। इस दिशा में कदम बढाते हुए बैंक ने आस्ति प्रबंधन कारोबार के मार्केट लीडर अक्सा इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स के साथ संयुक्त उद्यम को अंतिम रुप दिया है।

मै बोर्ड के उन सभी निदेशकों जैसे कि श्री आलोक कुमार मिश्रा, बैंक के एक्स चेयरमेंन और मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा दिए गए मूल्यवान योगदान को भी कलमबंद करना चाहूंगी जो इस वर्ष के दारौन पद से निवृत्त हो गए हैं। बैंक को बोर्ड, भारतीय रिज़र्व बैंक और भारत सरकार से सहयोग और बहुमूल्य मार्गदर्शन मिलता रहा है। हमारे ग्राहकों और शेयरधारकों का हम पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। मैं अपने प्रतिबद्ध स्टाफ सदस्यों के सतत् प्रयासों को भी रिकार्ड में दर्ज करती हूं जिनके अथक प्रयासों के बिना इन उपलब्धियों का हासिल करना मुमकिन नहीं था, मैं बैंक की ओर से और साथ ही अपनी ओर से भी सभी शेयरधारकों को धन्यवाद देती हूं और यह प्रत्याशा रखती हूं कि उनका सतत् संरक्षण, मार्गदर्शन और सहयोग हमें मिलता रहेगा।

सादर,

(श्रीमती वी. आर. अय्यर)

दिनांकः 15 मई, 2013

निदेशक रिपोर्ट

कार्यनिष्पादन की मुख्य बातें

वित्तीय मानदण्ड

- परिचालनगत लाभ ₹ 7459 करोड़।
- शुद्ध लाभ ₹ 2749 करोड़। पिछले वर्ष की तुलना में 2.67% की वृद्धि दर्ज हुई।
- 31.03.2013 को एनआईएम 2.46 है।
- पूँजी पर्याप्तता अनुपात भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 10% की तुलना में 11.02% रहा।



- निवल मालियत ₹ 21621 करोड़। मार्च 2012 की तुलना में 15.26 % की वृद्धि हुई।
- प्रति शेयर बही मूल्य ₹ 362.37 (पिछले वर्ष ₹ 326.25)
- सकल अनर्जक आस्ति अनुपात 2.99%
- निवल अनर्जक आस्ति अनुपात 2.06%
- बैंक का कुल कारोबार (जमा + निवल अग्रिम) ₹ 674808 करोड़ पर जा पहुंचा। इस प्रकार इसमें ₹ 105098 करोड़ (18.45%) की वृद्धि दर्ज हुई। स्वदेशी कारोबार में 16.81% की वृद्धि हुई और यह ₹ 498103 करोड़ के स्तर पर जा पहुंचा।
- बैंक की कुल जमा राशियॉं ₹ 63624 करोड़ की वृद्धि के साथ ₹ 381840 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई अर्थात् 19.99% की वृद्धि हुई। स्वदेशी जमाराशियों में 18.35% की वृद्धि हुई और यह ₹ 294067 करोड़ के स्तर पर जा पहुँचा। स्वदेशी जमाओं में कम लागत वाली जमाओं का हिस्सा 32.79% है।
- सकल ऋण में 16.49% वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 292968 करोड़ को छूआ और स्वदेशी ऋण 14.66% की वृद्धि दर्ज के साथ ₹ 204036 करोड़ हुआ।
- शुद्ध समायोजित बैंक ऋण का 37.83% भाग प्राथमिकता क्षेत्र के उधार का रहा और शुद्ध समायोजित बैंक ऋण में कृषि ऋण का हिस्सा 15.47% रहा।
- एमएसएमई क्षेत्र का ऋण ₹ 30232 करोड़ से बढ़कर ₹ 37230 करोड़ हो गया, जिसमें 23.14 % की वृद्धि हुई।
- योजनाबद्ध खुदरा ऋण में 19.25% की वृद्धि हुई, जो ₹ 14677 करोड़ से बढ़कर ₹ 17502 करोड़ हो गया।



- निर्यात ऋण ₹ 1208 करोड़ की वृद्धि के साथ ₹ 9531 पर पहुंची अर्थात पिछले वर्ष की तुलना में 14.51% वृद्धि दर्ज हुई।
- आस्तियों पर प्रतिलाभ 0.65% है
- इक्विटी पर प्रतिलाभ 13.62% है।

नये उत्पाद एवं सेवाएं

- विदेशी केन्द्रों पर एनआरई/एनआरओ खाते खोलने के लिए एनआरई ग्राहकों के लिए वेलकम किट की शुरूआत।
- वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देश तथा सिफारिशों के अनुसार बैंक की कार्पोरेट वेबसाइट (अंग्रेजी) विकलांग व्यक्तियों के योग्य बनाई गई है।
- बैंक ने बचत बैंक पास बुक (होरिजेंटल फार्मेट) का नया फार्मेट प्रारंभ किया है, जो वर्तमान फार्मेट (वर्टिकल फार्मेट) जहाँ दो पृष्ठों पर विवरण मुद्रित होते हैं, उसकी तुलना में उसी पृष्ठ पर लेन-देन के विवरण मुद्रित होंगे।
- बीओआई नेट बैंकिंग यूजर के लिए नई सुविधाओं की शुरूआत की गई है। नामांकन सुविधा के साथ मीयादी जमा - स्टार सुनिधि कर बचत योजना प्रारंभ की गई है। बीओआई पीपीएफ खाता धारक अब ऑन लाइन जमा कर सकते हैं।
- स्वयं परिचालित बचत बैंक पास बुक प्रिंटिंग क्योस्क की शुरूआत की गई है।
- भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) की अपेक्षाओं के अनुसार बैंक पास बुक एवं खातों के विवरण पर हेल्प लाईन नंबर मुद्रित कर रहा है।
- डायमंड ग्राहकों को खाते का तिमाही समेकित विवरण पीडीएफ फार्मेट में ई मेल के माध्यम से भेजा जाता है।
- धोखाधड़ी निवारण के उपाय के रूप में एसएमएस अलर्ट - स्टार संदेश सर्जित किया जाता है और सभी ग्राहकों को जिन्होंने सभी डिलीवरी चैनल से (इंटरनेट बैंकिंग/एटीएम/पीओएस) सभी नामे लेन-देन, ₹ 25,000/- और उससे अधिक के सभी नामे समाशोधन लेन-देन, ग्राहक प्रवृत्त सभी नामे अंतरण एवं ₹ 10,000/- और उससे अधिक के नकद भुगतान, ₹ 10,000/- और उससे अधिक के सभी नामे ईसीएस लेन-देन, सभी नामे आरटीजीएस लेन-देन और चेक बुक जारी करने के निवेदन स्वीकार करने पर पावती के लिए जिन्होंने बैंक के पास मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड कराये हैं।

- इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड का उपयोग करने वालों के लिए हॉट लिस्टिंग/रिसेट/अनलॉक/नामे सह एटीएम कार्ड पिन बदलने की सुविधा।
- वार्षिक कर विवरण देखना (फार्म 26 ए एस)
- स्टार ई ट्रेड - ऑन लाईन शेयर ट्रेडिंग - गुप्ता इक्विटी के साथ एकीकरण।
- बैंक का नामे सह-एटीएम कार्ड रखने वाले ग्राहकों के लिए ऑन लाईन ई-भुगतान की सुविधा का विस्तार किया गया है इससे ग्राहक क्रेडिट कार्ड एवं इंटरनेट बैंकिंग खातों के अलावा अपने डेबिट कम एटीएम कार्ड का ई भुगतान के लिए उपयोग कर सकेंगे।
- डिलीवरी चैनल के नवीनतम विकल्प के रूप में मोबाइल बैंकिंग सुविधा आरंभ की गई है जो वस्तुतः ग्राहकों को किसी भी समय कहीं से भी मोबाइल फोन की सुविधा से बैंकिंग गतिविधियों को स्वीकार करती है। यह सुविधा सभी खुदरा इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों को दी गई है और इसमें जमा शेष पूछताछ, अंतिम पॉंच लेन-देन, चेक की स्थिति, निधि अंतरण एवं मोबाइल भुगतान जैसी विशेषताएं शामिल हैं।
- बैंकों के बीच स्टार कनेक्ट इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से आरटीजीएस/एनईएफटी के उपयोग से ऑन-लाईन निधि अंतरण।
- आटो-पे के लिए बीओआई स्टार ई भुगतान या विभिन्न उपयोगी सेवाओं/बिलों का ऑन-लाइन भुगतान।
- प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष, केन्द्रीय उत्पाद एवं सेवा कर के लिए ई भुगतान।
- शेयरों में व्यापार के लिए स्टार ई-शेयर व्यापार।
- ई-भाड़ा भुगतान।
- विदेशी व्यापार लाइसेंस फीस महानिदेशक (डीजीएफटी) का ऑन लाइन भुगतान।
- रेल्वे एवं हवाई जहाज की टिकटों की ऑन लाईन बुकिंग।
- शिक्षा ऋण के लिए ऑन लाइन आवेदन।
- किसी भी डीपीओ में खाता रखने वाले खुदरा इंटरनेट बैंकिंग ग्राहक द्वारा आईपीओ निर्गमों के लिए अवरूद्ध आवेदन की बोली सह आवेदन पत्र (आसवा) ऑन लाइन करने के लिए प्रावधान।
- बीओआई-बीटीएम (मोबाइल के माध्यम से बैंकिंग की शुरूआत)
- माइक्रो एटीएम एवं बायोमैट्रिक पिन प्रमाणीकरण के साथ **धन आधार कार्ड** आरंभ।
- सभी नो फ्रिल खाता धारकों के लिए व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर की शुरूआत।
- बैंक के वैकल्पिक डिलीवरी चैनल के रूप में बीओआई पेंशन आधार कार्ड, बीओआई प्रिविलेज इंटरनेशनल क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड और रुपये कार्ड की शुरूआत की है।
- अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए यूएस मुद्रा में विजा सम्बद्ध बीओआई इंटरनेशनल ट्रैवल कार्ड की शुरूआत की गई है।

कारोबार पहल

- वर्तमान में 33 अंचलों में 52 **ग्रामीण प्रसंस्करण केन्द्र** परिचालन में हैं।
- कृषि कारोबार के नये क्षेत्र में प्रवेश की खोज के लिए उत्पाद नवीनता कक्ष के गठन की योजना है।
- बैंक के सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कोर बैंकिंग सोल्यूशन में परिवर्तित कर दिए गए है और आरटीजीएस / एनईएफटी योग्य है।
- कारोबार संपर्की चैनल के लिए नकदी एवं तदरूपता बीमा की शुरूआत की गई है।
- ऋण की शीघ्र सुपुर्दगी के लिए 21 खुदरा कारोबार केंद्र परिचालन में हैं।
- बैंक ने स्टार विद्या शिक्षा ऋण, संपत्ति पर बीओआई स्टार ऋण, स्टार डायमंड होम लोन योजनाएं प्रारंभ की है।
- 50 अंचलों में कुल 100 एसएमई सिटी सेंटर कार्यरत है, ये केन्द्र टर्न अराउन्ड टाईम (टीएटी) घटाने में सहायक है।
- 51 अंचलो में सात मंडल प्रबंधकों द्वारा 42 मिड कार्पोरेट शाखाओं की निगरानी की जाती है।
- अच्छे ट्रैक रिकार्ड वाले एसएमई ग्राहकों को बढ़ावा देने के लिए बैंक ने डायमंड/प्लैटिनियम/ गोल्ड कस्टमर संकल्पना प्रारंभ की है।
- बैंक के मध्यम एवं लघु उद्यमों के लिए संमिश्र ऋण उत्पादन और सावधि ऋण उत्पाद प्रारंभ किए हैं। एसएमई उद्यमियों के लिए स्टार एसएमई कान्ट्रैक्टर क्रेडिट लाईन, स्टार एसएमई लिक्विड प्लस, स्टार एसएमई ऑटो एक्सप्रेस एण्ड एसएमई एज्यूकेशन प्लस ऋण योजनाएं प्रारंभ की है।
- 10 लार्ज कार्पोरेट शाखाओं की प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक द्वारा सीधे निगरानी की जाती है।
- अग्रणी प्रबंधन प्रणाली (सेल्स फोर्स आटोमेशन) पहल करने, ट्रैक रखने और निगरानी के लिए स्थापित की गई है और संतोषप्रद ढंग से कार्य कर रही है।
- बैंक द्वारा विभेदक ब्याज दर (डीआरआई) योजना के अंतर्गत उत्पादक प्रयासों के लिए कम आय वाले समूहों के लिए 4% की रियायती दर पर वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना कार्यान्वित की जा रही है। वर्ष के दौरान 18806 हिताधिकारियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।
- स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना (जीजेआरएचएफएस) के कार्यान्वयन के लिए बैंक सक्रिय रूप से जुड़ा है और राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा आबंटित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। जीजेआरएचएफएस के अंतर्गत बैंक ने वर्ष के दौरान 15302 मामले स्वीकृत किए है।
- बैंक वित्तीय समावेशन कार्यक्रम को, एक अभियान के रूप में बैंकिंग उत्पाद और सेवाएं उन सभी को प्रदान करने के लिए जो वर्तमान में इनसे वंचित हैं, कार्यान्वित करने के लिए सक्रिय है। अब तक वित्तीय समावेशन की प्राप्ति के लिए पहले कदम के रूप में नो फ्रिल खाते खोलना था और इस प्रकार बैंक ने वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान 79.83 लाख नो फ्रिल खाते खोले।
- बैंक हैंड हेल्ड डिवाइसेज और स्मार्ट कार्ड का उपयोग करके शुरू से अंत तक के आधार पर आईटी सोल्यूशन भी कार्यान्वित कर रहा है। बैंक ने 11.87 लाख स्मार्ट कार्ड जारी किए है/के सदस्य बनाये हैं।
- **परियोजना वित्त और सिंडिकेशन ग्रुप :** यह टेकनीकल मूल्यांकन, हामीदारी और ऋणत्व सिंडिकेशन का असाइनमेंट लेता है। वित्तीय वर्ष 2012-13 की वित्तीय समाप्ति पर परियोजना लागत ₹ 14018 करोड़ और सिंडिकेट ऋण ₹ 6905 करोड़ था।
- नवीनतम वैकल्पिक चैनल के रूप में मोबाइल बैंकिंग सुविधा की शुरूआत की गई है, जो ग्राहकों को वस्तुतः किसी भी समय और कहीं से भी मोबाइल फोन से बैंकिंग कार्य-कलाप कर सकते है। यह सुविधा सभी खुदरा इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों को दी गई है और इसमें जमाशेष की पूछताछ, अंतिम पाँच संव्यवहार, चेक की स्थिति, निधि अंतरण एवं मोबाइल भुगतान की विशेषताएं शामिल है।
- एनाआरआई ग्राहकों से संबंधित कुछ गतिविधियों को केन्द्रीकृत करने के लिए ग्लोबल रेमिटेंस सेंटर स्थापित की गई जिससे टर्न अराउंड टाइम तथा उत्पाद डिलिवरी त्वरित हो सके तथा सक्रिय विपणन रणनीतियां और शिकायत निवारण तंत्र सक्षम हो सके ।

पुरस्कार एवं प्रशंसाएं

- भारत सरकार के यूएआईडी कार्यक्रम के लिए बैंक को राजस्थान के समीप डोडू गांव में प्रधान मंत्री के कर कमलों द्वारा आधार में श्रेष्ठता के लिए सर्वोत्तम बैंक का पुरस्कार दिया गया।
- "श्रेष्ठ शिक्षा ऋण" प्रदाता के लिए बैंक को "आउटलुकमनी अवार्ड 2012" दिया गया।
- बैंक को इकानॉमिक टाइम्स ने सर्वाधिक विश्वसनीय ब्रान्ड का द्वितीय पुरस्कार दिया।
- पश्चिम अंचल में पीएमईजीपी योजना के कार्यान्वयन के लिए बैंक को नेशनल अवार्ड 2011 प्रदान किया गया।
- माइक्रो इंटरप्राइज को उधार देने के कार्य निष्पादन के आधार पर एमएसएमई मिनिस्ट्री दिल्ली ने बैंक को दूसरा पुरस्कार प्रदान किया।
- बैंक को श्रेष्ठ कारोबार समर्थनीय वर्ग में आईबीए से इंटरनेशनल बैंकिंग टेक्नॉलाजी अवार्ड 2010 में विनर्स अवार्ड प्राप्त हुआ।

वित्तीय समीक्षा

वित्तीय कार्य-निष्पादन

बैंक ने ₹ 7458 करोड़ का परिचालन लाभ दर्ज किया (पिछले वर्ष ₹ 6694 करोड़).

निवल लाभ ₹ 2749 करोड़ रहा। (पिछले वर्ष ₹ 2678 करोड़)

मिश्र कारोबार में 18.45% (₹ 569710 करोड़ से ₹ 674807 करोड़) के सुदृढ़ कारोबार वृद्धि के कारण निवल ब्याज आय में 8.55% की वृद्धि हुई। गैर-ब्याज आय में 13.37% की वृद्धि हुई और पिछले वर्ष के 67.23% की तुलना में परिचालनगत 70.64% व्यय कवर हुआ।

वर्ष 2012-13 के दौरान बैंक के वित्तीय कार्य-निष्पादन का सारांश निम्नलिखित है :

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	2011-12	2012-13	वृद्धि (%)
निवल ब्याज आय	8,313.43	9024.00	8.55%
गैर ब्याज आय	3,321.77	3766.04	13.37%
परिचालन व्यय	4,940.66	5331.55	7.92%
परिचालन लाभ	6,693.95	7458.50	11.41%
प्रावधान/आकस्मिकताएं	4,016.43	4709.15	17.24%
निवल लाभ	2,677.52	2749.35	2.67%
प्रति शेयर अर्जन (₹)	48.98	47.79	-2.43%
प्रति शेयर बही मूल्य (₹)	326.52	362.37	10.98%
औसत निवल मालियत पर प्रतिलाभ (%)	15.63	13.62	
औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ (%)	0.72	0.65	

कुछ वित्तीय अनुपात नीचे प्रस्तुत किए गए है : (प्रतिशत) (%)

मानदण्ड	2011-12	2012-13
अग्रिम पर आय	9.38	8.87
निवेश पर आय	7.69	7.81
निधियों पर आय	7.88	7.67
जमा राशियों की लागत	6.01	5.94
निधियों की लागत	5.58	5.50
निवल ब्याज मार्जिन (तिमाही)	2.86	2.46
निवल ब्याज मार्जिन (वार्षिक)	2.52	2.38
परिचालन व्ययों के प्रति गैर ब्याज आय	67.22	70.64
औसत कार्यशील निधि के प्रति अन्य आय	0.92	0.90
औसत कार्यशील निधि के प्रति परिचालन व्यय	1.37	1.28
औसत कार्यशील निधि के प्रति स्टाफ व्यय	0.84	0.75
औसत कार्यशील निधि के प्रति अन्य परिचालन व्यय	0.52	0.53
आस्ति उपयोग अनुपात	1.85	1.79
कुल आय के प्रति गैर ब्याज आय	10.44	10.56
निवल आय के प्रति गैर ब्याज आय	28.55	29.45
कुल आय के प्रति लागत	42.47	41.69

खण्डवार कार्य-निष्पादन

वर्ष 2012-13 के दौरान बैंक ने ₹ 7458 करोड़ का परिचालन लाभ अर्जित किया है। इसमें कोषागार का योगदान ₹ 1222 करोड़ का रहा और अन्य बैंकिंग परिचालन से ₹ 6236 करोड़ का लाभ अर्जित किया। वर्ष 2012-13 में अविनोज्य व्यय, अविनोज्य आय को कम कर ₹ 223 करोड़ रहा।

लाभांश

वर्ष के लिए ₹ 10 प्रति शेयर (100%) की दर से लाभांश घोषित किया गया (विगत वर्ष ₹ 7 प्रति शेयर)। कुल लाभांश भुगतान की राशि ₹ 697.09 करोड़ है (लाभांश वितरण कर सहित)।

पूंजी

2012-13 में समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक की निवल मालियत ₹ 18759 करोड़ से बढ़कर ₹ 21621 करोड़ हो गई. वर्ष के दौरान बैंक ने ₹ 365.70 मूल्य के प्रत्येक ₹ 10 के कुल ₹ 809 करोड़ के 22121957 इक्विटि शेयर भारत सरकार को जारी किए।

पूंजी पर्याप्तता

बासेल II फ्रेमवर्क के अनुसार वर्ष के दौरान पूंजी पर्याप्तता अनुपात 11.02% रहा जो कि नियामक आवश्यकता 10% से उच्चतर था।

पूंजी पर्याप्तता के विवरण(बासेल II) निम्नानुसार दर्शाए गए हैं :

(₹ करोड़ में)

विवरण (बासल II के अंतर्गत)	31.03.2012		31.03.2013	
	राशि	सीआरएआर (%)	राशि	सीआरएआर (%)
टियर I पूंजी	20,230	8.59	23,019	8.20
टियर II पूंजी	7,916	3.36	7,916	2.82
कुल पूंजी	28,147	11.95	30,935	11.02
जोखिम भारित आस्तियॉं	2,35,466	------	280,637	---------

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

वैश्विक आर्थिक परिदृश्य :

मौजूदा परिदृश्य में, उभरते हुए मार्केट और विकासशील देश अर्थव्यवस्थाएं अच्छा कार्यनिष्पादन कर रही हैं किंतु उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में यूनाइटेड स्टेट्स और यूरो एरिया में दो फाड़ पनपती दिख रही हैं और वे विभिन्न भविष्य वाणियों में परावर्तित भी रही है। वर्ष 2013 में उभरते बाजारों और विकासशील देशों में ग्रोथ 5.3 प्रतिशत थी और यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वह वर्ष 2014 में 5.7 प्रतिशत पर पहुँच जाएगी जबकि फाइनल डाटा निकाले जाने पर यूनाइटेड स्टेट में वह 2013 में 1.9 प्रतिशत होनी प्रत्याशित है और यह माना जा रहा है कि 2014 में 3.0 प्रतिशत रहेगी। इसके विपरीत, यूरो एरिया में ग्रोथ में -0.3 प्रतिशत और 2014 में 1.1 प्रतिशत है।

यूरो एरिया में नकारात्मक ग्रोथ की यह भविष्य वाणी न केवल बाहरी सतह की कमजोरी में ही परिलक्षित नहीं हो रही है अपितु अदरुनी भाग (कोर) की कमजोरी में भी देखी जा सकती है। अवमूल्यन की प्रक्रिया चल रही है और इन देशों में से अधिकांश देश और प्रतिस्पर्धात्मक होते जा रहे हैं, एक्सटरनल मांग उतनी ज्यादा नहीं है, वह केवल कमजोर आंतरिक मांग की भरपाई करने के लिए पर्याप्त है। यूरो एरिया में, विगत वर्ष के ऊपर संस्थागत प्रगति, विशेष रुप से बैंकिंग यूनियन हेतु रोड मैप सृजित करने के लिए हुई है। यूरोपीयन सेंट्रल बैंक द्वारा प्रस्तुत किए गए एकमुश्त मौद्रिक संव्यवहार कार्यक्रम ने (आउटरैट मौनेटरी ट्रॉन्जैक्शन प्रोगाम) बचे हुए जोखिमों को कम कर दिया है। परिफरी देशों में उधारकर्ताओं द्वारा दी जा रही ब्याज दरें वसूली को संरक्षित करने के लिए बहुत ही ज्यादा है और बैंकों की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है।

उभरते बाजार की आर्थिक व्यवस्थाएं तरह-तरह की चुनौतियों का सामना कर रही हैं और उनमें से एक चुनौती पूंजी प्रवाह को हैंडल करना है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में कम ब्याज दर के साथ, उभरते बाजारों को अर्थव्यवस्थाओं में आधारभूत रुप से आकर्षक संभावनाएं उभरते हुए बाजारों की अर्थव्यवस्थाओं में निवल पूँजी अन्तर्वाह और विनिमय दर दबावों को जारी रखने का कारण बन सकते हैं। पूँजी प्रवाहों में उतार-चढ़ाव आ सकता है। समष्टि आर्थिक प्रबंधन और ज्यादा कठिन हो सकता है। प्राप्तकर्ता देशों हेतु यह चुनौती है कि उस स्थिति में पूँजी प्रवाहों के उतार चढ़ाव को कम किया जाय जब वे समष्टि और वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा हों। संक्षेप में हम यह कह सकते हैं कि यूनाइटेड स्टेट्स के बारे में हालिया अच्छी खबरें, दो के बीच अंत संबंधों को मजबूती देते हुए, यूरो एरिया के बारे में नवीकृत चिंताओं के साथ आई है।

2013-14 के लिए आउटलुक

वैश्विक संभावनाएं फिर से सुधर गई है किंतु अग्रिम अर्थव्यवस्थाओं में वसूली का रास्ता कठिन हो रहेगा। 2013 में, वर्ल्ड आउटपुट ग्रोथ - $3^1/_4$ प्रतिशत थी और यह प्रत्याशित है कि वह 2014 में 4 प्रतिशत पर पहुँच जाएगी। बड़ी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में, गतिविधि की 2013 तक धीमी गति से चलते हुए धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ेगी। उन्नत अर्थव्यवथा के नीति निर्माताओं ने वैश्विक वसूली के सबसे बड़े दो खतरों, यूरो एरिया का ब्रेकअप और ''फिस्कल क्लिप'' उछाल के कारण यूनाइटेड स्टेट्स में तीव्र राजकोषीय संकुचन, को सफलतापूर्वक खत्म कर दिया है।

अल्पावधि में, जोखिम मुख्य रुप से साइप्रस और इटली की घटनाओं से आयी गिरावट के अनिश्चितता व परीफरी में अति संवेदनशीलताओं सहित यूरो की उद्घटनाओं से सम्बन्धित है। मध्यावधि में, जो प्रमुख जोखिम होंगे वे यूरो एरिया में अपर्याप्त संस्थागत सुधारों और लम्बी स्थिरता व यूनाइटेड स्टेट्स और जापान में उच्च राजकोषीय घाटों और कर्ज की वजह से होंगे। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में, उपयुक्त समष्टि आर्थिक दृष्टिकोण क्रमिक ही रहेगा किन्तु सतत् राजकोषीय समायोजन और मौद्रिक निभावयुक्त मौद्रिक पॉलिसी आन्तरिक मांग को सपोर्ट करने पर लक्षित रहेगी। यूनाइटेड स्टेट्स और जापान को अभी भी मजबूत मध्यावधि राजकोषीय समेकन योजनाएं बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने की आवश्यकता है। उभरते बाजारों में और विकासशील देशों में, नीतियों को थोड़ा कड़ा करना समुचित प्रतीत होता है। यह वठोरता विवेकपूर्ण उपायों से समर्थित मौद्रिक पॉलिसी के साथ शुरु होनी चाहिए।

घरेलू आर्थिक परिदृश्य

केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (सीएसओ) के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था 2012-13 में 5.00 प्रतिशत की दर से बढ़ी। यह ग्रोथ न केवल हालिया विगत समय की तुलना में अपितु 2003-04 में देखे गए ग्रोथ ट्रेन्ड के सन्दर्भ में कम ही है। वर्ष 2012-13 में आर्थिक ग्रोथ में यह स्लोडाउन मुख्य रुप से औद्योगिक सेक्टर, के हो 2011-12 में 3.5 प्रतिशत की तुलना में 2012-13 में 3.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी और कृषि सेक्टर में 1.8 प्रतिशत की न्यूनतर दर के कारण है सर्विस सेक्टर भी 2012-13 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा। उसकी यह दर भी वर्ष 2011-12 में हासिल की गई दर से कम है। 2011-12 और 2012-13 की यह स्लोडाउन घरेलू व वैश्विक तत्वों की वजह से आया है। मौद्रिक पॉलिसी की वठोरता सहित घरेलू तत्वों ने विशेष रुप से औद्योगिक क्षेत्र में निदेश और संवृद्धि को धीमा कर दिया है।

घरेलू फ्रंट पर, मुद्रास्फीति 2011-12 में प्रचलित उच्चतर स्तरों के सम्मुख 2012-13 में कम हो गई। अलबत्ता, पॉलिसी रेट्स में पर्याप्त कटौती करने के लिए आरबीआई के अपेक्षित लचीलेपन को नकारते हुए, गिरावट की गति धीमी पड़ गयी है, यह अपेक्षा की जा रही है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2012-12 में 5 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2013-14 में 5.7 प्रतिशत की दर से ग्रोथ दर्ज करेगी। इसके अलावा, वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सुधार की प्रत्याशाओं के साथ हाल ही में किए गए सुधारात्मक उपायों से 2013-14 में ग्रोथ को फिर से प्राप्ति की संभावना है।

राजकोषीय घाटा फ्रंट पर, सरकार जीडीपी के 5.3% के राजकोषीय समेकन लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध है। अलबत्ता परिशोधित इस्टेमेंट ने वित्तीय वर्ष 2012-13 में वित्तीय घाटे को 5.2% पर रोक दिया था। ऐसा योजना व्यय में कटौती के द्वारा हो पाया जबकि उधार संबंधी कार्यक्रम भी 5.75 लाख करोड़ के बजटीय घाटे के सम्मुख 2012-13 के लिए 5.59 लाख करोड़ के निम्नतर स्तर पर था। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए 4.8% के राजकोषीय घाटे को लक्ष्य रखा है।

अलबत्ता, बढ़ता हुआ चालू खाता घाटा चिंता का विषय है। वर्ष 2012-13 की तीसरी तिमाही के दौरान यह जीडीपी का 6.7% का आयातों की तुलना में निर्यातों में तेजी से आयी गिरावट ने घाटे को और बढ़ाया है। सीएडी वित्तीय वर्ष 2013-14 में 6% को छू सकता है। तेल और अन्य पण्यों की कीमतों में आयी गिरावट आगामी वित्तीय वर्ष के करन्ट अकाउन्ट घाटे को कम कर सकती है। तेल और पण्यों की कीमतों में आयी गिरावट के कारण और भी कमी आने की सम्भावना है।

सरकार द्वारा किए गए हालिया सुधारात्मक उपायों ने विचारों को उलटना शुरु कर दिया है। सरकार ने ईंधन की सब्सिडीज् को कम करके और निरन्तर आधार पर सार्वजनिक उद्यमों में स्टेक की बिक्री करके राजकोषीय समेकन के प्रति लम्बे समय से प्रत्याशित उपाय किए हैं। इसके आगे यह भी कि रिटेल, इंश्योरेंस और पेंशन सेस्टर में एफडीआई में वृद्धि करने के उपायों को बेहत्तर पूँजी प्रवाहों का योगदान देना चाहिए।

मुद्रास्फीति भी गिरती हुए ट्रेंड पर है। अप्रैल, 2013 में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति 4.9% थी जो आरबीआई के 5% के लक्ष्य से कम है। अप्रैल, 2013 में सीपीआई मुद्रास्फिति भी कम ही थी। यह मार्च के 9.36% से 100 बेसिस पॉइन्ट कम थी। हालांकि र्इंधन की कीमतों में वृद्धि के मध्यम प्रभाव के कारण जनवरी, 2013 के महीने हेतु डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में काफी ऊर्ध्वगामी परिशोधित हुए थे तथापि उत्तरवर्ती महीने के आंकडें खाद्यवस्तुओं को कीमतों में वृद्धि के प्रभाव के कारण केवल साधारण परिशोधन रुप में देखे जा सकते हैं। अलबत्ता, वित्तीय वर्ष 2012-13 में सबसे बड़ी औद्योगिक ग्रोथ है जो एकदम 1% पर आ गयी।

वित्तीय वर्ष 2013-14 हेतु आउटलुक

यह प्रत्याशा की जा रही है कि 2013-14 हेतु ग्रोथ संबंधी सम्भावनाएं 2012-13 की तुलना में बेहतर रहेंगी। अलबत्ता, 2013-14 के ग्रोथ संबंधी इस्टीमेट्स पर विभिन्न विचारकों के बीच काफी भिन्नता है। आईएमएफ और प्राइवेट अर्थशास्त्री यह कहते हैं कि वर्ष 2013-14 में ग्रोथ रेट 5.7-5.8% होगी जबकि पीएमईएसी (प्रधानमंत्री की

आर्थिक परामर्श परिषद) का यह मानना है कि इस वर्ष के दौरान भारत 6.4% की दर से विकास करेगा। उनकी यह अवधारणा कृषि, उद्योग और सेवा खंड़ों में प्राक्कलित की गयी उन्नत विकास की संभावनाओं पर आधारित है।

एशियन विकास बैंक (एडीबी) ने यह उल्लेख किया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 6 प्रतिशत की उन्नत दर पर संवृद्धि कर सकती है बशर्ते कि संरचनात्मक अड़चनों को निराकरण करके, विगत होती हुई निवेश की स्थिति को काबू में करते हुए और बिगड़ने हुए चालू खाता धारा (सीएडी) को रोकते हुए तीव्र गति से सुधारों को लागू किया जाए।

नॉर्मल मानसून 2013-14 में 3.5 प्रतिशत के प्रवृत्ति दर से ऊपर कृषि संबंधी जीडीपी ग्रोथ को बढ़ाएगा। मुद्रास्फीति की कमी के साथ आरबीआई वर्ष 2013-14 के दौरान ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइन्ट की कमी कर सकता है। सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं और ग्रामीण विकास पर उच्चतर व्ययों के रुप में सरकारी व्ययों में संभावी वृद्धि आने वाले आम चुनावों द्वारा संचलित होगी। सरकार द्वारा बढ़ाया गया व्यय, न्यूनतर ब्याज दरें मुद्रास्फीति मॉडरेशन और उच्च कृषि संबंधी आय घरेलू फायदे संबंधी सेक्टरों जैसे टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं, होटल और रेस्टारोन्टों एवं वित्तीय सेवाओं के व्ययों में इज़ाफा करेंगे। इसके आगे यह भी कि बढी हुई एक्सटरनल डिमांड भारत के निर्यातों, विशेषरुप से आईटी/आईटीज़् सेक्टर को बढ़ाएगी।

नार्मल मानसून की वापसी, रुपये की मजबूती और कच्चे तेल के मूल्यों में कमी के कारण वर्ष 2012-13 के लिए 7 प्रतिशत के पूर्वानुमान की तुलना में उच्च उपभोक्ता ग्रोथ के बावजूद वर्ष 2013-14 में औसत डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फिति 6 प्रतिशत से कम रहने का पूर्वानुमान है। वर्ष 2013-14 के लिए सकल देशी उत्पाद में वृद्धि (जीडीपी) का पूर्वानुमान अधोमुखी जोखिम, 2013 में मानसून की असफलता से प्रभावित होगा और वैश्विक आर्थिक संभावना बिगड़ सकती है।

बैंकिंग उद्योग- विकास दृष्टिकोण

भारतीय अर्थव्यवस्था का कार्य-निष्पादन बैंकिंग उद्योग के विकास के लिए मजबूत चालक है और इसके विपरीत भी है तथा 8.1 प्रतिशत के औसत जीडीपी से 2011-16 के आगे तक बैंकिंग क्षेत्र के विस्तार को सुविधा मिलेगी। मौद्रिक स्थिरता लाने में सरकारी नीतियां भी लाभ दायक होंगी और आर्थिक वैश्विक या राजनीतिक हलचलों से रक्षा करेंगी। बैंकिंग क्षेत्र ने 2010 से आगे बाजार में उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन किया है। भारत में पर कैपिटा आय बढ़ने से बैंकिंग क्षेत्र में तेजी की उम्मीद है। देश के उपार्जन में वृद्धि के साथ बैंकिंग सेवा का उपयोग करने वाली आम जनता की संख्या बढ़ेगी।

वर्ष 2012-13 की प्रथम तिमाही के दौरान मुद्राआपूर्ति (एम3) ग्रोथ लगभग 14.0 था किन्तु उसके बाद सावधि जमा राशियां धीमी हो जाने से दिसंबर के अंत तक 11.2 प्रतिशत नीचे आ गया। चौथी तिमाही में जमा संग्रहण में कुछ उछाल था । मार्च की समाप्ति तक जमा राशि में 14.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। फलस्वरुप मार्च 2013 की समाप्ति तक एम3 ग्रोथ 13.3 प्रतिशत पहुंच गया, जो 13.0 प्रतिशत के संशोधित निर्देशात्मक ट्रैजेक्टरी से थोड़ा सा ऊपर है। वर्ष 2013-14 में बैंकिंग उद्योग के लिए गैर-खाद्य ऋण 15% और जमाराशि वृद्धि वर्ष दर वर्ष आधार पर 14% पूर्वानुमानित है।

गैर-खाद्यान्न ऋण वर्ष 2012-13 की शुरुआत के 18.2 प्रतिशत से नीचे आ गया और वर्ष दर वर्ष के आधार पर अधिकांश हिस्से में जमा राशि ग्रोथ 16.0% के करीब रहा। मार्च 2013 तक गैर-खाद्यान्न ऋण वृद्धि 14.0 प्रतिशत तक नीचे आ गई जो 16.0 प्रतिशत के निर्देशात्मक पूर्वानुमान से कम है और कुछ जोखिम निवारण तथा मन्द मांग प्रदर्शित करती है। यद्यपि भारतीय रिज़र्व बैंक के ऋण स्थिति सर्वेक्षण सम्पूर्ण ऋण स्थिति को सहज बताते हैं। 2012-13 की चौथी तिमाही में कुछ क्षेत्रों जैसे कि धातु, निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कमर्शियल रियल इस्टेट, केमिकल्स और वित्त को कड़ा कर दिया गया था।

वर्ष 2012-13 में नीति रेपो रेट और नकदी आरक्षित अनुपात (सीआरआर) घटाने के सामंजस्य से सावधि जमा दर 11 बेसिस प्वाइंट (बीपीएस) और आधार दर 50 बीपीएस घट गई। हालांकि सावधि जमा ब्याज दर में गिरावट अधिकतर पहली छमाही में हुई। आधार दर 50 बीपीएस से 10.25 प्रतिशत तक मुलायम रही। 2012-13 पहली तिमाही और चौथी तिमाही के दौरान प्रत्येक में 25 बीपीएस दो कदम औसत रही। चौथी तिमाही में 39 बैंकों ने अपनी आधार दर को 5-75 बीपीएस की रेंज में घटा दिया। 2012-13 (फरवरी तक) के दौरान बैंकों की भारित औसत उधार दर 36 बीपीएस से 12.17 प्रतिशत तक घट गई।

चलनिधि वर्ष भर दबाव में बनी रही क्योंकि भारतीय रिज़र्व बैंक के पास लगातार उच्च सरकारी नकदी शेष रहा और अधिकतर वर्ष जमा अनुपात के लिए वृद्धिशील ऋण को उन्नत किया। वर्ष की प्रथम छमाही में दैनिक समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अंतर्गत निवल औसत चल निधि का अन्तःक्षेपण ₹ 730 बिलियन से दूसरी छमाही के दौरान महत्वपूर्ण रुप से ₹ 1,012 बिलियन बढ़ा। चलनिधि दबाव कम करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष के दौरान एससीबीज के सीआरआर को संचयी रुप से तीन बार 75 बीपीएस तक और सांविधिक चल निधि अनुपात (एसएलआर) को 100 बीपीएस तक कम किया। इसके अतिरिक्त भारतीय रिज़र्व बैंक ने ओपेन मार्केट आपरेशन (ओएमओ) के माध्यम से बोली खरीदकर ₹ 1,546 बिलियन की चलनिधि अन्तःक्षेपण की। एलएएफ के तहत चलनिधि का निवल अन्तःक्षेपण, जो 28 मार्च 2013 को ₹ 1,808 बिलियन की ऊंचाई तक पहुंच गया था वर्ष के अंत की मांग को दर्शाता है, अप्रैल 2013 के अंत तक तेजी से ₹ 842 बिलियन तक नीचे आ गया।

वित्तीय समावेशन एक अन्य क्षेत्र है जहां बैंक को मुख्य भूमिका अदा करनी होगी। 2011 में विश्व बैंक द्वारा किए गए सर्वेक्षण से पता चला कि भारत में सभी व्यस्कों में से केवल 35% का विधिवत बैंकिंग संस्थान में बैंक खाता था, जबकि अल्प आय क्वान्टाइल में यह आंकड़ा 21 प्रतिशत रहा है। यह व्यापक संभावना का मार्ग प्रशस्त करता है। देश की वित्तीय संस्थानों को भावी वृद्धि के लिए शक्ति देता हैं। इसके अलावा भारतीय रिज़र्व बैंक की नीतियां वित्तीय समावेशन को प्राथमिकता देती है। इन खुले अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। भारत सरकार ने बैंकों को सूचित किया है कि 2000 से अधिक की आबादी वाले गांवों में कम से कम एक शाखा खोली जाए और परिधीय गाँव भी कवर किए जाएं। बैंकों को चाहिए कि बोर्ड अनुमोदित वित्तीय समावेशन प्लान (एफआईपी) बनायें, जिसके कार्यान्वयन की निगरानी भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा की जाएगी।

भारत सरकार का इसके अतिरिक्त वित्तीय समावेशन के लिए एटीएम स्थापित करना और मोबाइल/ऑन लाइन बेंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इसके अलावा विशेषज्ञों का सुझाव है कि आने वाले दशक में 5 गुना एटीएम बढ़ाने की आवश्यकता है। भारत में 900 मिलियन मोबाइल कनेक्शनों के साथ मोबाइल बैंकिंग भी अप्रयुक्त है और केवल 400 मिलियन बैंक खाते हैं। भारतीय बैंकिंग उद्योग के लिए ये क्षेत्र विविध अवसरों के लिए खुले हैं।

यद्यपि भारत में कुछ चुनौतियों हैं, जिनका बैंक सामना कर रहे हैं। वे बासल - III के अनुपालन के लिए पूंजी बढ़ा रहे हैं, आस्ति गुणवत्ता मामले और बढ़ते पुनर्संरचना मामले, साथ ही साथ मानव संसाधन मामले हैं। एमकिनसे रिपोर्ट का सुझाव है कि भारत के बैंकों को कोर और विशेषज्ञ कौशल दोनों के साथ कर्मचारी भर्ती करने चाहिए और विशेष रुप से जूनियर लेवल पर संनिघर्षण की आवश्यकता है। नॉन प्राइवेट भारतीय बैंक उत्पादकता सुधार से बहुत ही फायदे में रहेंगे, जैसे कि संस्थाओं की इंजिनियरिंग, ज्ञान प्रक्रिया, टेक्नॉलाजी का बेहतर उपयोग और औद्योगिक स्तर की उपयोगिताएं।

कारोबार समीक्षा

जमाराशियां

वर्ष के दौरान 19.99% वृद्धि दर्ज करते हुए बैंक की जमाराशियों में ₹ 63624 करोड़ से ₹ 381840 करोड़ की वृद्धि हुई। घरेलू जमाराशियों में ₹ 45592 करोड़ की वृद्धि हुई या पिछले वर्ष से 18.35% अधिक।

बैंक की अनिवासी जमाराशियां ₹ 16,688 करोड़ रही जो सकल घरेलू जमाराशियों का 5.67% हिस्सा बनती हैं।



बचत बैंक जमाराशियों में 16.04% वृद्धि हुई तथा चालू जमाराशि में प्रगति 12.01% रही। कुल घरेलू जमाराशियों में एवं चालू जमाराशियों को शामिल करते हुए कम लागत वाली जमाराशियों का शेयर 32.79% है।

घरेलू जमाराशियों का 12% ग्रामीण क्षेत्र से आने से 13% अर्द्धशहरी क्षेत्रों से आने से 19% शहरी क्षेत्रों एवं 56% महानगरीय क्षेत्रों से आने से विविध जमाराशियों का अच्छा आधार है। 31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार, बैंक का कुल ग्राहक आधार 65.11 मिलियन है जिसमें 60.38 मिलियन जमाकर्ता तथा 4.73 मिलियन उधारकर्ता हैं।

अग्रिम

बैंक के सकल देशी ऋण ने 31.03.2013 को ₹ 177950 करोड़ से ₹ 204036 करोड़ तक 14.66% की वृद्धि दर्शायी है। पिछले वर्ष वृद्धि दर 7.75% थी। लार्ज कार्पोरेट/मिड कार्पोरेट, एसएमई तथा कृषि द्वारा संतुलित स्वीकृति/संवितरण से यह वृद्धि हुई।

बृहद कार्पोरेट पोर्टफोलियों के अंतर्गत बैंक ने 115 नए ग्राहक एवं खाते जोड़े। 10 बृहद कार्पोरेट बैंकिंग शाखाएं, 42 मिड कार्पोरेट शाखाएं और 4344 स्वदेशी ओवरसीज़ शाखाएं, कार्पोरेट उधारकर्ताओं/ निर्यातकों की विशिष्टिकृत ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति करती रही।



आधारभूत वित्त

वर्ष के दौरान बैंक ने उर्जा निर्माण, दूर संचार, बंदरगाह, सड़के, निर्माण ठेकेदार आदि के अंतर्गत ₹ 11,225 करोड़ की निधि आधारित सीमाएं एवं ₹ 2,466 करोड़ की गैर निधि आधारित सीमाएं मंजूर की।

निर्यात ऋण

देशी मुद्रा तथा साथ ही साथ विदेशी मुद्रा में निर्यातक तथा आयातक ग्राहकों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति में बैंक अत्यधिक सक्रिय रहा। देश में बैंक की 215 शाखाएं विदेशी विनिमय कारोबार तथा आयातकों एवं निर्यातकों की ऋण/विदेशी विनियम आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए अधिकृत हैं। बैंक के निर्यात ऋण में ₹ 1208 करोड़ की वृद्धि हुई अर्थात मार्च 2012 के ऊपर 14.51% वृद्धि एवं 31 मार्च, 2013 को ₹ 9531 करोड़ के स्तर पर पहुँच गया। निवल समायोजित बैंक ऋण में 31 मार्च, 2013 को निर्यात ऋण का हिस्सा 5.34% था।

निर्यातक एवं गैर निर्यातकों की वित्तीय आवश्यकताएं बैंक की समुद्रपारीय शाखाओं तथा देशी शाखाओं के विदेशी मुद्रा ऋण से ईसीबी के द्वारा पूर्ण की गयी। 31.03.2013 तक इस तरह के अग्रिम की कुल राशि यूएसडी 2203 मिलियन, (ईसीबी यूएसडी 1608 मिलियन तथा विदेशी मुद्रा ऋण यूएसडी 595 मिलियन को मिलाकर जो ₹ 11,962 करोड़) के समकक्ष है। बैंक ने पोतलदानपूर्व एवं पोतलदान पश्चात ऋण को विदेशी मुद्रा में प्रदान किया तथा 31.03.2013 तक बकाया राशि यूएसडी 550 मिलियन है (₹ 3014 करोड़ के समकक्ष)

होलसेल एवं इंटरनेशनल बैंकिंग ग्रुप

बृहद कार्पोरेट

31.03.2013 को कुल अग्रिमों में बृहद कार्पोरेट संभाग का 48% हिस्सा है। इस महत्वपूर्ण संभाग में ऋण 31.03.2012 के ₹ 89257 करोड़ से बढ़कर 31.03.2013 में ₹ 98801 करोड़ हो गया।

"संकल्प 10,000" के कार्यान्वयन से बृहद कारपोरेट क्रेडिट सेट-अप को निम्नलिखित के लिए पुनः डिज़ाइन किया गया है:

- अलग बृहद कार्पोरेट वर्टिकल का ₹ 500 करोड़ से अधिक की ब्रिकी टर्नओवर वाले और ₹ 100 करोड़ से अधिक परियोजना लागत वाले बृहद कार्पोरेट की आवश्यकताओं के निर्वाह के लिए सृजित किया गया है। अधिक संकेन्द्रित ध्यान देने एवं टर्न अराउंड समय को कम करने के लिए प्रत्येक एलसीबी में ऋण प्रसंस्करण केन्द्र का गठन किया गया है, जो शीघ्र प्रधान कार्यालय को रिपोर्ट करते है। 10 लार्ज कार्पोरेट शाखाएं लार्ज कार्पोरेट ग्राहकों की जरूरतों को प्रमुख कारोबार केन्द्रों जैसे कि मुंबई, नई दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद, बैंगलोर, अहमदाबाद और पुणे में पूरा करती है।

- बृहद कार्पोरेट शाखाओं में खातों को आरएसएम से मैंप किया गया है, जो नकदी प्रबंधन, फोरेक्स, कोषागार उत्पाद, कारोबार वित्त, जमाराशियों, खुदरा बैंकिंग, अन्य पक्ष के उत्पाद हेतु ग्राहकों की कार्पोरेट आवश्यकताओं को देखेंगे एवं ग्राहकों के लिए उनकी सभी बैंकिंग आवश्यकताओं के निर्वाह हेतु संपर्की प्रबंधक के माध्यम से एक संपर्क स्थान होगा।

- बृहद कार्पोरेट शाखाओं में ऋण कारोबार को शाखा प्रमुख को रिपोर्ट करने वाले संपर्की प्रबंधकों एवं ऋण टीम लीडर को रिपोर्ट करने वाले ऋण मूल्यांकन अधिकारियों को जोखिम प्रबंधन के एक उपाय के रूप में सेग्रिगेट किया गया है। बृहद कार्पोरेट शाखा में प्रसंस्कृत ऋण प्रस्तावों को अब सीधे महाप्रबंधक, प्रधान कार्यालय, बृहद कार्पोरेट विभाग को भेजा जाता है। इससे टर्नअराउंड समय में कमी हुई है।

- बैंक ने लॉर्ज कार्पोरेट शाखाओं साथ ही प्रधान कार्यालय स्तर पर लम्बित प्रस्तावों/संदर्भों की निगरानी के लिए एक प्रणाली बनाई है।

रणनीतियां

- बैंक ने टर्नअराउन्ड समय कम करने के लिए ऋण प्रसंस्करण हेतु कैप्स माड्यूल विकसित किया है।
- लार्ज कार्पोरेट शाखाएं उधारकर्ताओं की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के अलावा अब कार्पोरेट ग्राहक की सभी बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करती हैं। लार्ज कार्पोरेट शाखाएं नये कारोबार का प्रचार करती है जो कार्पोरेट ग्राहकों के लिए केन्द्र बिन्दु का कार्य करती हैं।

मिड कार्पोरेट

एक ही छत के नीचे ग्राहक की सभी बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के एक मात्र उद्देश्य से अक्टूबर 2010 में मिड कार्पोरेट वार्टिकल की स्थापना की थी अलग से कार्पोरेट वर्टिकल स्थापित करने का उद्देश्य इस खण्ड की संभावना को व्यापक जोखिम के साथ उच्च लाभ के काम में लाना था।

मिड कार्पोरेट ₹ 10 - ₹ 100 करोड़ की परियोजना लागत वाली नई कंपनियों को कवर करता है। विद्यमान इकाइयों हेतु ₹ 100 करोड़ - 500 करोड़ बिक्री टर्नओवर का मानदण्ड लागू है।

मिड अलग पैर कार्पोरेट वर्टिकल 07 (सात) डिविजनल कार्यालयों एवं 42 मिड कार्पोरेट शाखाओं के माध्यम से कार्य करता है। 12 (बारह) क्रेडिट प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) विशेष रूप से प्रस्तावों के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किए गए हैं।

वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान मिड कार्पोरेट के अंतर्गत ऋण कारोबार 11.69% वृद्धि के साथ ₹ 20470 करोड़ से ₹ 22,862 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई। इसी तरह जमा कारोबार 13.85% की वृद्धि के साथ ₹ 9359 करोड़ से ₹ 10655 करोड़ की वृद्धि हुई। मिड कार्पोरेट वर्टिकल ने कुल घरेलू ऋण में 11.17% एवं बैंक के घरेलू जमा कारोबार में 3.62% का योगदान दिया।

परियोजना वित्त तथा समूहन ग्रुप

बैंक का परियोजना वित्त तथा सिंडिकेशन समूह में बैंक के अत्यधिक अनुभवी तथा योग्यता प्राप्त व्यावसायिकों द्वारा संचालित होता है। यह आधारभूत तथा औद्योगिक परियोजनाओं का मूल्यांकन करता है।

यह तकनीकी मूल्यांकन तथा ऋण के समूहन की जिम्मेदारी लेता है। वर्ष 2012-13 के दौरान वित्तीय समापन परियोजना लागत ₹ 14018 करोड़ के साथ किया गया तथा समूहन ऋण ₹ 6905 करोड़ रहा।

वर्टिकल को मजबूत करने के लिए बैंक ने इंडस्ट्री से बहुअनुभवी इंजीनियरों तथा एमबीए योग्यता प्राप्त धारकों को भर्ती किया।

बैंक बहुमुद्रा अंतर्राष्ट्रीय समूहन हेतु मैंडेट लीड अरेंजर (एमएलए) तथा ज्वाइंट बुक रनर (जीबीआर) के रूप में कार्य कर रहा है तथा भारतीय कार्पोरेट के लिए उनके विस्तार/अभिग्रहण तथा बड़ी मात्रा में उद्योगों को कवर करते हुए संयुक्त उद्यमों के लिए ऋण की व्यवस्था की।

तकनीकी मूल्यांकन विभाग जो समूहन टीम की सहायता करता है वर्ष के दौरान समूहन ऋण के अतिरिक्त उद्योग ऋण का मूल्यांकन करते रहा है। टीम में सम्मिलित व्यावसायिक इंजीनियरों ने वर्ष के दौरान तकनीकी विषयक जोखिम का मूल्यांकन किया। इससे बैंक को औद्योगिक आस्तियों की गुणवत्ता में सुधार लाने का अवसर मिला। विभाग के परिचालन ने वर्ष के दौरान बैंक को ₹ 16.42 करोड़ रुपये की शुल्क आधारित आय बढ़ाने में मदद की।

संव्यवहार बैंकिंग

संव्यवहार बैंकिंग विभाग 4 कारोबारी लाइनों पर इस आशय से ध्यान केन्द्रित कर रहा है ताकि उन्हें बैंक का मुख्य राजस्व स्त्रोत बनाया जा सके, ये निम्नानुसार हैः

- नकदी प्रबंध सेवाएं
- चैनल वित्त
- व्यापार वित्त और
- सरकारी कारोबार

बैंक के कार्पोरेट एवं एचएनडब्ल्यू ग्राहकों के लिए सभी एनबीजी कार्यालयों में कैश पिक अप सुविधा (डोर स्टैप बैंकिंग) को आरंभ किया गया है। इस पहल से लक्ष्य केन्द्रित ग्राहकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है जो बैंक में काफी बढ़ी राशि लाने एवं ले जाने के चिंताओं और जोखिम से मुक्त हुए हैं। वर्ष 2012-13 के दौरान बैंक ने विशिष्ट विपणन विषयक प्रयास किए हैं एवं छत्तीसगढ़ राज्य (रायपुर अंचल), झारखंड राज्य (रांची अंचल), उत्तरांचल राज्य (गाजियाबाद अंचल), असम एवं मेघालय राज्य (सिलीगुड़ी अंचल) के राज्य सरकार से संपर्क किया है और इसके अच्छे नतीजे निकले हैं।

अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग

बैंक की उपस्थिति 5 महाद्वीपों और 20 देशों में है जिनमें लंदन, न्यूयॉर्क, पेरिस, टोक्यो, सिंगापुर और हांगकांग जैसे सभी प्रमुख वित्तीय केन्द्र सम्मिलित हैं। यथा 31.03.2013 विदेशों में बैंक के 52 कार्यालयों का नेटवर्क है जिसमें 4 प्रतिनिधि कार्यालय सहित बैंक की 4 अनुषंगियां और 1 संयुक्त उद्यम भी है।

प्रबंधन सूचना प्रणाली और ग्राहक सेवा में सुधार के लिए सिंगापुर में बैंक का वैश्विक प्रसंस्करण केन्द्र (सीपीसी) है। बैंक के विदेशी परिचालनों को फिनाकल में स्थानांतरित करके घरेलू परिचालनों से जोड़ा जा रहा है। कुछ केन्द्रों को पहले ही फिनाकल प्लेटफार्म में स्थानांतरित कर दिया गया है और 2013-14 के दौरान शेष केन्द्रों का स्थानांतरित करना प्रस्तावित है।

बैंक का वैश्विक धन प्रेषण केन्द्र (जीआरसी) मुम्बई में है। जीआरसी में आवक धन प्रेषण, बचत बैंक खाते एनआरआई ग्राहकों के एनआरई/एनआरओ खाते खोलना केन्द्रीयकृत किया गया है। अनिवासी ग्राहकों को जमाराशियों एवं धनप्रेषण के क्षेत्र में सेवा प्रदान करने हेतु खाडी देशों से धनप्रेषण किए जाने पर धनप्रेषित करनेवाले और लाभार्थी, दोनों को एसएमएस एलर्ट शुरु किए गए हैं। त्वरित धनप्रेषण हेतु स्ट्रेट थ्रू प्रॉसेसिंग (एसटीपी) शुरू की गई है और ऑफ़-साइट खातों के ब्यौरों के लिए व्यूइंग सुविधा स्थापित की गई है। यूके आधारित ग्राहकों के लिए बैंक ने बीओआई प्रिमियम अनिवासी जमायोजना, स्टार ई-रेमिट की शुरूआत की है।

31 मार्च, 2013 को विदेशी शाखाओं की कुल जमाराशियां ₹ 87773 करोड़ हैं इनमें विगत वर्ष की जमाराशियों की तुलना में ₹ 18,032 करोड़ (25.85%) की वृद्धि दर्ज की गयी। कुल अग्रिम ₹ 88,932 करोड़ हैं इनमें रू.15388 करोड (20.92%) की बढ़ोतरी दर्ज की गयी। निवेश ₹ 4,047 करोड़ के थे। 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए विदेशी शाखाओं का परिचालन लाभ ₹ 1,181 करोड़ का रहा इसमें पिछले वर्ष की तुलना में ₹ 93 करोड़ की वृद्धि हुई। तथापि, निवल लाभ ₹ 295 करोड़ का रहा जो मार्च 2012 की तुलना में ₹ 332 करोड कम हो गया।वैश्विक कारोबार एवं लाभ में योगदान के रूप में विदेशी शाखाओं ने 31.03.2013 को समाप्त वर्ष के लिए वैश्विक कारोबार के निमित्त 26.19% का योगदान दिया और परिचालन और निवल लाभ के निमित्त क्रमशः 15.83% और 10.73% का योगदान रहा ।

फोरेक्स कारोबार

बैंक द्वारा सँभाले गए फोरेक्स कारोबार में अच्छी खासी वृद्धि परिलक्षित हुई है। वर्ष 2012-13 के दौरान, मर्चेंट और इंटर बैंक टर्नओवर क्रमशः ₹ 192027 करोड़ और ₹ 608522 करोड़ था बैंक फारेक्स कारोबार में अग्रणी प्लेयर रहा है। वर्ष के दौरान बैंक की कोषागार शाखा का कुल टर्नओवर ₹ 800549 करोड़ था।

ट्रेजरी निवेश

बेंचमार्क 10 वर्ष सरकारी प्रतिभूति पर आय जो 31 मार्च, 2012 को 8.63% थी यथा दिनांक 31.03.2013 को 7.95% घट गयी। यद्यपि वर्ष के दौरान सरकारी प्रतिभूतियों की आय अत्यधिक अस्थिर रही तथा यह 8.68% से 7.82% की विस्तृत जद में रही। हमारे बैंक ने ब्याज आय तथा बाजार जोखिम के बीच संतुलन कायम रखते हुए निवेश के उच्च स्तर बनाए रखे। हमारे बैंक ने 23% निवल मांग एवं मियादी देयताओं (एनडीटीएल) की एसएलआर निवेश आवश्यकता से बढ़कर उच्च स्तर के एसएलआर निवेश को सिस्टम में अतिरिक्त नकदी तथा आरबीआई की आसान मुद्रा नीति के परिणामस्वरूप जमा वृद्धि के कारण बनाए रखा। हमारे कुल आधार पर एसएलआर निवेश ₹ 79653 करोड़ (कुल निवेश का ₹ 87.01%) तथा गैर एसएलआर निवेश

₹ 11,895 करोड़ (कुल निवेश का 12.99%) रहा। इस संबंध में बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक नीति के अनुरूप निवेश किए गए है. बाजार की गतिविधियों / विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप नीति की आवधिक समीक्षा की जाती है.

ट्रेजरी परिचालन

वर्ष 2012-13 के दौरान बैंक ने बाजार के सभी क्षेत्रों अर्थात निधियों, फॉरेक्स तथा बांड में सक्रिय भूमिका निभाई है। सरकारी प्रतिभूतियों की दर गतिविधि से लाभ लेते हुए बैंक ने अपने निवेश संविभाग को सुधारा तथा प्रतिभूतियों की बिक्री एवं व्यवसाय से लाभ अर्जित किए। बैंक ने वर्ष 2011-12 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2012-13 में प्रतिभूतियों की बिक्रीसेलाभ में 193% वृद्धि दर्ज की गई. बैंक ने विविध बाजार क्षेत्रों के मध्य अंतरपणन अवसर का लाभ उठाया है जिससे जमा प्रमाण-पत्र (सीडी), विदेशी विनिमय स्वैप की खरीद/बिक्री, मियादी मुद्रा बाजार में अधिक रुपया निधि रख पाया जिससे 0.50% से 1.00% का विस्तार हुआ। बैंक ने ''टी'' बिलों तथा अतिरिक्त प्रतिभूतियों के विरुद्ध सीबीएलओ/रेपो में उधार लेकर सीडी में ₹ 3446 करोड़ का पोर्टफोलियो तैयार किया है तथा मियादी जमा में ₹ 2471 करोड़ का ऋण दिया है जिससे अनुमानतः 0.50% से 1.00% का विस्तार प्राप्त हुआ है।

नैशनल बैंकिंग ग्रूप (प्रधान कार्यालय) :

ग्रामीण बैंकिंग

1. प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमः

बैंक ग्रामीण एवं अर्धशहरी शाखाओं के अपने व्यापक नेटवर्क एवं समर्पित कार्मिकों के साथ प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों और कृषि क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने में अग्रणी रहा है। प्राथमिक प्राप्त क्षेत्र के अग्रिम बड़ा कारोबारी मौका प्रदान करने के अलावा, व्यापक सामाजिक जिम्मेदारियां भी प्रदान करते हैं। बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत ₹ 65518 करोड़ का उत्कृष्ट स्तर दर्ज किया है जो समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) का 36.71% है।

विशेष कृषि ऋण योजना के अंतर्गत बैंक मार्च, 2013 तक ₹ 17729 करोड़ का संवितरण कर सका। विभिन्न खंडों के अंतर्गत प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों की स्थिति निम्नलिखित हैः

(₹ करोड़ में)

	यथा 31.03.2013		वृद्धि	
	2012	2013	राशि	प्रतिशत
1. कृषि	21178	27041	5863	27.68
2. लघु उद्यम	25090	28912	3822	15.23
3. शिक्षा	2193	2329	136	6.20
4. आवास	5596	6790	1194	21.34
5. अन्य	---	446	446	---
कुल प्राथमिकता क्षेत्र	54057	65518	11461	21.20

2. केंद्रित जिलों में केंद्रीय प्रसंस्करण केन्द्र

कृषि ऋण में वृद्धि के उद्देश्य से चयनित अंचलों में केन्द्रीय प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित किए गए हैं। अब तक 52 सीपीसी कार्यरत हैं।

3. किसान क्रेडिट कार्डः

किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लक्ष्य कृषकों को उनकी कृषि आवश्यकताओं के साथ-साथ गैर-कृषि गतिविधियों सहित इस उद्देश्य के साथ है कि ऋण उपयोग के बारे में लचीला तथा परिचालनात्मक स्वतंत्रता मिल सके। वर्ष के दौरान बैंक ने कुल ₹ 4924 करोड़ की कुल सीमा वाले 474669 नए किसान कार्ड जारी किए। बैंक द्वारा अब तक 1453132 किसान कार्ड (संचयी) जारी किए जिसमें ₹ 12111 करोड का वित्तीय परिव्यय शामिल है।

4. ऋण अदला-बदली (स्वैप) :

बैंक ने नई योजना यथा 'ऋण अदला-बदली' डिज़ाइन की है जिसका उद्देश्य ऋणग्रस्त कृषकों को साहूकारों के बकाया देय से मुक्ति दिलाना है तथा अस्वाभाविक दरों पर गैर-संस्थागत देनदारों से ऋण भार से कृषकों द्वारा सामना की जा रही कठिनाइयों को कम करना है। बैंक ने 91 गांवों को साहूकारी प्रथा से मुक्ति दिलाई है तथा 238 से अधिक लाभार्थियों को वित्तपोषित किया है।

5. विभेदक ब्याज दरः

बैंक द्वारा कार्यान्वित विभेदक ब्याजदर (डीआरआई) योजना नाम के अंतर्गत उत्पादक उद्यमों हेतु चयनित कम य समूहों को 4% की छूट दर पर वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना है। बैंक ने इस वर्ष के दौरान डीआरआई योजना के तहत 18806 मामले स्वीकृत किए गए हैं।

6. अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण हेतु प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रमः

अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण हेतु केन्द्रित ध्यान सहित, बैंक विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों जैसे सिख, मुस्लिम, क्रिश्चियन, जोरास्ट्रियन तथा बौद्ध को वित्त प्रदान कर रही है। वर्ष 2012-13 के दौरान बैंक ने विभिन्न समुदायों ₹ 649 करोड़ और मार्च, 2013 तक ₹ 9847 करोड़ का आउटस्टेडिंग लेवल दर्ज किया गया।

7. स्वर्णजयंती ग्रामीण आवास वित्त योजनाः

बैंक सक्रिय रूप से स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना (जीजेआरएचएफएस) के कार्यान्वयन में शामिल है तथा राष्ट्रीय आवास बैंक द्वार आबंटित लक्ष्य ₹ 180.53 को प्राप्त कर लिया है। वर्ष के दौरान स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अंतर्गत बैंक ने 15502 मामलों को स्वीकृत किया।

कुल प्राथमिकता (₹ करोड़)



8. व्यष्टि वित्त/व्यष्टि ऋण

व्यष्टि ऋण की योजना गरीबों को गरीबी के स्तर से ऊपर उठाने के लिए उन्हें बढ़े हुए स्व-नियोजन अवसर प्रदान कर उन्हें ऋण लेने योग्य बनाने के लिए एक प्रभावशाली साधन के रूप में पाई गई है। ₹ 579 करोड़ के वित्तीय व्यय सहित 91844 से अधिक एसएचजी ऋण संबद्ध बैंक के पास हैं। इनमें से 79912 से अधिक महिला स्वंय सहायता समूह से संबद्ध हैं जिसमें बैंक को ₹ 431 करोड़ वित्तीय व्यय है।

9. सौर उर्जा आवास प्रकाश प्रणाली

बिजली की समस्या से निपटने के लिए बैंक ने सौर उर्जा आवास बिजली प्रणाली की योजना का आरम्भ किया है। सौर उर्जा आवास प्रकाश प्रणाली की खरीद तथा संस्थापन के लिए भावी उधारकर्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान की है। ₹ 4 करोड़ के वित्तीय परिव्यय सहित बैंक ने अब तक 1565 इकाई स्वीकृत की है।

10. मेगा परियोजना - 140 गांव :

इस योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता निर्माण तथा शहरी सुविधाएं निर्मित करना है जिसमें शहरी ग्राहकों को उपलब्ध प्रौद्योगिकी ग्रामीण घरों में भी पहुंचाना है। अब तक, 15 राज्यों तथा 85 जिलों में फैले 147 गावों को इस योजना ने कवर किया है। बैंक ने 1824 लाभार्थियों द्वारा इस योजना के अंतर्गत ₹ 19.88 करोड़ वित्तपोषित किया है।

11. अग्रणी बैंक दायित्व :

पांच राज्यों यथा झारखण्ड (15), महाराष्ट्र (12), मध्य प्रदेश (12), उत्तर प्रदेश (7) तथा उड़ीसा (2) में फैले 48 जिलों की अग्रणी बैंक दायित्व की जिम्मेदारी बैंक के पास है। इन सभी अग्रणी जिलों में बैंक सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। बैंक के लिए ₹ 8809 करोड़ का ऋण व्यय शामिल करते हुए सभी अग्रणी जिला में वर्ष 2012-13 के लिए वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) लागू की गई। बैंक की उपलब्धि ₹ 8471 करोड़ रही जो वार्षिक ऋण योजना उपलब्धि का 96.16% है। झारखंड राजय में बैंक को अब एलबीसी द्वारा अग्रणी बैंक संयोजक नामित किया गया।

वित्तीय समावेशन

देश के दीर्घकालिक विकास तथा विस्तृत विकास प्रक्रिया का वित्तीय समावेशन एक अनिवार्य पक्ष है। वित्तीय समावेशन को व्यवहार्य कारोबारी प्रस्ताव समझते हुए विपणन अभिमुख पहल को अपनाते हुए वित्तीय समावेशन में कूटनीति के परिवर्तन हैं। प्रतिमान निःसंदेह ''सीएसआर''से ''आर्थिक व्यवहार्यता'' में परिवर्तित हुआ। वित्तीय क्षेत्र द्वारा आवश्यक सुरक्षित और प्रभावशाली ढंग से कम लागत लेनदेन आईसीटी आधारित सॉल्यूशन की उपलब्धता से संभव हो सका है। दायित्व के बजाए समपार्श्व अवसर के द्वारा बैंक प्रत्याशित बैंकिंग सेवाएं को देख रहा है।

बैंक ने वित्तीय समावेशन को महाप्रबंधक के नेतृत्व में एक नए कारोबारी इकाई के रुप में तैयार किया है जिसमें बोर्ड द्वारा अनुमोदित वित्तीय समावेशन योजना है। बैंक ने कारोबारी संपर्कियों एवं आईसीटी आधारित हैंड धारित डिवाइसों (माइक्रो एटीएमों) के माध्यम से 40160 गाँवों को बैंकिंग सेवाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक ने अन्तर्निहित ओवरड्राफ्ट सुविधाओं वाले नो फ्रिल अकाउन्ट्स के माध्यम से 125 लाख लोगों को जोड़ा है। ऐसा उनको तुरंत उपयोग संबंधी जरूरतों और पात्र लोगों को उद्यम क्रेडिट प्रदान करने के लिए किया गया है ताकि वे पर्याप्त जीविका अर्जित कर सकें। इसके अलावा प्रवासी मजदूरों/स्वयं नियोजितों को मोबाइल आधारित धनप्रेषण सुविधा भी मुहैया करायी गयी है ताकि वे अपने परिवार के सदस्यों को धनराशि भेज सके और अन्य सेवाओं के साथ-साथ माइक्रो इंश्योरेंस सहित बैंक के थर्ड पार्टी उत्पादों तक अपनी पहुँच रख सकें।

वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी) 2012-13 के अंतर्गत प्रगति का सार निम्नानुसार हैं :

- खोले गए नो-फ्रिल खातों की संख्या : ₹ 79.83 लाख
- जारी स्मार्ट कार्डों की संख्या : ₹ 11.87 लाख
- जारी जीसीसी / केसीसी : ₹ 17.03 करोड़
- लगाए गए कारोबारी संपर्की : 4889
- लगाए गए चैनल प्रबंधन भागीदार : 93
- गांवों की संख्या जहां 100% वित्तीय : 11239

बैंक ने 31.03.2013 तक 2000 से अधिक जनसंख्या वाले समस्त 2992 आबंटित गांवों में 100% वित्तीय समावेशन का लक्ष्य प्राप्त किया। पर्याप्त जोखिम प्रशामकों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं वाली बेहतरीन परिचालन प्रणालियॉं बनायी गई हैं और अमल में लायी जा रहीं हैं।

स्टार स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (रूडसेटी)

ग्रामीण युवाओं के मध्य बेरोजगारी की समस्या से निपटने के उद्देश्य से बैंक ने वर्ष 2005 में **''स्टार स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (एसएसपीएस)''** नामक समर्पित ट्रस्ट की स्थापना की पहल की। ट्रस्ट की स्थापना के तत्काल बाद दो एसएसपीएस (रुडसेटी) की स्थापना भोपाल एवं कोल्हापुर में की गई। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इस पहल को मूल्यवान माना तथा इस प्रकार की संस्थाओं की स्थापना वासी देश के प्रत्येक जिला में ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण बीपीएल युवाओं को तलाशने हेतु प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव दिया। स्थापना, शब्दावली, प्रायोजन, प्रबंधन कार्यक्रम संरचना, स्टाफ एवं प्रशासन, एमआईएस परिभाषित किए गए। बैंक को संस्थाओं की स्थापना हेतु 42 केंद्र आबंटित किए गए। बैंक ने ऐसी 42 संस्थाएं झारखंड, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा पश्चिम बंगाल में स्थापित की है। इन केंद्रों में 14534 क्रेडिट इंपुट के साथ इस तारीख तक 39169 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

बैंक ने रांची (झारखंड), बाराबांकी (उत्तर प्रदेश), भोपाल (मध्य प्रदेश), पेन (महाराष्ट्र) तथा बेलगांव (कर्नाटका) में प्राथमिक स्वास्थ्य पर ध्यान, वयस्क साक्षरता, विस्तृत वित्तीय पहुंच तथा वृद्धि की योजना, सिविल सोयायटी संस्थाओं को सुदृढ़ करना, पर्यावरणीय स्थिरता इत्यादि में एसएसपीएस (रुडसेटी) के कार्यक्षेत्र में विस्तार हेतु पांच एकीकृत एसएसपीएस (रुडसेटी) का विस्तार/स्थापित करने की योजना बनाई है। बैंक इन क्षेत्रों में व्यापक चुनौतियों का सामना करने हेतु जनसामान्य, निजी एवं सामाजिक क्षेत्र के विविध स्रोतों को साथ लाने के लक्ष्य हेतु तालमेल एवं फोस्टर रणनीतिक साझीदारी करना चाहता है।

वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्शी केंद्र (अभय / ABHAY)

बैंक ने दैनिक आधार पर वैयक्तिक वित्त से संबंधित मामलों पर वित्तीय मध्यवर्ती संस्थाओं के साथ वित्तीय व्यवहार की जटिलताओं के मूल्यांकन हेतु आम आदमी को वित्तीय साक्षरता देने की आवश्यकता को समझा है। आगे, जो ऋण के अप्रबंधन के कारण वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहे हैं उन्हें भी दिवालियापन एवं चुकौती दायित्व से बाहर निकलने हेतु ऋण परामर्श की आवश्यकता है ताकि उनकी वित्तीय प्रबंधन में सुधार हो सके। इस परीप्रेक्ष्य ने बैंक ने 5 (पांच) ऋण परामर्शी केंद्र **''अभय''** नाम से मुंबई, वर्धा, गुमला, कोलकाता और चैन्नई में खोले हैं जो जिनका कार्य वरिष्ठ एवं अनुभव बैकरों द्वारा देखा जा रहा है।

अभय की संकल्पना को विस्तार देते हुए बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक और नाबार्ड के मार्गदर्शन के अनुसार 51 वित्तीय साक्षरता केन्द्र खोले हैं।

व्यथित उधारकर्ताओं के लिए अलग-अलग मामलों हेतु उपचारात्मक परामर्श के अलावा, मिडिया, कार्यशाला एवं सेमिनार के माध्यम से निवारण परामर्श भी दिया जा रहा है। अब तक परामर्श के 68490 मामले लिए गए जिनका निवारण तत्काल करके व्यथित उधारकर्ताओं के चेहरों पर मुस्कान लाई गई।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)

बैंक ने 4 (चार) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) झारखंड ग्रामीण बैंक (झारखंड राज्य), आर्यवृत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (उत्तर प्रदेश राज्य), नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक (मध्य प्रदेश) तथा वर्धा कोंकण ग्रामीण बैंक (महाराष्ट्र राज्य) में प्रायोजित किए हैं। समस्त शाखाएं और प्रशासनिक कार्यालय कारोबार के साथ सीबीएस के अधीन लाई गई हैं। ये बैंक आरटीजीएस एनईएफटी और एटीएम सेवाएं देने में समर्थ हैं। समस्त आरआरबी का शाखा विस्तार 1252 है जिन्होंने ₹ 21398.93 करोड़ का मिश्रित कारोबार किया है।

खुदरा ऋण

वर्ष 2012-13 के दौरान बैंक ने अच्छा खासा रिटेल ऋण संविभाग बनाने की नीति का अनुशीलन किया। बैंक का रिटेल क्रेडिट पोर्टफोलियो यथा 31 मार्च, 2013 को ₹ 19116 करोड़ से बढ़कर ₹ 22350 करोड़ हो गया। वर्ष के दौरान रिटेल क्रेडिट की रुपरेखा का फिर से परिनिश्चय किया गया। बैंक ने रिटेल होम लोन/सम्पत्ति के निमित्त ऋण की प्रोसेसिंग और गठबंध व्यवस्था के मामले में वाहन ऋणों एवं शैक्षणिक ऋण प्रस्तावों की प्रोसेसिंग को भी तीव्र करने के लिए देश के बड़े शहरों में 21 आरबीसी स्थापित किए हैं। होम लोन खंड में (23.03%) की वृद्धि दर्ज की गयी जिसके फलस्वरूप ये ऋण (मार्च 2012) के ₹ 8345 करोड़ से बढ़कर (मार्च 2013) में ₹ 10267 करोड़ हो गए। बैंक ने बिल्डरों के साथ गठबंध करने के लिए मूलभूत दिशानिर्देश तैयार किए हैं ताकि यह सुनिश्चित हो कि गठबंध व्यवस्थाएं केवल अच्छा ट्रैक रिकार्ड रखने वाले बिल्डरों के साथ ही हो। आंचलिक प्रबंधकों को ये अधिकार दिए गए हैं कि वे स्थानीय स्तर पर प्रतिष्ठित बिल्डरों की तलाश करके उनके साथ गठबंध करें। यूनियन बजट में की गयी घोषणा के अनुसार मध्यम और कम आय वाले खंड को आवास के लिए ऋण देने की माँग को बढ़ावा देने के लिए बैंक केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रायोजित विशेष ब्याज इमदाद योजना में शिरकत कर रहा है। शैक्षणिक ऋणों में भी 9.99% की वृद्धि दर्ज की गयी और वे इस वर्ष के दौरान ₹ 2193 करोड़ से बढ़कर ₹ 2412 करोड़ हो गए। बैंक ने ब्याज सब्सीडी स्कीम को भी अंगीकार किया है जिसमें वे उधारकर्ता जिन्होंने वर्ष 2012-13 के शैक्षणिक वर्ष के दौरान शैक्षणिक ऋण लिया है और आर्थिक रूप से कमज़ोर तबके से है, नोडल बैंक के जरिए भारत सरकार, मानव संसाधन मंत्रालय से शिक्षा ऋण ब्याज सब्सीडी के लिए पात्र हैं। बैंक स्टार शिक्षा ऋण योजना के तहत उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए ऋण प्रदान करने को उच्च प्राथमिकता देता रहा है। इस प्रयोजन के लिए आंचलिक कार्यालय की मार्केटिंग टीमें स्थानीय संस्थानों के साथ लगातार गठबंध व्यवस्था कर रही हैं ताकि विद्यार्थियों की जरूरतों को शाखाओं द्वारा त्वरित रूप से पूरा किया जा सके। बैंक ने शिक्षा ऋण के तहत एक नया उत्पाद यानी बीओआई स्टार विद्या ऋण की भी शुरूआत की है ताकि आईआईटी / आईआईएम / एनआईडी इत्यादि जैसे देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थिओं की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

वाहन ऋण में भी 12.23% की वृद्धि दर्ज की गयी जिससे वे इस वर्ष के दौरान ₹ 1815 करोड़ से बढ़कर ₹ 2037 करोड़ हो गए। विभिन्न प्रतिष्ठित ऑटो विनिर्माताओं जैसे मारूति सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुण्डई मोटर्स, हीरो होंडा इत्यादि के साथ गठबंध व्यवस्था की कार्यनीति ऑटोफिन पोर्टफोलियों को बढ़ाने के लिए अच्छी खासी लीड्स मुहैया करा रही हैं। प्रमुख रिटेल ऋणों में वृद्धि निम्नानुसार रही :-

(₹ करोड़ में)

योजना	31.03.2012	31.03.2013	वृद्धि	% वृद्धि
स्टार गृह ऋण योजना	8,345	10267	1922	23.03%
स्टार शिक्षा ऋण योजना	2,193	2412	219	9.99%
स्टार वाहन ऋण योजना	1,815	2037	222	12.23%
स्टार पर्सनल ऋण योजना	692	779	87	12.57%
स्टार बंधक ऋण योजना	1,632	2007	375	22.97%

एसएमई

बैंक ने एसएमई कारोबार के लिए एक नया वर्टिकल बनाया है। इसके हैड महाप्रबंधक हैं। यह इस खंड की विशिष्ट कारोबारी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए है। ₹ 100 करोड़ के टर्नओवर वाली सभी कारोबारी गतिविधियों को शामिल करने के लिए एसएमई कारोबार की परिभाषा व्यापाक है। यह वर्टिकल न केवल क्रेडिट अपितु कासा और रिटेल कारोबार, शुल्क आधारित आय और एसएमई खंड में थर्ड पार्टी उत्पादों पर भी फोकस करेगा।

एसएमई कारोबार ग्रोथ के लिए बैंक द्वारा प्रतिपादित कार्यनीतियां निम्नानुसार है।

- 20 अंचलों में 21 एसएमई सिटी सन्टर्स बनाए गए हैं जो ₹ 1 करोड़ और अधिक की सीमाओं वाले सभी एसएमई क्रेडिट बिजनेस हेतु प्रोसेसिंग हब के रूप में कार्य करते हैं।
- जोखिम उपायों के रूप में सिटी सेन्टर्स में क्रेडिट संगठन और प्रोसेसिंग अलग-अलग है।
- क्रेडिट प्रोसेसिंग हेतु समर्पित टीम और कारोबार अधिग्रहण के लिए लीड सृजित करने और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बाहर जाने वाली सेल्स टीम मौजूद है।
- प्रतिक्रिया समय (टर्न अराउन्ड टाइम) कम लगे, यह सुनिश्चित करने के लिए क्रेडिट प्रक्रिया और को डी-लेयर किया गया है। और इससे सम्बन्धित प्रत्यायोजन में भी उर्ध्वगामी परिशोधन किए गए हैं।
- एसएमई सेगमेंट में ग्राहकों की जरूरतों की अनुकूलता वाले नए उत्पाद लॉन्च किए गए
- सीमा के आकार पर ध्यान दिए बिना सभी एसएमई ग्राहकों के लिए सरलीकृत आवेदन फॉर्म शुरू किया गया (एमएसई - 1)
- एक बार में ग्राहकों के अनुरोधों की प्रोसेसिंग के लिए अपेक्षित जानकारी प्राप्त करने के लिए बनायी गयी मास्टर जाँच सूची ।
- सिस्टम से निकाला केन्द्रीयकृत आवेदन रजिस्टर मौजूद है।

एमएसएमई के तहत बैंक का कार्य निष्पादन

- **बिजनेस ग्रोथः-** एमएसएमई आउटस्टैन्डिंग - ₹ 37246 करोड़. वर्ष - दर - वर्ष 24.23%. की ग्रोथ दर्ज की।
- **एमएसई के तहत कार्य निष्पादनः** एमएसएमई आउटस्टैन्डिंग - ₹ 31932 करोड़. वर्ष -दर- वर्ष 28.55%. की ग्रोथ दर्ज की।
- **एमएसई में माइक्रो सेक्टर का शेयर मार्च 2012 की यथा स्थिति** 37.37% से बढ़कर यथा मार्च, 2013 को 49.54% हो गया.
- **माइक्रो खातों की संख्या में ग्रोथ 10% के विहित लक्ष्य की तुलना में 11.45% हुई।**
- **एमएसएमई के तहत कुल एनपीए सीमान्त रुप से** ₹ 2682 करोड़ से घटकर ₹ 2576 करोड़ हो गया। प्रतिशत के रूप में एनपीए 8.23 % से घटकर 6.92 % पर आ गया।
- **सीजीटीएमएसई के तहत बैंक का कार्य निष्पादन** - वर्ष के दौरान ₹ 1723.57 करोड़ के 27435 अतिरिक्त खाते कवर किए गए और पीएसयू बैंकों में हमारी प्रथम पोजिशन बरकरार रखी।
- **पीएमईजीपी के तहत बैंक का कार्य निष्पादन** - ₹ 389.68 करोड़ की राशि के 8528 प्रकरण स्वीकृत किए गए।

एमएसएमई के तहत ग्रोथ की रफ्तार बढ़ाने के लिए कार्यनीतियां

- हमारे बैंक ने टॉप 100 एसएमई उधारकर्ताओं को सम्मानित किया जिन्होंने अवार्डस् पार्टनर के रूप में मुंबई में हुए इंडिया एसएमई 100 अवार्डस् की इवेन्ट में अपने विजन और कार्यनिष्पादन से एसएमई में महत्वपूर्ण रूप से योगदान दिया। हमने उदीयमान एनजीओ "इंडिया एसएमई फोरम" के साथ, समूचे वर्ष शहरों में उनके सभी ग्राउन्ड इवेन्ट्स के लिए अनन्य प्रेजेन्टिंग पार्टनर के रूप में, करार पर हस्ताक्षर किए हैं। हम यह प्रत्याशा करते हैं कि इसके माध्यम से हमारे उत्पादों विशेष रूप से हमारे एसएमई उत्पादों का अच्छा खासा प्रचार होगा।
- भारत सरकार और आरबीआई की इस अपेक्षा को सपोर्ट करने के लिए कि उधारकर्ता के विशेष प्रवर्ग यानी एससी/एसटी, महिला लाभार्थियों, अल्प संख्यक समुदायों और सिक्किम एवं जम्मू और कश्मीर सहित नार्थ ईस्ट रीजन के बाशिन्दों को और अधिक ऋण सुविधाएं मुहैया करायी जाएं, हमने सीजीटीएमएसई कवर वाले खातों के लिए फी शेयरिंग पैटर्न को परिशोधित कर दिया है।

- शेयरिंग पैटर्न के इस विस्तार से न केवल एमएसई अग्रिमों में इन प्रवर्गों के शेयर को बढ़ाने में सहायता मिलेगी अपितु बैंक सामाजिक बैंकिंग के तहत दिए गए लक्ष्यों को भी हासिल कर सकेगा।
- हमने सभी अग्रणी जिलों में इन जिलों के क्लस्टर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेषीकृत एमएसई सर्विस कक्षों के परिचालनों की शुरूआत की है। समग्र रूप में, 4 राज्यों और 135 क्लस्टर्स को कवर करने के लिए 45 विशेषीकृत एमएसई सर्विस सेल कार्यशील हैं।
- माइक्रो सेक्टर लेंडिंग के तहत क्रेडिट ग्रोथ में इज़ाफा करने के लिए और इस खंड को लक्ष्य बनाने के मद्देनज़र ट्रेडर्स की कार्यशील पूंजी संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके वित्तपोषण हेतु एक नई योजना बनायी गयी है। इस योजना का नाम "बीओआईस्टार व्यापार" है। इस योजना के तहत वित्तपोषण की सीमा ₹ 200 लाख तक की है।
- सीजीटीएमएसई के तहत कवरेज़ को ₹ 1 करोड़ की सीमा तक की सभी स्वीकृतियों के मामले में अनिवार्य बनाया गया है। ऐसा कवरेज़ संपार्श्विक प्रतिभूति और गारंटी के बदले में है।
- एसएमई हेतु क्रेडिट उत्पादों का विशेष रूप से निर्माण करना। विभिन्न नए उत्पाद जैसे स्टार एसएमई, लिक्विड प्लस, स्टार एसएमई, ऑटो एक्सप्रेस, स्टार एसएमई कान्ट्रेक्टर लाइन ऑफ क्रेडिट एवं स्टार एसएमई एज्यूकेशन प्लस उतारे गए हैं।
- एसआरटीओ वित्त को बढ़ावा देने के लिए बैंक ने टाई-अप बंदोबस्त के तहत वित्त पोषण के लिए 9 ओईएम के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।
- बैंक ने टाटा मोटर्स लि. और अशोक लेलैंड लि. के डीलरों के वाणिज्यिक वाहनों के वित्तपोषण के लिए ऋण आवेदनपत्रों के जनरेशन के लिए अनुपम वैब आधारित मॉड्यूल की शुरूआत की है।
- फिलहाल 21 एसएमई सिटी सेंटर्स ₹ 1.00 करोड़ और अधिक के क्रेडिट प्रस्तावों के साथ अनन्य रूप से डीलिंग के लिए कार्यशील हैं। बाजार से अधिकतम कारोबार प्राप्त करने के लिए इन एसएमई सिटी सेन्टर्स पर समर्पित बाहर जाने वाले सेल्स दल तैनात हैं। मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के दौरान कुल 2046 आवेदन पत्रों प्रोसेस किया जिनमें ₹ 6518.82 करोड़ की सीमाएं स्वीकृत की गयी है। जिनमें ₹ 4784.97 करोड़ का वितरण भी कर दिया गया है।
- क्रेडिट रेटिंग संचलित करने और प्रथम और द्वितीय रेटेड खातों के लिए ब्याज-दर में रियायतें देने के लिए 5 एक्सटरनल क्रेडिट रेटिंग एजेन्सियों के साथ एमओयूज़्
- एमएसएमई ग्राहकों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं ट्रेकिंग सिस्टम लागू है।
- इस वर्ष से केन्द्रीयकृत एमएसएमई आवेदन पंजीकरण क्रियान्वित किया गया है।
- पूर्वी ज़ोन में पीएमईपीपी के कार्यान्वयन में उत्तम कार्य निष्पादन हेतु हमें राष्ट्रीय अवार्ड से नवाज़ा गया है।

बैंक का पुनर्गठन

बैंक का पुनर्गठन विगत वर्ष पूर्ण हो गया। पुनर्गठन के हिस्से के रूप में, दो पृथक बिजनेस ग्रुप यानी नेशनल बैंकिंग ग्रुप और होलसेल एंड इन्टरनेशनल बैंकिंग ग्रुप सम्बन्धित कारोबारों पर संकेन्द्रिकृत ध्यान देने के लिए बनाए गए हैं। प्रत्येक समूह अपने दायरे में आने वाली विभिन्न कारोबारी इकाइयों के कार्य निष्पादन के लिए जिम्मेदार है। संरचनाओं की कार्यशैली, प्रक्रियाओं और बिजनेस फोकस से हुए अनुभव के आधार पर इसे वित्तीय वर्ष 2013 में और परिष्कृत किया गया है। इस बारे में किए गए कुछ बदलाव निम्नानुसार हैं:

- विशेषीकृत प्रोसेसिंग सेन्टर्स यानी एसएमईसीसीज़् और आरबीसीज़् से सहायक महाप्रबंधक द्वारा हैडेड एनबीजी शाखाओं को अलग करके प्रतिक्रिया समय को और कम करने की कोशिश की गयी है।
- बैंक ने मिड कॉर्पोरेट बिजनेस पर फोकस को बढ़ाने का निर्णय लिया है इसके लिए सहायक महाप्रबंधक द्वारा हेडेड एनबीजी शाखाओं को मिड कॉर्पोरेट बिजनेस करने की अनुमति दी गयी है। इस अभियान के पीछे हमारा मकसद यह है कि ऐसी बहुत सारी शाखाएं भी ऐसा कारोबार कर सकें जो अबतक मिड कॉर्पोरेट शाखाओं के लिए ही सीमित था।

'भावी समय की शाखा' परियोजना

विगत वर्ष में 'भावी समय की शाखा' परियोजना के तहत बेहतर ग्राहक अनुभव हेतु योजनाबद्ध लेआउट और ग्राहक मनभावन उपस्कर के जरिए 5 शाखाओं को भावी समय की शाखाओं में तब्दील किया गया। इन पायलट शाखाओं ने अच्छी सफलता दर्ज की जिससे बैंक भावी समय की शाखा के रूप में कनर्वसन के लिए अन्य दूसरी 101 मौजूदा शाखाओं को लिया गया। वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान सभी शाखा सफलतापूर्वक काम कर रही है। भावी समय की शाखा के कुछ प्रमुख विशेष तत्व निम्नानुसार हैं :

- इन शाखाओं की आंतरिक साजसज्जा को इस प्रकार सौंदर्यपूर्ण बनाया गया है जिससे कि ग्राहकों के लिए अच्छी खासी जगह मिल जाय और पर्याप्त बैठने की व्यवस्था हो जाए।
- डिस्टिंक्ट फ्रंट ऑफिस और इन ब्रांच बैंक ऑफिस संव्यवहारों के प्रतिक्रिया समय को कम करने के लिए सृजित किए गए हैं।
- स्वयं परिचालित पासबुक प्रिंटिंग क्योस्क के जरिए ग्राहकों को यह कार्य करने के लिए समर्थ बनाया गया है।
- क्यू मैनेजमेंट सिस्टम और अधिक व्यवस्थित ढंग में गतिविधियां करने वाले फ्रंट लाइन ग्राहकों को मैनेज़ करने के लिए इस्तेमाल की जा रही है।
- ग्रेटर सेल्स पुश और ग्राहक संतुष्टि हासिल करने के लिए शाखा की टीम के सदस्यों हेतु नई भूमिकाएं और उत्तरदायित्व परिनिश्चित किए गए हैं।
- इन शाखाओं में कार्य कर रहे स्टाफ को बेहतर ग्राहक प्रबंधन और क्रॉस सेलिंग हेतु प्रशिक्षण दिया गया है।

इस शाखाओं के ग्राहक इस बदलाव और नई व्यवस्थाओं से बेहद प्रसन्न हैं। शाखा परिचालनों की समग्र दक्षता इस पहल के फलस्वरूप उन्नत हुई है और इन शाखाओं में ग्राहक अर्जन और कारोबारी लीड में काफी बढ़ोतरी हो रही है।

अन्य उत्पादों एवं सेवाओं की समीक्षा

आईटी समर्थित सेवाएं

बैंक ग्राहकों की पसंद के लिए पाँच प्रकार के क्रेडिट कार्डों की पेशकश कर रहा है। बैंक से संबद्ध दो बैंक यथा बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लि. भी है जो ब्रांडनाम "इंडिया कार्ड" के अधीन क्रेडिट कार्ड जारी कर रहे हैं। वर्ष के दौरान कार्ड जारी करने के कुल कारोबार में 11.34% वृद्धि दर्ज की गई जो ₹ 391.44 करोड़ रही एवं टर्नओवर अधिग्रहण में 1.57% की वृद्धि हुई जो 314.13 करोड़ रही।

डेबिट कार्ड पर टर्नओवर अर्जित करते हुए 50.06% की वृद्धि दर्ज की गई और वह ₹ 1147.05 करोड़ हो गयी।

बैंक के पास पाँच प्रकार के डेबिट-सह-एटीएम कार्ड हैं। 31.03.2013 तक कुल जारी डेबिट कार्ड 136.03 लाख रहे जिसमें 39.49 लाख स्टारलिंक इंटरनेशनल एटीएम-सह-डेबिट कार्ड (वीज़ा इलैक्ट्रान) 90.61 लाख बीओआई ग्लोबल डेबिट-सह-एटीएम कार्ड (मास्टर कार्ड) 0.03 लाख प्लेटियम डेबिट कार्ड (मास्टर) 0.12 लाख गिफ्ट कार्ड (वीज़ा इलैक्ट्रॉन) तथा 1.80 लाख बिंगो कार्ड सम्मिलित हैं।

एसएमएस अर्ल्टस - स्टार संदेश

धोखाधड़ी के रोकथाम के रूप में, एसएमएस अर्ल्टस् जनरेट किए जाते हैं और उन सभी ग्राहकों को मुहैया कराए जाते हैं जिन्होंने निम्न के लिए बैंक के पास अपने मोबाइल नंबर पंजीकृत करवाए हैं।

- डिलिवरी चैनलों (इंटरनैट बैंकिंग / एटीएम / पीओएस) से सभी नामे संव्यवहार
- ₹ 10,000/- और अधिक के नामे और जमा संव्यवहार करने वाले सभी ग्राहक
- ₹ 10,000/- और अधिक के सभी नामे ईसीएस संव्यवहार
- सभी नामे आरटीजीएस संव्यवहार
- चेक बुक जारी करने के अनुरोध को स्वीकार करने पर अभिस्वीकृति
- स्टार ऑटोफिन और हाउसिंग खातों में देय किस्त के लिए अर्ल्ट

इंटरनेट बैंकिंगः

युटिलिटी बिल के भुगतानों, एयर एवं रेल टिकट बुकिंग, ऑन लाइन शॉपिंग, इंटर बैंक और इन्ट्रा बैंक फंड ट्रासफर इत्यादि के लिए ग्राहकों को एक तीव्र और सुरक्षित इन्टरनेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है।

भारत में पीएसयू बैंक में बैंक ऑफ़ इंडिया पहला ऐसा बैंक है जिसने अतिरिक्त सुरक्षा संबंधी उपाय के रूप में रिटेल और कार्पोरेट इन्टरनेट बैंकिंग दोनों के लिए ही टू-फैक्टर ऑथेन्टिकेशन (2एफए) स्टार टोकन क्रियान्वित किया। बैंक के ग्राहक ''सुरक्षित'' किसी समय, कहीं से भी और हर प्रकार से झंझट मुक्त बैंकिंग का अपने घर और कार्यालय से अपनी सुविधानुसार माउस पर क्लिक करके लाभ उठा रहे हैं।

उपलब्ध कुछ फीचर्स इस प्रकार हैंः

- आरटीजीएस / एनईएफटी सुविधा का इस्तेमाल करके, हमारी स्टार कनेक्ट इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं के जरिए बैंकों में ऑन लाइन इंटर बैंक फंड ट्रान्सफर
- ऑटो पे हेतु बीओआई स्टार ई-पे अथवा विभिन्न युटिलिटी सर्विसेज / बिलों का ऑनलाइन भुगतान
- प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष केन्द्रीय उत्पाद और सेवा करों का ई-पेमेंट
- शेयर में ट्रेड करने के लिए स्टार ई-शेयर ट्रेड
- ई-फ्रेट पेमेंट
- विदेशी व्यापार का महा निदेशालय लाइसेंस फीस ऑन लाइन ई पेमेंट
- रेलवे और एयरलाइन्स टिकट की ऑनलाइन बुकिंग
- शिक्षा ऋण के लिए ऑन लाइन आवेदनपत्र
- इंटरनेट बैंकिंग से आईपीओज् के लिए एप्लीकेशन सर्पोटेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (एएसबीए) को देखने और आवेदन करने के लिए उपलब्ध ऑनलाइन सुविधा
- इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों को ऑनलाइन फिक्स्ड डिपॉजिट करने में समर्थ बनाना
- इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड इस्तेमाल करके डेबिट-सह-एटीएम कार्ड पिन की हॉट लिस्टिंग/रिसेट/अनब्लॉक/चेंज
- वार्षिक टैक्स विवरण पत्र (फॉर्म 26 एएस) देखना
- हमारा डेबिट-सह-एटीएम कार्ड रखने वाले ग्राहकों को ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा प्रदान की गयी। इससे ग्राहक क्रेडिट कार्ड और इन्टरनेट बैंकिंग खाते के अलावा अपने डेबिट-सह-एटीएम कार्डों ई-पेमेंट के लिए का इस्तेमाल कर सकेंगे।
- ऑन लाइन टर्म डिपॉजिट रसीद निकालते समय व मौजूदा टर्म डिपॉजिट रसीदों के लिए ऑनलाइन नामांकन सुविधा

स्वचलित टेलर मशीन (एटीएमस)

बैंक ने नेशनल फाइनेन्शियल स्विच (एनएफएस) ज्वॉइन किया है जिससे ग्राहक देश भर में 85,000+ से भी अधिक एटीएम एक्सेस कर सकते हैं। इसके अलावा, बैंक कैश ट्री, बीएएनसीएस एवं एसबीआई ग्रुप नेटवर्क का भी हिस्सा है। 30 अप्रैल, 2013 तक की स्थिति के अनुसार हमारे 2,226 एटीएम थे जिसमें से 439 एमओएफ के तहत थे और शेष 1787 फेज VI के अधीन थे।

आईटी समर्थित सेवाएंः

संकल्प 10,000 के तहत बैंक की महत्वाकांक्षी ग्रोथ प्लान की प्रक्रिया में बैंक ने आईटी समर्थित गहन संभाव्यता वाले उत्पादों को तैयार किए हैं। :

- इंटरनेट बैंकिंग : रिटेल बैंकिंग ग्राहक एवं कार्पोरेट ग्राहक
- मोबाइल बैंकिंगः
- एटीएम
- कार्ड उत्पादः डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, बिंगो कार्ड, गिफ्ट कार्ड
- बीओआई स्टार रिवार्ड प्रोग्राम
- ई-कॉमर्स सुविधा
- ई-पे सुविधा
- डीमैट

बुलियन बैंकिंग

बैंक ने बुलियन बैंकिंग नवम्बर, 1997 में शुरू की थी। आदितः यह योजना सीप्ज और अहमदाबाद की शाखाओं में शुरू की गई थी बाद में इसे अन्य शाखाओं में भी शुरू की गई। इस तारीख तक यद्यपि 9 शाखाओं को बुलियन कारोबार करने के लिए प्राधिकृत किया गया तथापि 3 शाखाएं ही बुलियन कारोबार कर रही हैं। आभूषण निर्यातकों और घरेलू ज्वेलरों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कन्साइन्मेन्ट बेसिस पर सोने का प्रापण किया जाता है। बैंक ने वर्ष 2012-13 में ₹ 3485 करोड़ के टर्न ओवर के साथ 11,668 किलोग्राम सोने की बिक्री की जिससे ₹ 20.34 करोड़ की आय हुई। वर्ष के दौरान अर्जन में बढ़ोतरी 21.51% थी।

स्टार नकदी प्रबंधन सेवाएं (स्टार सीएमएस)

बैंक की सीएमएस स्पेस में सक्रिय उपस्थिति है। परंतु संपूर्ण सीएमएस में अत्याधुनिक वेब आधारित तकनीक को अपनाकर इसका कायापलट की है । बैंक अन्य बैंकों के साथ संपर्ककर्ता बैंक के रुप में भी कार्य कर रहा है। ओआरएसीएलई पर वेब आधरित सॉफटवेयर में काम करने के कारण बैंक कितने भी संव्यवहारों को सँभालने की स्थिति में है।

बैंक का प्रधान कार्यालय में सीएमएस के लिए अलग विभाग है जो सीएमएस की समग्र कार्यप्रणाली को नियंत्रित एवं निगरानी करता है। यह महाप्रबंधक (संव्यवहार बैंकिंग) के सीधे नियंत्रणाधीन है। एम.जी.रोड, मुंबई में स्थित सीएमएस हब इस पहल की परिचालनात्मक पक्ष का ध्यान रखता है। बैंक की 4000 से भी अधिक शाखाएं हैं जो 1000 के अधिक शहरों और नगरों में सीबीएस प्लेटफॉर्म पर परिचालनगत हैं। विविध सीएमएस सेवाओं को प्राप्त करने के लिए सीएमएस ग्राहकों के लिए यह समस्त शाखाएं उपलब्ध करवाई जा सकती है।

उत्पाद वार क्षमताएं

क. स्थानीय वसूलियां

स्टार सीएमएस की वसूली एवं रिटर्न हेतु अब स्थिति वार प्रतिदिन एमआईएस उपलब्ध कराने की क्षमता है। बैंक, रिटर्न की विवरणात्मक सूची इन्क्रिप्ट ई-मेल द्वारा भी उपलब्ध करवा सकता है तथा यदि आवश्यकता हुई तो हार्ड कॉपी भी प्रेषित की जा सकती है।

ख. थोक वसूलियां

स्थानीय वसूलियों के अधीन कवर समस्त अवस्थितियों पर थोक वसूलियां दी जा सकती हैं परंतु पूर्व अनुमति से चूंकि रुपरेखा प्रणाली को शुरु करना होगा। सीधे डाटा अपलोड करने के लिए विवरण की सॉफ्टकॉपी की आवश्यकता है।

ग. दूरस्थ वसूलियां

दिन 0 - दिन 21 तक दिन व्यवस्था ; जो हमेशा केंद्र विशिष्ट है। ये स्थानीय एवं दूरस्थ् चेक वसूली केन्द्रों के लिए भिन्न हैं।

घ. भौतिक नकदी

नकदी प्रबंधन के लिए समस्त अवस्थितियों में भौतिक नकदी अवशोषित किए जा सकते है। यह सुविधा डोर स्टैप बैंकिंग पहल के अधीन दी जा रही है। दिन व्यवस्था टी+1 होगी।

ड. भुगतान :

बैंक पर आहरित ड्राफ्ट हेतु समस्त अवस्थितियों में पोजिटिव भुगतान सुविधा उपलब्ध है। बैंक के पास ड्राफ्ट/चेकों की थोक मुद्रण की सुविधा है तथा अवस्थितियां आवश्यकतानुरुप नियत की जा सकती हैं।

च. इलैक्ट्रॉनिक निपटान

बैंक के पास सीधे क्रेडिट और सीधे डेबिट सुविधा देने की प्रणाली क्षमताएं हैं। सीधे डेबिट के मामलों में आदेश सत्यापन आवश्यक है। टीएटी (टर्न एराउंड समय) अवस्थिति पर निर्भर करता है।

छ. अन्य अतिरिक्त सेवाएं

अपनी शाखाओं में बैंक एनएफओ एवं राइट इश्यु के लिए आवेदन फार्मो के एकत्रीकरण हेतु सेवाएं देने के लिए तत्पर है।

थर्ड पार्टी उत्पाद

जीवन बीमा हेतु टाई-अपः

बैंक ने अपने जीवन बीमा उत्पादों की बिक्री हेतु बैंक के संयुक्त उद्यमी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी स्टार यूनियन दाई-ची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के साथ अपनी कॉर्पोरेट एजेन्सी व्यवस्था को जारी रखा। बैंक के लगभग 1600 कर्मचारी ऐसे है जो विभिन्न केन्द्रों पर बीमा उत्पादों की बिक्री के लिए ''स्पेसिफाइड पर्सन'' के रूप में कार्य करते हैं।

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने ₹ 465 करोड़ (पॉलिसियों की संख्या 96,000 से अधिक) की प्रीमियम कलेक्ट की और संयुक्त उद्यम कंपनी के कुल नए कारोबार में 55% से अधिक का योगदान दिया।

बैंक ग्रुप पॉलिसी के तहत अपने स्टार होम लोन और स्टार एज्यूकेशन लोन के उधारकर्ताओं को ऑप्शनल लाइफ इंश्योरेंस कवर की पेशकश कर रहा है जहां जीवन बीमा के लिए उधारकर्ता को कम प्रीमियम देना होगा।

नेशनल इंश्योरेंस कं. लि. (एनआईसीएल) के साथ जनरल इंश्योरेंस (नॉन लाइफ) हेतु टाई-अपः

आईआरडीए द्वारा जारी संशोधित दिशानिर्देशों के अनुपालन में एनआईसीएल के साथ वर्तमान तालमेल व्यवस्था को कारपोरेट एजेंसी वितरण में परिवर्तित किया गया जिसमें बैंक जैसे वितरकों के साथ बैंकएश्योरेंस कारोबार कवर किया गया। बैंक ने ''बीओआई राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी'' स्वास्थ्य बीमा उत्पाद को सह-ब्रांड किया है जोकि एक फैमिली फ्लोटर मेडीक्लेम इंश्योरेंस पॉलिसी है जिसे बहुत ही कम प्रीमियम पर बैंक ऑफ़ इंडिया के खाताधारकों को उपलब्ध करवाया गया है। इससे खाता धारक, पत्नी और अधिकतम दो आश्रित बच्चों को कवरेज दी गई है। संपूर्ण परिवार (खाताधारक, उसकी पत्नी तथा दो आश्रित बच्चे) को बीमाकृत राशि की सीमा तक कवर किया गया है जिसमें बीमाकृत राशि पर परिवार के सदस्यों द्वारा अलग-अलग समय में लाभ लिया जा सकता है। यह एक प्रसिद्ध उत्पाद है और 31.03.2013 तक 1.42 लाख बैंक ऑफ़ इंडिया खाताधारकों ने यह पॉलिसी ली है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान एनआईसीएल हेतु बैंक द्वारा एकत्रित कुल प्रीमियम 155 करोड़ रहा जिससे ₹ 15.07 करोड़ की कमीशन अर्जित की गई।

म्युचुअल फंड उत्पादः

बैंक ग्राहकों की सभी प्रकार की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। बैंक ने 10 आस्ति प्रबंधन कंपनियों यानी के बीओआई-एक्सा म्युचुअल फंड बिडला एवं लाइफ म्युचुअल फंड, डीएसपी ब्लैक रॉक म्युचुअल फंड, फ्रैंकलिंग टेंप्लटन निवेश, एचडीएफसी म्युचुअल फंड, आईडीएफसी म्युचुअल फंड, आईएनजी म्युचुअल फंड, कोटक म्युचुअल फंड, रिलायंस म्युचुअल फंड तथ यूटीआई म्युचुअल फंड के अधिकाधिक विविध म्युचुअल फंड उत्पादों की बिक्री कर रहा है।

आस्ति वसूली एवं एनपीए प्रबंधन

वर्ष 2012-13 में भी एनपीए प्रबंधन के क्षेत्र के निष्पादन के सुधार की यात्रा जारी रही। एनपीए में कमी करना बैंक की सर्वोत्कृष्ट प्राथमिकता है तथा इस कार्य में धीरे-धीरे महत्ता बढ़ रही है। एनपीए की प्राप्ति और वसूली करने के लिए आवश्यक उपाय प्रारंभ किए गए। बट्टेखातों की वसूली तथा एनपीए खातों में अप्रभारित/वसूल न किए गए ब्याज में वसूली को अधिक करने हेतु प्रयास किए गए जिसने बैंक के लाभ में काफी बढ़ोतरी हुई।

निम्न तालिका पिछले 3 वर्षों में एनपीए वसूली प्रबंधन को दर्शाती हैः

(₹ करोड़ में)

मद	31.03.11 (वास्तविक)	31.03.12 (वास्तविक)	31.03.13 (वास्तविक)
कुल एनपीए (ओपनिंग)	**4,883**	**4,812**	5894
घटाएंः			
नकदी-वसूली	895	1,205	1245
उन्नयन	1,038	487	759
बट्टे खाते में डालना	881	2,415	2415
कृषि ऋण छूट/ऋण राहत योजना 2008	0	0	0
कुल कमी	**2,814**	**4,107**	**4419**
जोड़ेंः			
स्लिपपेज	2,908	5,401	7379
वसूल न किया ब्याज (यूआरआई)			
(वित्त वर्ष 2009-10 से प्रारंभ)	166	212	89
कुल एनपीए (क्लोजिंग)	**4,811**	**5,894**	8765
बट्टे खाते/यूसीआई/यूआरआई की वसूली	383	672	1051
निवल एनपीए	**1,945**	**3,656**	5947
कुल अग्रिमों पर सकल एनपीए का %	**2.23**	**2.34**	2.99
निवल अग्रिमों पर निवल एनपीए का %	**0.91**	**1.47**	2.06

वर्ष के दौरान, बोली एवं संविभाग आधार पर बैंक ने आस्ति पुनर्निमाण कंपनियों को नकदी आधार पर इम्पायरड एसेट्स वर्थ ₹ 8.25 करोड़ की बिक्री की।

स्मॉल और सॉफ्ट इम्पायर्ड (एनपीए) खातों में वसूली को तीव्र करने के लिए, बैंक ने ₹ 10 लाख तक के छोटे ऋणों में वसूली के लिए स्पेशल ड्राइव लॉन्च किया है।

बैंक ने इस वर्ष के दौरान स्पेशल ड्राइव के तहत ₹ 667.18 करोड़ की वसूली की है।

स्मॉल एनपीए के त्वरित निराकरण के लिए अंचलों में काफी सारे वसूली कैम्प और लोक अदालत में सहभागिता की गयी है। बैंक ने लोक अदालत और वसूली कैम्पों के जरिए ₹ 581.56 करोड़ की वसूली की है।



ऋण निगरानीः

मजबूत और अच्छा क्रेडिट पोर्टफोलियो के लिए ऋण निगरानी पर अच्छी तरह से फोकस करने की आवश्यकता को मौजूदा आर्थिक परिदृष्य में नकारा नहीं की जा सकता है। बैंक के ऋण निगरानी विभाग द्वारा किए गए कार्यों का दायर विभाग द्वारा किए गए कार्यों में काफी विस्तृत हो गया है और मजबूत आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए बैंक के प्रयासों में इसका विशेष महत्व है।

- साप्ताहिक/पाक्षिक/मासिक आधार पर विभिन्न प्रणालियों से निकाली गयी रिपोर्टों के जरिए निगरानी की जा रही है। विभिन्न टाइम बैंकेट्स में खातों की ओवरड्यू/अनियमितता की स्थिति को ब्रेक-अप ऋण आस्तियों के नियंत्रण और निगरानी में मदद करता है। ट्रैक रखने और चूक से बचने के लिए इन रिपोर्टों का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जा रहा है।
- स्मॉल टिकट के एडवांसों में स्लिपेज की निगरानी उनकी संख्याओं की अत्यधिकता के कारण एक चुनौती पूर्ण कार्य होता है। इस मसले को साधने के लिए वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान बैंक ने आंचलिक कार्यालयों में "कलेक्शन सेल" की शुरूआत की पहल की। केसीसी खातों सहित सभी ऋण खातों में देय तारीख से 10 दिन पहले आंचलिक कार्यालय से सिस्टम से निकली अग्रिम इत्तला उधारकर्ता को भेजी जाती हैं जिसमें उसे देय तारीख और किस्त की राशि सूचित की जाती है। अगर देय तारीख से 15 दिनों के भीतर किस्त अदा नहीं की जाती है तो उस समय तक अतिदेय राशि चुकता नहीं कर दी जाती तब तक शाखा के पदाधिकारी नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाई करते रहते हैं। ₹ 10 लाख से अधिक के खातों के मामले में, टास्क फोर्स मीटिंग (टीएफएम) आंचलिक हैड के साथ आयोजित की जाती है। रूरल और सेमी अर्बन शाखाओं से संबंधित अग्रिम इत्तलाएं स्थानीय भाषा में लिखी जाती हैं।

प्रभावशाली निगरानी और नियंत्रण प्रक्रिया के लिए इस्तेमाल किए गए उपायः

- निधियों का अंतिम प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए बैंक को प्रभारित की गयी आस्तियों का निरीक्षण नियमित अंतरालों में किया जाता है। प्रवृत्त रखी प्रभारित आस्तियों के पर्याप्त इंश्योरेंस को बैंक एक्सपोजर की अभिरक्षा के लिए काफी महत्व दिया जाता है।
- बैंक को प्रभारित आस्तियों की गुणवत्ता की अभिरक्षा के लिए आवधिक स्टॉक एवं रिसीवेबल ऑडिट इस्तेमाल किया गया एक दूसरा महत्वपूर्ण उपाय है। यह ऑडिट बैंक के पैनल पर चढ़े चार्टर्ड अकाउन्टेन्टस द्वारा किया जाता है।
- क्रेडिट प्रोसेस ऑडिट (सीपीए), बैंक द्वारा निधियों को रिलीज करने से पहले, स्वीकृति की सभी शर्तो एवं अन्य प्रसंविदाओं का अनुपालन सुनिश्चित करता है।
- आंचलिक क्रेडिट निगरानी समिति की बैठकें सभी अंचलों पर किए जाते हैं जिनमें बड़े टिकट अग्रिमों से संबंधित मसले डील किए जाते हैं।
- कमजोरी के आन्तरिक लक्षण जैसे अनियमितता की स्थिति, साखपत्र/बैंक गारंटी के तहत वचनबद्धताओं को पूरा करने में असमर्थता, समय पर समीक्षा इत्यादि दर्शाने वाले ऐसे अग्रिमों जो बैंक की आस्तियों की क्वालिटि के लिए खतरा है के बारे में विभिन्न प्लेटफॉर्मों विडियो कोन्फ्रेसिंग सुविधाओं का इस्तेमाल करके/चर्चा करके अनुवर्ती कारवाई की जाती है और इससे सभी संबंधितों को सज़ग किया जाता है।
- अग्रिमों में चूकों को गहन विश्लेषण, उनके संबंधित स्वीकृतियों (क्विक मार्केलिटी केस) का अल्पावधि में किया जाता है और जहाँ कहीं जरूरी होता है वहां निवारक कार्रवाई की जाती है। इसके अलावा, सभी चूक वाले आस्तियों विशेष रूप से क्विक मॉर्टेलिटी के तहत जवाबदेही की भी जांच की जाती है।
- अग्रिमों का वर्गीकरण प्रचलित आईआरएसी मानकों के अनुसार किया जाता है। ऐसे आस्तियों को, जो तनाव/अस्थायी असामान्यताएं दर्शाते हैं अगर वे वित्तीय/आर्थिक व्यवहार्य वाले हों, विनियामक प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर जारी किए गए प्रचलित दिशानिर्देशों/अनुदेशों के अनुसार पुनर्गठित किया जाते हैं। ₹ 100 लाख और अधिक के सभी पुनर्गठित खातों के बारे में वैल्यू में कमी का परिकलन और उस पर प्रावधान प्रधान कार्यालय स्तर पर किया जाता है।

शाखा नेटवर्क एवं विस्तार

भौगोलिक तौर पर भारत तथा विदेशों में बैंक का काफी विस्तृत शाखा नेटवर्क है। दिनांक 31.03.2012 की स्थिति के अनुसार भारत में बैंक की कुल 4000 शाखाएं थी। विश्व के सभी महत्वपूर्ण वित्तीय केन्द्रों तथा सभी टाइम ज़ोनों में 48 शाखाओं तथा 4 प्रतिनिधि कार्यालयों द्वारा हमारी उपस्थिति का अनुभव होता रहता है।

वर्ष 2012-13 के दौरान बैंक ने 292 नई शाखाओं के सहित 02 विस्तार काउन्टरों को पूर्ण शाखाओं में परिवर्तित किया गया।

बैंक के शाखा नेटवर्क की संरचना निम्नानुसार हैः

प्रवर्ग	31.03.2012		31.03.2013	
	शाखाओं की सं	कुल का %	शाखाओं की सं	कुल का %
महानगरीय	722	18.05	787	18.34
शहरी	709	17.72	742	17.29
अर्ध शहरी	1078	26.95	1165	27.14
ग्रामीण	1491	37.28	1598	37.23
कुल शाखाएं	4000	100	4292	100

भारतीय रिज़र्व बैंक की शाखा प्राधिकरण की उदारवादी नीति के अनुसरण में कुछ शाखाओं का स्तानांतरण वैकल्पिक स्थानों पर किया गया तथा कुछ विस्तार काउन्टर जो अच्छी जगह पर स्थित थे उन्हें पूर्ण शाखा में परिवर्तित किया गया। इस नीति को आगामी वर्ष में भी जारी रखने का इरादा है। 29.11.2011 से प्रभावी होते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी शाखा प्राधिकरण नीति को और उदारवादी कर दिया है जिसके अन्तर्गत 100000 से कम जनसंख्या ("50,000 से 1,00,000 से कम" में इज़ाफा किया गया) के केन्द्रों पर बिना उनसे पूर्वानुमति लिए बैंक शाखाएँ खोल सकती हैं। बैंक ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए इस प्रवर्ग में 322 केन्द्रों पर शाखाएं खोलने का प्राधिकार अंचलों को दिया।

एक नज़र में स्थिति

वर्षान्त तक	31.03.2012	31.03.2013
कुल शाखाओं की संख्या	4049	4341
विदेशी	49	49
भारतीय	4000	4292
जिसमें से :		
महानगरीय	722	787
शहरी	709	742
अर्द्ध शहरी	1078	1165
ग्रामीण	1491	1598
कम्प्यूटरीकृत शाखाएं		
पूर्णतया कम्प्यूटरीकृत	4000	4292
आंशिक कम्प्यूटरीकृत	-	-
विशेषीकृत शाखाएं	271	271
विस्तार पटल	43	42

घरेलू बाजार में कुछ प्रवर्गों की विशिष्ट वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए - बैंक की 271 विशेषीकृत शाखाएं हैं। इन शाखाओं का विवरण निम्नलिखित है :

क्र.सं.	विशेषीकृत शाखाओं का प्रवर्ग	31.03.2012	31.03.2013
1.	एसएमई शाखाएं	100	100
2.	ओवरसीज़ शाखाएं	03	03
3.	कार्पोरेट बैंकिंग शाखाएं	--	--
4.	बृहत कार्पोरेट बैंकिंग शाखाएं	13	10
5.	मिड कॉर्पोरेट शाखाएं	41	42
6.	एन.आर.आई. शाखाएं	06	06
7.	वसूली शाखाएं	13	15
8.	वाणिज्यिक तथा व्यक्तिगत बैंकिंग शाखाएं	26	26
9.	कोषागार शाखा	01	01
10	आवास तथा व्यक्तिगत वित्त शाखाएं @	25	24
11.	सरकारी कारोबार शाखा	01	01
12.	बुलियन बैंकिंग शाखा	--	01
13.	सेवा शाखाएं	41	41
14.	केन्द्रीयकृत पेन्शन प्रॉसेसिंग शाखा	01	01
	कुल	271	271

@ - रिटेल बिज़नस सेन्टरों (आरबीसीज़) को मिला कर

विपणन

प्रमुख पहलें :

नए ग्राहक बनाने और ग्राहकों को मूल्यवर्द्धित सेवा प्रदान करने के लिए ग्राहक-केन्द्रित प्रक्रियाओं का सृजन करने हेतु बैंक में विपणन विशेष ध्यान का केन्द्र रहा है।

बैंक ने सभी अंचलों में, जमाराशि संग्रहण करने और रिटेल एवं एसएमई अग्रिम, डीमैट, कार्ड उत्पाद, आई.टी. समर्थित उत्पाद एवं सेवाओं से संबंधित कारोबार अर्जित करने तथा टीपीपी एवं सोने के सिक्कों की बिक्री इत्यादि हेतु विपणन टीम तैनात की है। विपणन स्टाफ शाखाओं में तैनात किए गए हैं। शाखाओं / आंचलिक कार्यालय से एटैच्ड हैं और आंचलिक कार्यालय में तैनात विपणन प्रमुख के अधीन कार्यरत हैं।

बैंक ने रिटेल बिज़नेस सेन्टरों (आरबीसीज़) में रिटेल ऋणों के संग्रहण हेतु, एसएमई सिटी सेन्टरों में एसएमई ऋण-संग्रहण हेतु विपणन टीम तैनात की हैं और टीएसीएस (ट्रस्ट, एसोसिएशन्स, सोसाइटीज़ एण्ड क्लब्स) कारोबार संग्रहण हेतु टीएसीएस टीम भी तैनात की हैं।

विपणन टीम को और सशक्त बनाने के लिए, बैंक ने पिछले 3 वित्तीय वर्षों के दौरान 430 विशेष मार्केटिंग एक्जेक्यूटिव भर्ती किए हैं। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 234 मार्केटिंग एक्जेक्यूटिव भर्ती किए हैं यथा 31 मार्च 2013 को बैंक में 500 सक्रिय विपणन कार्मिक हैं जो विपणन का प्रयास कर रहे हैं।

विपणन प्रमुख, विपणन स्टाफ (आंका/शाखाएं) की भूमिका एवं उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विस्तृत दिशानिर्देश, उनके वार्षिक लक्ष्य, विपणन स्टाफ की कार्यनिष्पादन की निगरानी एवं ट्रैकिंग के लिए उपाय तैयार किए गए एवं वर्ष के दौरान उन्हें कार्यान्वित किया गया।

वर्ष 2012-13 के दौरान प्रमुख पहलें :

- प्रशिक्षण : सभी अंचलों से विपणन प्रमुखों के लिए एमडीआई (प्रबंधन विकास संस्थान), बेलापुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। नए भर्ती किए गए मार्केटिंग एग्ज़ेक्यूटिव्स के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं ताकि उन्हें उनकी भूमिका और उत्तरदायित्व के बारे में सुग्राही बनाया जा सके और उन्हें विपणन विषय पर इनपुट दिए जा सकें। एसटीसी नोएडा, एमडीआई बेलापुर, एसटीसी चेन्नई और एसटीसी कोलकाता में पाँच एनबीजी (राष्ट्रीय बैंकिंग समूह) से सभी विपणन एग्ज़ेक्यूटिव्स को कवर करते हुए चार कार्यशालाएं आयोजित की गई जिनमें उच्च कार्यपालकों ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया।

- **ऑन द जॉब ट्रेनिंग :** शाखा के कामकाज, फिनेकल सिस्टम और परिचालन संबंधी शाखा के एक्सपोजर की जानकारी हासिल करने के लिए नए भर्ती किए गए मार्केटिंग एक्जिक्यूटिवज को 6 महीनों की अवधि के लिए शाखा में तैनात किया गया।

- **लीड मैनेजमेंट सिस्टम :** एलएमएस सॉफ्टवेयर बैंक में सभी विपणन स्टाफ के लिए अनिवार्य बनाया गया है। यह प्रणाली विभिन्न स्तरों पर सृजित लीड्स को प्रभावी रूप से कैपचर, मॉनीटर, ट्रैक करता है, उन्हें बंद करता और उनका विश्लेषण करता है। चयनित अंचलों से प्रमुख व्यक्तियों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

- **अभियान / पहल :** बैंक के लिए कारोबार अर्जित करने हेतु कासा, रिटेल सावधि जमाराशियों, स्वर्ण मुद्राओं और रिटेल ऋणों के लिए विभिन्न अभियान / पहल किए गए। वर्ष के दौरान विभिन्न थर्ड पार्टी उत्पादों के लिए रिवार्ड एण्ड रेकग्निशन कार्यक्रम शुरू किए गए।

प्रचार एवं जनसंपर्क

इस वर्ष प्रचार एवं जनसंपर्क विभाग ने उच्च प्रबंधन के सफल मार्गदर्शन में बैंक के ब्रांड इमेज की दृश्यता को बढ़ाने और बैंक के खुदरा उत्पादों को पूरे भारत में बढ़ावा देने के लिए विशेष रुप से डिजाइन किए गए मल्टी मीडिया कार्पोरेट अभियान शुरु किया। मीडिया योजना के लिए हमारे अनुमोदित थीम 'रिश्तों की जमापूजी' को ही आधार बनाया गया और उसे जारी रखा गया। हमारे सराहे गए टीवीसी (पिगी बैंक, कपल, दोस्ती, क्लोजिंग टाइम, बस आदि) को विभिन्न रेडियो और टीवी चैनलों से प्रसारित किए गए। इस योजना के जरिए हमारे बैंक के उत्पाद आवास ऋण, ऑटो ऋण, एसएमई ऋण, शिक्षा ऋण, व्यापार ऋण तथा आईटीईएस को प्रिंट मीडिया अर्थात् प्रमुख राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन के जरिए बढ़ावा दिया गया। महानगरीय तथा अन्य केन्द्रों के प्रमुख स्थानों, रेल्वे तथा एयरपोर्ट में होर्डिंग द्वारा ओओएच गतिविधियों को आगे बढाने के लिए उसी थीम का प्रयोग किया गया। इस अभियान पहल के कारण अच्छा लाभ मिला और बैंक के उत्पादों को बढ़ावा देने और स्थापित करने के अतिरिक्त कार्पोरेट इमेज में भी वृद्धि हुई। अभियान के अलावा विभाग ने हमारे खुदरा उत्पाद गतिविधियों जैसे अचल संपत्ति में निवेश, कार, उपभोक्ता वस्तुएं खरीदने, अक्षय तृतीया और त्योहारों/शुभ अवसरों पर सोना अथवा गहनें खरीदने के प्रचार प्रसार का कार्य भी किया गया।

ब्रांड प्रायोजकता में दृश्यता को बढ़ाने के लिए विभाग ने विभिन्न कार्यक्रमों को प्रायोजित किया। कुछ मुख्य कार्यक्रम जैसे कोलकाता में ग्रेट सरोवर रन - 2013, 4 से 6 सितम्बर 2012 में एफआईसीसीआई-आईबीए सम्मेलन 'सस्टनैबल एक्सलन्स थ्रू एन्गैज्ड कस्टमर्स, एम्प्लायीज एण्ड राइट यूस ऑफ टेकनॉलजी' में गोल्ड पार्टनर स्पॉनसरशिप, 29 अक्टूबर - 1 नवम्बर 2012 में ओसाका, जापान में स्वीफ्ट इन्टरनैशनल बैंकिंग ऑपरेशन सेमिनार (एसआईबीओएस) - 2012 में सहभागिता के लिए प्रायोजकता, मुंबई में 35वें वर्ल्ड डायमन्ड कान्फ्रेन्स (डब्लूडीसी) के लिए प्रायोजकता हैदराबाद में सोसाइटी फॉर केन्सर इन ओरल-कैविटि प्रीवेन्शन थ्रू एडूकेशन (एससीओपीई) को पूरी तरह से सुसज्जित वैन (मोबाइल डेन्टल क्लीनिक) के लिए प्रायोजकता, देव महोत्सव (जनपद बाराबंकी) में सांस्कृति कार्यक्रम का लखनऊ अंचल द्वारा प्रायोजकता, आईआईटी जोधपुर के प्रमुख संस्थान के मेगा इवेन्ट-आईजीएनयूएस-13 का टाइटल स्पान्सरशिप, 26 नवम्बर से 6 दिसम्बर 2012 तक क्षेत्रीय पार्क, सेक्टर-एल, आशियाना लखनऊ में लखनऊ महोत्सव के मेगा सांस्कृतिक संध्या का प्रायोजकता, रांची में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच, 'इंडिया एसएमई फोरम' में अनन्य प्रेसेन्टिंग पार्टनर के रुप में एसएमई एचीवर्स 2012 मनाया जाना तथा कई अन्य गतिविधियां हमारे द्वारा की गई जिससे बैंक की दृश्यता बढ़े।

होर्डिंग की गतिविधियों में हमारे ब्रांड इमेज को बढ़ाने के लिए महानगरीय तथा पूरे भारत के प्रमुख स्थानों में हार्डिंग प्रदर्शित किए गए और विभिन्न स्थानों में अन्य उत्पाद प्रदर्शित किए गए जैसे हाजी अली में हार्डिंग प्रदर्शन (नियन साइन) (40 X 20) जो मुंबई के समुद्र के बीच है, नई दिल्ली, हैदराबाद, बैंगलोर के एयरपोर्ट तथा विभिन्न रेलवे स्टेशनों और अन्य स्थानों में होर्डिंग प्रदर्शित करने का कार्य किया गया।

परिचालनिक उत्कृष्टता

ग्राहकों के प्रति वचनबद्धता

बैंक संकल्प 10,000 के तहत निर्धारित लक्ष्यों को हासिल के लिए ग्राहक केन्द्रित दृष्टिकोण के माध्यम से उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने की अपनी वचनबद्धता को दोहराता है।

प्रमुख पहलें

- **प्रशिक्षण :**

  प्रशिक्षण केन्द्रों तथा आंचलिक कार्यालयों में समय समय पर सेल्स फोर्स तथा संपर्की प्रबंधकों को प्रशिक्षण दिया जाता है. चालू वर्ष के दौरान, सभी अंचलों से विपणन प्रमुखों, सेल्स फोर्स तथा आरएसएमों के लिए एमडीआई, बेलापूर में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

- **सेल्स फोर्स ऑटोमेशन (एसएफए) पैकेज :**

  बैंक ने सेल्स फोर्स ऑटोमेशन (एसएफए) अर्थात लीड मेनेजमेंट सिस्टम के नाम से आईटी समर्थित सॉफ्टवेयर पैकेज लांच की। यह प्रणाली हर स्तर पर सृजित

लीड को प्रभावीरुप से कैपचर, मॉनीटर, ट्रैक परिवर्तित करती है और उसका विश्लेषण करती है। प्रोत्साहन योजना लागू के लिए भी इस प्रणाली का प्रयोग किया जाएगा।

- **क्विक विन्स कैम्पेन :**

  डायमंड ग्राहकों से व्यापक संपर्क कार्यक्रम . डायमंड ग्राहकों से मिलकर, उनका डेटा अपडेट करने, केवाईसी अनुपालन सुनिश्चित करने, नए वैल्यू खाते खोलने, बैंक के विभिन्न उत्पादों और थर्ड पार्टी उत्पादों की क्रॉस सेलिंग करने हेतु अंचलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान एक लाख से अधिक डायमंड ग्राहकों से संपर्क किया गया।

  जीवन बीमा उत्पादों के विपणन के लिए 50 अंचलों में सुड लाइफ अभियान आरंभ किया गया।

परिवर्तन प्रबंधन कार्यालय

परिचालनिक उत्कृष्टता

ग्राहकों के प्रति वचनबद्धता

बैंक संकल्प 10,000 के तहत निर्धारित लक्ष्यों को हासिल के लिए ग्राहक केन्द्रित दृष्टिकोण के माध्यम से उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने की अपनी वचनबद्धता को दोहराता है।

बैंक की कॉर्पोरेट छवि और पहचान निखारने हेतु बैंक ने वर्तमान थीम ''रिश्तों की जमापूंजी'' के आधार पर मीडिया अभियान शुरू किए हैं। इस अभियान के अंतर्गत रिश्तों के थीम के आधार पर तीन टीवीसी तैयार किए गए जैसे पौढ़ जोड़ी, दोस्त तथा बस जो राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय चैनलों में दिखाए गए।

बैंक भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड को 2006 में उसकी शुरूआत से ही, स्वैच्छिक सदस्य रहा है। इसके पीछे बैंक का यह मकसद रहा है कि वह एक पारदर्शी तरीके में उच्च स्तर की सेवा मुहैया कराने की अपनी ग्राहक उन्मुखता और वचनबद्धता पर बल दे और ग्राहकों को सुविज्ञ निर्णय लेने के लिए आवश्यक जानकारी मुहैया कराए। भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड का परिशोधित कोड 2009 बैंक द्वारा त्वरित रूप से अंगीकार किया गया है और वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है। परिशोधित कोड की प्रतियॉं ग्राहकों की सूचना के लिए ग्राहकों में संवितरित की गयी है।

बैंक ने आईबीए द्वारा बनायी गयी विभिन्न ग्राहक केन्द्रित नीतियों जैसे - जमाराशि नीति, चेक वसूली नीति, शिकायत निवारण नीति, प्रतिकर नीति देयों की वसूली एवं प्रतिभूति पुनः अधिग्रहण नीति को अंगीकर किया है और मृतक घटकों के मामले में सेफ कस्टडी और एसडीवी लॉकर्स से वस्तुओं की सुपुर्दगी के लिए मृतक के दावों की प्रोसेसिंग के लिए दावेदारों से अपेक्षित दस्तावेजों के लिए एकल पेज का दस्तावेज तैयार किया गया है ऐसे दावों के निपटान के लिए दावेदारों को सुपुर्दगी के लिए शाखाओं अपेक्षित कदम उठाए गए है।

- समग्र भारतवर्ष में स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्रों पर चलाए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के सभी सहभागियों को एक लघु फिल्म दिखाई जा रही है यह फिल्म वांछित स्टाफ व्यवहार पर है और पूरी फिल्म बैंक परिसर में ही बनाई गयी है।
- शिकायतों के मूल कारण का विश्लेषण अर्ध वार्षिक अन्तरालों में किया जा रहा है ताकि समस्या वाले क्षेत्रों की पहचान हो सके और त्वरित रूप से प्रधान कार्यालय स्तर पर सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।
- आंचलिक कार्यालयों को अपने स्तर पर ही शिकायतों को बंद करने और मूल कारणों का विश्लेषण करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। इस अभियान से ये प्रत्याशाएं हैं कि इससे शिकायत निवारण का समय घटेगा, नाजुक क्षेत्रों की पहचान होगी और सुधारात्मक कदम उठाए जा सकेंगे और इस प्रकार समग्र रूप से ग्राहक की सन्तुष्टि में इज़ाफा करने में सहायता मिलेगी।
- शिकायतों के त्वरित निवारण् के लिए आंचलिक प्रबंधक से सीधे संपर्क के लिए एसएमएस शिकायत व्यवस्था शुरू की गई है।
- संसूचना के इलेक्ट्रानिक रूप के प्रयोग पर संवर्द्धित बल देने से शिकायतों के लिए प्रतिक्रिया समय अधिकांश मामलों में 10 दिनों तक का हो गया है।
- वेब आधारित ग्राहक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीसीएमएस) शिकायत निवारण में प्रतिक्रिया समय को कम करने और समय पर निवारक उपाय उठाने में सहायता के लिए विश्लेषणक रिपोर्ट जनरेट करने के लिए लागू की गई है।
- वर्ष में दो बार ग्राहक सेवा एवं शिकायत निवारण सप्ताह मनाए गए हैं। इनका प्रयोजन उन्नत ग्राहक सेवा के लिए ग्राहकों और स्टाफ के बीच नज़दीकियां बढ़ाना और तदनुसार तबदीलियां यदि कोई हो, लाना था।
- शाखाओं द्वारा विभिन्न ग्राहक भावन उपायों के अनुपालन का आकलन आंचलिक लेखा परीक्षा कार्यालय के अधिकारियों के माध्यम से किया जा रहा है और तत्पश्चात त्वरित रूप से आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं।
- अनुपालन के स्तर की निगरानी करने के लिए समीप के अंचलों की एक और दो शाखाओं में उप आंचलिक प्रबंधकों द्वारा आंचल दौरा।
- आरबीआई की क्लीन नोट पॉलिसी नूतन नोट छंटाई मशीन/नोट अधिप्रमाणन मशीन के जरिए क्रियान्वित की जा रही है।
- अनिवार्य रूप से अपेक्षित सभी ग्राहक केन्द्रित सूचना ग्राहकों के फायदे के लिए वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाती है और शाखाओं में भी उपलब्ध करायी जाती है।
- आरबीआई द्वारा आदेशित जानकारी वाला अंग्रेजी/हिंदी में व्यापक नोटिस बोर्ड लगाया जाता है और बड़ी जानकारियां ग्राहक के फायदे के लिए हमारी शाखाओं में इसे प्रदर्शित करने के लिए प्रधान कार्यालय से मुद्रित करवायी गयी है और संवितरित की गई है।
- ई-मेल, फोन सहित, विभिन्न चैनल, ग्राहकों को उनकी शिकायतें भेजने के लिए उपलब्ध हैं।
- बैंक सभी शाखाओं में पर्सनलाइज्ड चेक बुकें जारी कर रहा है।

जोखिम प्रबंधन एवं नियंत्रण

जोखिम किसी भी बैंक की गतिविधि का अभिन्न तत्व है। तदनुसार, जोखिम नियंत्रण कार्य का प्रयोजन न सिर्फ जोखिम को कम करना है अपितु संस्था द्वारा भलीभांति पूर्वोपाय की पहचान तथा जोखिम प्रबंधन और इन प्रयासों पर उचित रिपोर्ट तैयार किया जाना सुनिश्चित करना है ताकि उपस्थित जोखिम, परिचालन की निरंतरता हेतु खतरा न बन जाए। इसे ध्यान में रखकर बैंक ने व्यवस्था स्थापित की है एवं बैंक व्यवस्था संचालित करता है जो यह सुनिश्चित करता है कि एकल आधार पर तथा बैंक की समग्र जोखिम स्थिति के संबंध में संगत जोखिम प्रकार का निरंतर मूल्यांकन होता रहता है।

बैंक में जोखिम प्रबंधन विभिन्न जोखिम के प्रबंधन के लिए शीर्ष कार्यपालकों की परिचालनात्मक स्तर समिति द्वारा सहायता प्राप्त शीर्ष स्तर पर बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति सहित बोर्ड द्वारा संचालित कार्य है। विभिन्न अवस्था अर्थात पहचान, मापन, निगरानी एवं नियंत्रण सम्मिलित जोखिम प्रबंधन की प्रक्रिया उद्यम बृहत जोखिम प्रबंधन, ऋण जोखिम प्रबंधन, परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन, बाजार जोखिम प्रबंधन, डेरिवेटिव, एएलएम, विदेशी मुद्रा एवं डीलिंग रूम परिचालन हेतु नीतियों में समाविष्ट है। इन अवस्थाओं से एक नियंत्रण चक्र स्थापित होता है, जिसमें प्रतिपुष्टि एवं फीड फॉरवर्ड लूप भी शामिल होते हैं।

समस्त गतिविधियों एवं उत्पाद में सभी संभावित जोखिम की पहचान, परिभाषा बृहत विश्लेषण के माध्यम से तथा उनकी जांच परिचालनात्मक स्तर पर जोखिम समिति तथा टॉस्क फोर्स द्वारा की जाती है। बैंक की जोखिम रूपरेखा भी तिमाही आधार पर तैयार की जाती है। विभिन्न साधन एवं प्रणाली जैसे विवेक सम्मत सीमा, नया बासेल अनुवर्ती ऋण श्रेणी निर्धारण मॉडल, ऋण लेखा परीक्षा, बाजार जोखिम हेतु वीएआर मॉडल, परिचालनात्मक जोखिम के लिए मुख्य जोखिम संकेतक की ट्रेकिंग के साथ संयोजित स्व निर्धारण कार्य द्वारा पहचान किए गए जोखिम के निर्धारण/मापन हेतु

प्रारंभ किए गए हैं। विश्लेषण के लिए व्यापक आंक़ड़े उपलब्ध कराने हेतु डाटा भंडारण परियोजना कार्यान्वित की गई है। बैंक ऋण जोखिम प्रबंधन सॉफ्टवेयर कार्यान्वित कर रही है जो आंक़ड़ों की गुणवत्ता एवं पूर्णता तथा इसके जोखिम प्रबंधन कार्य को अद्यतन करने में बैंक की सहायता करेगा।

31.03.2008 से प्रभावी भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार ऋण एवं बाजार जोखिम हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण तथा परिचालनात्मक जोखिम हेतु मूल संकेतक दृष्टिकोण पर आधारित नयी पूंजी पर्याप्तता संरचना (बासेल II) के अंतर्गत पूंजी पर्याप्तता के परिकलन की दिशा में बैंक स्थानांतरित हुआ है।

विभिन्न जोखिम के निर्धारण/मापन, इसकी जोखिम वहन क्षमता की सीमा एवं जोखिम व जोखिम प्रकृति के संबंध में आंतरिक पूंजी के उचित स्तर के लिए वार्षिक आधार पर बैंक आंतरिक पूंजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) कार्य करता है। चरम स्थिति में भी संभावित प्रभाव की बेहतर समझ से बैंक को अवगत कर जोखिम निर्धारण की वृद्धि के लिए दबाव जांच प्रक्रिया क्रियाशील है। भविष्य में जोखिम नियंत्रक कार्य एवं संपूर्ण संस्था दोनों के लिए निर्णय लेने और स्वतंत्र नियंत्रक कार्य के निष्पादन के निर्धारण हेतु भी उपर्युक्त से एक उद्देश्य आधारित कार्य अपेक्षित है।

तैयार रोडमैप के अनुसार बैंक जोखिम प्रबंधक प्रणाली की प्रभावशीलता और कड़ाई में वृद्धि करने के लिए अधिक परिष्कृत ॲप्रोच की ओर जाने की तैयारी कर रहा है।

सूचना प्रौद्योगिकी

शाखा स्वचालन

बैंक की सभी शाखाएं कोर बैंकिंग सोल्यूशन (सीबीएस) पर है और नयी शाखाएं भी सीधे सीबीएस प्लाटफार्म के तहत खोली जा रही हैं। ये सभी शाखाएं आरटीजीएस / एनईएफटी समर्थित हैं।

बैंक प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबीज्) में सीबीएस का कार्यान्वयन

बैंक ने ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहकों को किसी भी समय कहीं भी और किसी भी प्रकार की बैंकिंग सुविधाएं मुहैया कराने के लिए वर्ष के दौरान बैंक द्वारा प्रायोजित सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में सीबीएस के क्रियान्वयन को संपूर्ण कर दिया है। सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबीज्) की सभी शाखाओं में 100% सीबीएस को हासिल कर लिया गया है। आरआरबीज् को सभी शाखाएं हमारे इन्फ्रास्टैक्चर का इस्तेमाल करते हुए आरटीजीएस/एनईएफटी करने में समर्थ है। सीबीएस माइग्रेशन और तत्कालिन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और आर्यवृत्त ग्रामीण को आर्यवृत्त क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में समामेलन का एकीकरण पूर्ण कर लिया गया है।

वर्ष के दौरान संवर्धन/क्रियान्वित नई पहलें

नियमित बैंकिंग माड्यूल के अलावा बैंक ने यह सुनिश्चत किया है कि सहायक पोर्टफोलियो को अर्थात सरकारी कारोबार, सेफ डिपॉजिट वाल्ट, लोक भविष्य निधि, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस), सरकारी बांड, सीबीएस प्लैटफॉर्म के अंतर्गत निर्बाध रूप से एकीकृत किए गए हैं जिससे प्रत्येक के लिए एक ही स्थान पर सारी सुविधाएं उपलब्ध हो और विभिन्न प्रणालियों के मध्य भागदौड़ को टाला जाए। बैंक ने, सीबीएस और विभिन्न भुगतान प्रणाली/अन्य एप्लीकेशन के बीच स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) कार्यान्वित की है ताकि बहुविध प्रणालियों में डाटा प्रविष्टि की आवश्यकता को मिटाया जा सके एवं इससे डाटा की प्रामाणिकता व विश्वसनीयता सुनिश्चित की जाती है। इससे सिस्टम में ही प्रविष्टियों का स्वतः समाधान सुनिश्चित हो जाता है।

वर्ष 2012-13 के दौरान निम्नलिखित ग्राहक केंद्रीत अभिवृद्धियाँ कार्यान्वित की गई हैं :

- ''एसएमएस आधारित ग्रीवन्स रिड्रेसल सिस्टम'' आरंभ की गई है जो ग्राहकों पर उचित ध्यान देने और कारोबार-टीम से त्वरित समाधान के लिए रियल-टाइम आधार पर आंचलिक प्रमुख के ध्यान में लाई जा रही है।
- ''मिस्ड कॉल'' की सुविधा का उपयोग करते हुए बचत तथा ओवरड्राफ्ट खाते में एसएमएस के जरिए शेष राशि की पूछताछ आरंभ की गई है जो ग्राहकों के लिए ''निःशुल्क'' है।
- बैंक ऑफ इंडिया में खोले गए पीपीएफ खाते में पीपीएफ का अंशदान ऑनलाइन स्वीकार किया जाना।
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत निधि (पीएमएनआरएफ) में दान को ऑनलाइन स्वीकार किया जाना।
- स्टार सुनिधि योजना (कर राहत जमाराशि) को ऑनलाइन टीडीआर मोड्यूल में शामिल किया जाना।
- अतिरिक्त सात राज्य सरकारों के लिए वाणिज्यिक कर का ई-पेमेन्ट
- इंटरनेट बैंकिंग यूजर के लिए और एटीएम कार्डधारकों के लिए बीओआई एटीएम के जरिए ऑनलाइन चेक बुक अनुरोध की सुविधा
- ऑनलाइन सीमा शुल्क भुगतान के मोड्यूल को बढाया गया है जिससे ग्राहक एक ही समय पर बहु चालान का भुगतान करने में सक्षम हो सके।
- खाते के विवरण के विकल्प को अब बढ़ाया गया है जिससे ग्राहक एक बार में एक वर्ष की अवधि का विवरण व्यू/प्रिंट करने में सक्षम हो सके।
- निधि अंतरण सुविधा वाले हमारे रिटेल इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों के लिए ऑनलाइन स्थायी अनुदेश का मोड्यूल।
- आरटीजीएस / एनईएफटी के लिए नए हिताधिकारी के पंजीकरण हेतु वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) का आरंभ, जो इलेक्ट्रानिक भुगतान संव्यवहार के लिए सुरक्षा और जोखिम शमन उपाय के रुप में सेकन्ड ऑथेन्टकैशन फैक्टर है।
- इनवर्ड/आउटवर्ड आरटीजीएस/एनईएफटी संदेशों के लिए एसएमएस अलर्ट
- वाक-इन ग्राहकों के लिए कैश एनईएफटी का आरंभ
- बैंक ऑफ़ इंडिया में खोले गए पीपीएफ खाते के लिए बैंक के किसी भी शाखा में पीपीएफ का अंशदान स्वीकार किया जाएगा।
- ग्राहक आईडी के आधार पर आधार संख्या तथा खाता संख्या को लिंक किया जाना जिससे कार्यान्वित किए जा रहे सरकार के विभिन्न कल्याण योजनाओं जैसे एमजीएनआरईजीए, उर्वरक अनुदान, छात्रवृत्ति, एलपीजी अनुदान आदि के अंतर्गत हिताधिकारियों के बैंक खाते में यह अनुदान डायरेक्ट कैश ट्रान्सफर द्वारा दिया जा सके।
- सेल्फ सर्विस पासबुक ऑपडेशन किऑस्क लगाया जाना।
- बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए क्यू मैनजमेंण्ट सिस्टम लागू करना
- डिजिटल साइनिज लगाया जाना-बैंक के फोटो तथा विडियों विज्ञापनों में सुधार
- बैंक के 107वें स्थापना दिवस में 7 सितम्बर 2012 को आधुनिकतम वेब प्लैटफार्म पर पुनर्निमित नेक्स्ट जेनरेशन ग्राहक-केन्द्रित वेबसाइट का शुभारंभ किया गया।

डाटा सेन्टर

मूल साईट से गौण साईट के बीच भौतिक हार्डवेयर बुनियादी सुविधा की 1:1 अनुपात में बाहुल्यता के साथ 15 मिनट के रिकवरी टाइम ओबजेक्टीव (आरटीओ) सहित आईएसओ 27001:2005 मानक सहित प्रमाणित डाटा सेन्टर को बैंक ने सफलतापूर्वक स्थापित किया है। मूल साईट मुंबई में स्थित है तथा आपदा रिकवर साईट (डीआर) बंगलूरु में स्थित है। शून्य आंकड़ा हानि हेतु मूल साईट भंडारण प्रतिकृति सहित नियर साईट (एनआर) स्थापित की गई है। यूपीएस के जरिए दो जेनरेटर सेट द्वारा 24 घंटे दोहरी पावर आपूर्ति सहित सभी कार्यलय, शाखाएं तथा डाटा केन्द्र वेन नेटवर्क से जुड़े हैं।

डाटा केन्द्र ने तीन चरणीय संरचना बनायी है अर्थात डेटाबेस, एप्लीकेशन तथा वेब जो आधुनिकतम परिचालन प्रणाली, आरडीबीएमएस सहित विभिन्न हाई-एण्ड सर्वर में विस्तृत है जिसके एप्लीकेशन बेहतर प्रबंधन तथा कार्यनिष्पादन हेतु है।

उपलब्धता/क्षमता आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए बैंक सुरक्षा तथा नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर की डिजाईन की गई है। डाटा सेन्टर में सर्वर तथा नेटवर्क फार्म्स के संवेदनशील क्षेत्रों हेतु बायोमेट्रिक पहचान सहित सशक्त भौतिक सुरक्षा नियंत्रण है।

पॉवर कुलिंग, अग्निरोधक तथा डाटा केन्द्र बुनियादी सुविधा के अधिकतम प्रबंधन तथा अधिकतम बिल्डिंग प्रबंधन प्रणाली सहित 24 X 7 X 365 दिनों का समर्पित स्रोत है। 24X7X365 निगरानी हेतु संपूर्ण परिसर सर्वेलेन्स कैमरा द्वारा कवर किया गया है।

बैंक की पूर्णतः कार्यरत आपदा रिकवरी साइट है और तत्परता को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक तिमाही में आपदा प्रबंधन अभ्यास आयोजित और निष्पादित किया जाता है। मूल से डीआर साईट परिचालन पर जाने के लिए बैंक के पास 15 मिनट का आर टी ओ है। आपदा रिकवरी सेट-अप का उपयोग एमआईएस और रिपोर्ट जेनरेशन हेतु करने का विचार बैंक ऑफ़ इंडिया का एक अभिनव उपाय था। इसके फलस्वरूप डीसी एवं डीआर संसाधनों का इष्टतम सदुपयोग तो हुआ ही है, साथ में यह भी सुनिश्चित होता है कि इस प्रक्रिया में इन सभी संसाधनों का निरंतर परीक्षण हो जाता है।

बैंक का वैश्विक प्रसंस्करण केंद्र (जीपीसी) सिंगापुर में है जो उसकी विदेशी शाखाओं को केंद्रीय हब से जोड़ता है और उसकी सभी विदेशी शाखाओं के लिए प्रसंस्करण को समर्थ बनाता है। यह 24/7 केंद्रीय हब है जो पूर्व में जापान से लेकर पश्चिम में यूएसए तक की 24 विदेशी शाखाओं के सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। समान हार्डवेयर तथा उचित सॉफ्टवेयर सहित आपदा प्रबंधन हॉट साइट स्थापित किया गया है जो डाटा केंद्र से डी आर साइट तक डाटा का ऑनलाइन रेप्लिकेशन करता है। एक आपदा प्रबंधन सेटअप सिंगापुर में है तथा दूसरा मुंबई में है। दोनों डीआर साइट में, रियल टाइम आधार पर संव्यवहारों का रेप्लिकेशन किया जाता है। उच्च उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए नियमित आधार पर डीआर ड्रिल्स कराए जाते हैं।

एसएमएस- एलर्ट - स्टार संदेश

धोखाधड़ी निरोधक उपाय के रूप में, एसएमएस अलर्ट जनित किए जाते हैं तथा जिन ग्राहकों के मोबाइल नंबर बैंक के साथ पंजीकृत हैं, उन्हें उपलब्ध कराए जाते हैं :

- इंटरनेट बैंकिंग यूजर के लॉगइन/संव्यवहार पासवर्ड को एक्टीवेट करना
- स्टार अटोफिन और आवास ऋण खाता में देय किस्त हेतु अलर्ट
- डिलिवरी चैनलों (इंटरनेट बैंकिंग/एटीएम/पीओएस) से समस्त नामे संव्यवहार हेतु अलर्ट।
- सभी ग्राहक द्वारा किए गए ₹ 10,000/- तथा अधिक के नामे एवं जमा संव्यवहार
- सभी नामे आरटीजीएस संव्यवहार
- सभी आरटीजीएस नामे संव्यवहार
- ₹ 10,000/- तथा अधिक के सभी नामे एनईएफटी संव्यवहार
- ₹ 10,000/- तथा अधिक के सभी ईसीएस जमा/नामे संव्यवहार
- एनईएफटी आउटवर्ड मेसेज के लिए जमा पुष्टिकरण (अर्थात हिताधिकारी के खाते में जमा)
- विफल एटीएम संव्यवहारों के लिए संव्यवहार का अटो रिवर्सल
- चेक बुक जारी करने के अनुरोध के स्वीकार करने की पावती
- जिन ग्राहकों ने स्टार टोकन का विकल्प नहीं लिया है उनके संव्यवहार के लिए वन टाइम पासवर्ड (इंटरनेट बैंकिंग के संदर्भ में)
- स्टार टोकेन का वन टाइम पासवर्ड जब ग्राहक अपने पंजीकृत पीसी के अलावा अन्य पीसी से इंटरनेट बैंकिंग करना चाहता है।

इंटरनेट बैंकिंग

हमारे सभी ग्राहकों के लिए जनोपयोगी सेवा बिलों के भुगतान, हवाई जहाज एवं रेल टिकट बुकिंग, ऑन लाइन शॉपिंग, इंटर बैंक एवं इंट्राबैंक फंड अंतरण आदि हेतु शीघ्रतम सुरक्षित इंटरनेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है।

बैंक ऑफ इंडिया भारत में प्रथम सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है जिसने अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में दोनों खुदरा एवं कॉरपोरेट इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों को **टू-फैक्टर ऑथेन्टिकेशन (2 एफए) - स्टार टोकन** क्रियान्वित किया है। बैंक के ग्राहक माऊस के क्लिक से घर एवं कार्यालय से ही किसी भी समय, कहीं भी, कैसे भी, झंझट रहित सुरक्षित बैंकिंग की सुविधा का लाभ लेते हैं।

निम्नलिखित विशेषताएं उपलब्ध हैं :

- ऑनलाइन जमा रसीद के सृजन के दौरान और वर्तमान मीयादी जमा रसीदों के लिए ऑनलाइन नामांकन सुविधा।
- ऑटो-पे हेतु बीओआई स्टार ई-भुगतान या विविध जनोपयोगी सेवाओं/बिलों के ऑन-लाइन भुगतान
- प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर का ई-भुगतान
- शेयरों में ट्रेड करने हेतु स्टार ई-शेयर ट्रेड
- ई-फ्रेट भुगतान
- डीजीएफटी लाइसेंस शुल्क का ऑन- लाइन भुगतान
- रेल्वे एवं हवाई यात्रा टिकट की ऑन-लाइन बुकिंग
- शिक्षा ऋण हेतु ऑन लाइन आवेदन
- इंटरनेट बैंकिंग द्वारा ब्लॉक की गई राशि से समर्थित (एएसबीए) आईपीओ निर्गम आवेदन करने के लिए ऑनलाइन व्यू करने एवं आवेदन करने की सुविधा।
- ग्राहकों ऑनलाइन मीयादी जमाराशि बनाने हेतु इंटरनेट बैंकिंग द्वारा सुविधा प्रदान करना
- इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड का उपयोग करके एटीएम कार्ड की हॉटलिस्टिंग,पिन रिसेट/अनब्लॉक/परिवर्तन करना।
- वार्षिक कर विवरण देखना (फार्म 26 एएस)
- बैंक के डेबिट सह एटीएम कार्ड धारक ग्राहकों को ऑन लाइन ई पेमेंट सुविधा का विस्तार। इससे ग्राहक ई भुगतान के लिए क्रेडिट कार्ड तथा इंटरनेट बैंकिंग खाते के अतिरिक्त डेबिट सह एटीएम कार्ड का उपयोग भी कर सकेगें।
- ऑनलाइन जमा रसीद के सृजन के दौरान और वर्तमान मीयादी जमा रसीदों के लिए ऑनलाइन नामांकन सुविधा।

पुरस्कार :

- वर्ष 2010-11 के दौरान बड़े बैंकों में वित्तीय समावेशन हेतु प्रौद्योगिकी के लिए आईडीआरबीटी से सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार
- सीआईओज़् में उत्कृष्टता की मान्यता स्वरूप - सी-चेन्ज एन्टरप्राइज़ अवार्ड 2011- सीआईओज़् एवं डाटाक्वेस्ट से बेस्ट सेक्यूरिटि इम्प्लिमेंटेशन अवार्ड
- नेटवर्क सर्विस प्रोवाइडर - ह्यूज्स द्वारा बैंक ऑफ़ इंडिया को आउटस्टैंडिंग इन्नोवेशन पुरस्कार
- परियोजना-आईसीटी एनेबल्ड सोल्यूशन के जरिए वित्तीय समावेशन के लिए बैंक को कम्प्यूटर सोसाइटी ऑफ़ इंडिया से सराहना प्रमाणपत्र।

प्रबंधन सूचना प्रणाली

सीबीएस का अतिरिक्त लाभ प्राप्त करने के लिए बैंक ने डेटा मायनिंग सॉल्यूशन सहित डेटा वेयरहाउस (डीडब्ल्यूएच) भी स्थापित किया है जिससे बैंक, निर्णय में समर्थन हेतु प्रबंधन सूचना प्रणाली समर्थ हो और वह अपने कारोबारी आसूचना लक्ष्य शीघ्रता से व प्रभावी रूप से प्राप्त कर सके। इस सॉल्यूशन के कार्यन्वयन से बैंक का डेटा वेयरहाउस कोर बैंकिंग प्रणाली से दैनिक संव्यवहार डेटा संग्रहित करता है। साथ-साथ ही बैंक

ने डेटा के गुणवत्ता में सुधार के लिए पहल किया है तथा इससे बैंक की प्रबंध सूचना प्रणाली अत्यधिक परिष्कृत एवं परिशुद्ध बन गई है। बैंक अधिकांश भारतीय रिज़र्व बैंक रिपोर्ट, भारत सरकार के रिपोर्ट, आंतरिक उेश्य से रिपोर्टों का सृजन डीडब्ल्यूएच डेटाबेस के आधार पर करता है। शीर्ष प्रबंधन को प्रदान किए गए डैशबोर्ड का उपयोग प्रभावी रूप से कारोबर वृद्धि तथा जहाँ कहीं पर आवश्यकता है वहाँ समय पर निर्णय लेने के लिए किया जाता है। कारोबारी आसूचना लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बैंक ने कारोबार विश्लेषणात्मक उपकरण भी अपनाए हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों के अनुसार हमारी सभी विनियामक विवरणों को अटोमेटेड डेटा फ्लों (एडीएफ) कम्प्लायन्ट बनाया गया है।

मानव संसाधन विकास

किसी भी संस्था के विकास में मानव संसाधन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मानव प्रबंधन का सिलसिला नियुक्ति प्रक्रिया से शुरू होता है तथा विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रशिक्षण, स्थापन, कार्यनिष्पादन समीक्षा, पदोन्नति आदि से होकर गुजरती है। स्पंदनशील संगठनात्मक संस्कृति के सृजन में मानव संसाधन विभाग की एक महत्वपूर्ण भूमिका है जिसके जरिए कर्मचारियों को अपने सर्वोत्कृष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया जाता है।

नीतियां, भर्ती और पदोन्नति

कॉर्पोरेट लक्ष्यों की प्राप्ति में मानव संसाधन प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंकिंग जैसे सेवा आधारित उद्योग में, त्वरित एवं दक्षतापूर्ण सेवा पर ही सफलता निर्भर होती है जिसे सही प्रतिभावान व्यक्तियों की भर्ती, ग्रूमिंग और सही प्लेसमेंट से हासिल किया जा सकता है। पूरे बैंकिंग उद्योग में स्टाफ की कमी की समस्या है और बैंक लिपिकीय एवं अधिकारी वर्ग में कर्मचारियों की भर्ती हेतु भर्सक प्रयत्न कर रहे हैं। सेवा निवृत्त हो रहे कर्मचारियों के बदले युवा कर्मचारियों की भर्ती हेतु सक्रिया प्रयास किए जा रहे हैं। युवा अभ्यर्थियों द्वारा ग्रामीण तैनाती स्वीकार न करने, मौद्रिक क्षतिपूर्ति, संबंधित बैंकों में अत्यधिक स्टाफ की कमी के कारण सभी पीएसबी द्वारा एकसाथ भर्ती प्रक्रिया शुरु करने, आदि निहित अवरोधों के बावजूद बैंक इसमें सफल हो सकता है। आने वाले वर्षों में अधिकांश पीएसबी, आईबीपीएस द्वारा आयोजित आम भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती करेंगे जिससे बैंकों में नए भर्ती हुए कर्मचारियों द्वारा बैंक छोड़ने की घटनाओं में गिरावट आएगी।

बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान विभिन्न वेतनमानों में सामान्य बैंकिंग एवं विशेषज्ञ प्रवर्ग में 1492 अधिकारियों तथा लिपिकीय संवर्ग में 2378 कर्मचारियों की भर्ती की है।

शाखा विस्तार/कारोबार विस्तार और सेवा निवृत्तियों/वीआरएस का ध्यान रखते हुए बैंक ने जेएमजीएस-I वेतनमान में 1613 सामान्य बैंकिंग अधिकारियों और 2500 लिपिकीय स्टाफ की भर्ती हेतु, कदम उठाए हैं। यह आशा की जाती है कि नए भर्ती हुए लिपिक और अधिकारी वित्तीय वर्ष 2013-14 की पहली तिमाही में रिपोर्ट करेंगे।

एचआर के क्षेत्र में किए जाने वाले अन्य पहल निम्नानुसार हैं :-

- बैंक की मैनपॉवर अपेक्षाओं का वैज्ञानिक आकलन;
- वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन प्रणाली का सरलीकरण;
- पदोन्नति नीति को और वस्तुनिष्ठ बनाने और वर्तमान अपेक्षाओं के अनुरुप उसे सुयोग्य बनाने हेतु उसकी समीक्षा;
- सभी एचआर मुद्दों के लिए पूर्ण समाधान उपलब्ध कराने हेतु और अधिक एचआरएमएस मॉड्यूल्स (गतिविधियां) शामिल करना एवं उनका समाकलन करना;
- एच आर पहल से सम्बद्ध सुझावों के आदान-प्रदान, एचआर नीतियों में सुधार हेतु महाप्रबंधक (एचआर) नियमित रूप से स्टार डेस्क देखते हैं।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र से लिपिकों की भर्ती हेतु विशेष अभियान;
- ऋण, फॉरेक्स, विपणन, वसूली जैसे क्षेत्रों में विशेष कुशलता हासिल अधिकारियों की पहचान द्वारा 'टैलेन्ट बैंक' की शुरुआत।
- अधिकारियों के लिए पात्रता शर्तों में ढील देते हुए त्वरित पदोन्नति प्रक्रिया की शुरुआत ;
- कर्मचारियों के लिए, ग्रूप सेविंग्स लिंक्ड इन्श्योरेन्स, डे रिलीफ स्कीम, कर्मचारियों के बच्चों के लिए शिक्षा व्यय प्रतिपूर्ति योजना, नकदरहित उपचार हेतु विभिन्न अस्पतालों के साथ गठबंधन व्यवस्था, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए चिकित्सा सहायता, जैसे विभिन्न कल्याण उपाय कार्यान्वित किए जा रहे हैं।

अध्ययन एवं विकास

कर्मचारियों के कौशल विकास द्वारा विजेता टीम तैयार करना मानव संसाधन विभाग के कार्य का महत्वपूर्ण अंग है। उपरोक्त के अनुरुप और हमारे बड़े मानव संसाधन पूल के सही सामर्थ्य का पूरा लाभ उठाने की आवश्यकता को पहचानते हुए, मानव संसाधन विभाग से एक अलग विभाग - अध्ययन एवं विकास का गठन किया गया है।

अध्ययन एवं विकास विभाग अपने लगातार प्रशिक्षण एवं विकास कार्यक्रमों तथा मौड्यूल्स के जरिये कर्मचारियों को अपने सर्वोष्कृष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए प्रोत्साहन देता है और प्रेरित करता है, कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि और विभिन्न खण्डों में ग्राहकों नित बदलने वाली कारोबारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्हें सही कौशल और ज्ञान से सज्जित करने में उत्प्रेरक का कार्य करता है। नई पदोन्नति नीति को बोर्ड द्वारा 08.12.2012 अनुमोदन प्रदान किया गया।

पूरे देश में बैंक के छः प्रशिक्षण महाविद्यालय हैं। प्रबंधन विकास संस्थान (एमडीआई), सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई शीर्ष स्तर के प्रशिक्षण स्थापनाएं हैं, चार प्रशिक्षण महाविद्यालय (एसटीसी) सामरिक महत्व के स्थान भोपाल, चेन्नई, नोएडा और कोलकाता में हैं और एक सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण केन्द्र (आईटीटीसी) पुणे में है। वर्ष 2012-13 के दौरान इन सभी महाविद्यालयों में आयोजित 1025 कार्यक्रमों में बैंक के 23468 कर्मचारियों, आरआरबी और अन्य संगठनों के 1306 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

पिछले वर्ष के दौरान बैंक में भर्ती हुए 1492 नए सीधे भर्ती अधिकारियों तथा 2378 लिपिकों के लिए पृथक इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गये। इनमें कैम्पस से भर्ती किए गए सनदी लेखाकारों, मार्केटिंग एग्ज़ेक्यूटिव्स, विशेषज्ञों और फैनान्स एग्ज़ेक्यूटिव्स के लिए कार्यक्रम शामिल थे। ऐसी प्रत्येक बैच को महाप्रबंधक (एचआर) और/या महाप्रबंधक (एल एण्ड डीडी) द्वारा बैंक के बीकेसी ऑडिटोरियम या अन्य प्रशिक्षण केंद्रों पर वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से संबोधित किया गया था। कुछ अवसरों पर हमारी अध्यक्षा एवं प्रबंध निदेशिका श्रीमती वी.आर.अय्यर, कार्यपालक निदेशकगण श्री एन. शेषाद्रि और श्री बी.पी. शर्मा एवं अनेक महाप्रबंधकों द्वारा डीआरओज़् को संबोधित किया गया। पात्र व्यक्तियों के लिए भर्ती-पूर्व एवं पदोन्नति-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। एमडीआई में महिला अधिकारियों और सेवा निवृत्त होने वाले लिपिकों के लिए आयोजित विशेष कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को हमारी अध्यक्षा एवं प्रबंध निदेशिका श्रीमती वी.आर.अय्यर ने संबोधित किया। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए एमडीआई-बेलापुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

836 अधिकारियों को भारत में बाहरी संस्थाओं में नामित किया गया और 13 अधिकारियों को प्रशिक्षणों, सम्मेलनों एवं सेमिनारों में भाग लेने के लिए विदेशों में प्रतिनियुक्त किया गया।

बैंक ने विदेशी शाखाओं में तैनात स्टाफ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया है।

सभी नए पदोन्नत महाप्रबंधकों, उप महाप्रबंधकों एवं सहायक महाप्रबंधकों के लिए आईआईएम-बेंगलूर, एनआईबीएम-पुणे, एएससीआई-हैदराबाद और एक्सएलआरआई-जमशेदपुर में 5-दिवसीय नेतृत्व एवं परिवर्तन प्रबंधन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इंडियन सोसायटी फॉर ट्रेनिंग एण्ड डेवलप्मेंट- नई दिल्ली के सहयोग से एसटीसी-नोएडा नए चयनित संकाय सदस्यों के लिए 'ट्रेन दि ट्रेनर्स' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सभी आंचलिक कार्यालयों में अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए 1-दिवसीय और लिपिकीय स्टाफ के लिए 2-दिवसीय लोकेशनल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

बैंक ने 53 अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग अनुभव हेतु विदेशी शाखाओं में प्रतिनियुक्त किया। इन सभी अधिकारियों को ट्रेज़री शाखा अंतर्राष्ट्रीय विभाग, प्रधान कार्यालय, मुंबई ओवरसीज़ शाखा में "ऑन दि जॉब ट्रेनिंग" दी गई ।

बाहरी संस्थाओं के लिए बैंक के प्रिशिक्षण केन्द्रों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया - जैसे फेडाई की ओर से एमडीआई-बेलापुर, एसटीसी, भोपाल और एसटीसी नोएडा में "विदेशी विनिमय पर एक सप्ताह का अभिमुखीकरण कार्यक्रम" एमडीआई-बेलापुर में आंध्र बैंक के अधिकारियों के लिए 'कस्टमाइज़ड बोर्स प्रोग्राम,' एसटीसी-नोएडा में "सेन्ट्रल बैंक के डीआरओज़ के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण", एसटीसी-नोएडा में बीआईआरडी-लखनऊ की ओर से "ट्रेनर ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन फैनान्शियल इन्क्लूशन"। बैंक के डीलरों के लिए एमडीआई ने "बोर्स प्रोग्राम" का भी आयोजन किया जिसमें अन्य बैंक के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

समाज के प्रति हमारे कर्तव्य का निर्वाह करते हुए विभिन्न प्रबंधन संस्थाओं से 690 छात्रों ने बैंक में सम्मर इन्टर्नशिप का लाभ उठाया।

बैंक का ई-लर्निंग कार्यक्रम सफल रहा है। गोल्ड स्तर पर 12 मॉड्यूल, बीटा स्तर पर 12 मॉड्यूल और अल्फा स्तर पर 6 मॉड्यूल अपलोड किए जा चुके हैं। इसके अलावा गोल्ड स्तर पर 23 मॉड्यूल अपलोड हेतु तैयार हैं।

स्टारडेस्क के अंतर्गत कर्मचारियों के लिए उपलब्ध स्टारडेस्क साइट को अपडेट करने में स्टाफ का फीडबैंक बहुत सहायक रहा है।

एचआरएमएस के अंतर्गत ट्रेनिंग मॉड्यूल को लाइव बनाकर बैंक की प्रशिक्षण प्रणाली ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इससे आंचलिक स्तर पर बैंक में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन नामांकन करने में सुविधा हुई है और नामांकनों की निगरानी हेतु प्रधान कार्यालय स्तर पर रिपोर्ट का सृजन होता है।

भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (आईआईबीएफ) तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित की जा रही है। विभिन्न परीक्षाएं पास करके स्टाफ को अपना ज्ञान उन्नत करने और कौशल को तीक्ष्ण करने हेतु बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं चलाई जा रही हैं।

यथा 31.03.2013 बैंक में 17061 अधिकारियों, 17220 लिपिकों और 7865 सहायक स्टाफ, कुल 42146 का वैश्विक मानव संसाधन प्रतिभा उपलब्ध है।

आरक्षण नीति का अनुपालन

बैंक, भारत सरकार की आरक्षण नीति का अनुपालन कर रहा है। प्रधान कार्यालय/आंचलिक कार्यालयों में विशेष भर्ती एवं एससी/एसटी कक्ष आरक्षण नीति के कार्यान्वयन और एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों से संबंधित शिकायतों के निवारण की निगरानी के लिए कार्यशील हैं.

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीद्वारों/स्टाफ को लिपिकीय संवर्ग से सामान्य बैंकिंग अधिकारी संवर्ग में और अधिकारी सवंर्ग के भीतर वेतनमान I से वेतनमान II, वेतनमान II से वेतनमान III में पदोन्नतियों के लिए भर्ती पूर्व और पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्ष 2012-13 के दौरान एससी/एसटी कर्मचारियों को प्रदान किए गए भर्ती पूर्व और पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण के विवरण निम्नानुसार हैं :

क्र. सं.	संवर्ग	भर्ती पूर्व				पदोन्नति पूर्व			
		आयोजित कार्यक्रमों की संख्या	कार्यक्रमों की अवधि	प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या		आयोजित कार्यक्रमों की संख्या	कार्यक्रमों की अवधि	प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या	
				एससी	एसटी			एससी	एसटी
क)	अधिकारी	1	6 दिन	2	1	21	6 दिन	492	229
ख)	लिपिक	0	0	0	0	0	0	0	0
ग)	अधीनस्थ कर्मचारी	0	0	0	0	0	0	0	0

बैंक ने प्रधान कार्यालय में क्रमशः ओबीसी तथा एससी/एसटी के लिए मुख्य सम्पर्क अधिकारियों के रुप में महाप्रबंधक को नियुक्त किया है। एससी/एसटी/ओबीसी प्रवर्गो से संबंधित अधिकारी सम्पर्क अधिकारी/कक्ष अधिकारी के रुप में आंचलिक कार्यालयों में नियुक्त किए हैं। सरकारी दिशानिर्देशों की शर्तों के अनुसार प्रधान कार्यालय/आंचलिक कार्यालय में पद आधारित आरक्षण रोस्टर का रखरखाव किया जाता हैं जिसका निरीक्षण वार्षिक आधार पर किया जाता है। प्रधान कार्यालय एवं आंचलिक कार्यालयों में स्थापित एससी/एसटी कक्ष भूतपूर्व सैनिकों/अशक्त व्यक्तियों जैसे प्रवर्गों के संबंध में आरक्षण के कार्यान्वयन के साथ भी सम्बद्ध है।

कुल स्टाफ संख्या (भारतीय) में एससी/एसटी/ओबीसी का प्रतिनिधित्व

मार्च 2013	अधिकारी	लिपिक	अधीनस्थ स्टाफ	कुल
अनुसूचित जाति	2888	2743	2858	8489
भारतीय कार्यालयों में कुल स्टाफ का %	16.86	15.83	36.23	20.05
अनुसूचित जनजाति	1266	1725	810	3801
भारतीय कार्यालयों में कुल स्टाफ का %	7.39	9.95	10.27	8.98
अन्य पिछड़ी जातियां	1901	1579	1215	4695
भारतीय कार्यालयों में कुल स्टाफ का %	11.10	9.11	15.40	11.08

विधि

विधि विभाग आंतरिक सुविधादाता के रुप में कार्य करता है और प्रधान कार्यालय में कार्यरत विभागों में उत्पन्न विभिन्न मामलों में राय देने, दस्तावेजीकरण, वाद-विवादों आदि की देखभाल करता है, इसके अतिरिक्त विभिन्न एनबीजी/अंचलों, भारतीय शाखाओं तथा बैंक की अनुषंगियों से राय, वाद-विवाद तथा वित्त दस्तावेजों के मसौदे/वेटिंग का कार्य करता है जो किसी विशेष मंजूरी/आवश्यकताओं/अद्यतनों/दस्तावेजों के परिशोधन हेतु उचित है।

विधि विभाग विशेषज्ञ विभाग जैसे सूचना प्रौद्योगिकी/अंतर्राष्ट्रीय/कोषागार/कार्ड उत्पाद आदि की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करता है जैसे विभिन्न करार/एसएलए (सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर खरीदना, सेवा स्तर के करार, विभिन्न प्रकार की टाई-अप व्यवस्थाएं/नए उत्पाद आदि) के दस्तावेजों का मसौदा तैयार करना/वेटिंग करना।

हमारे समाज में सूचना का अधिकार अधिनियम ने मुख्य भूमिका ले ली है और बैंक में विभिन्न स्तरों पर बहुत अधिक आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। बैंक ने विभिन्न अंचलों/एनबीजी में केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी और अपील अधिकारी अभिनिर्धारित किया है। विधि विभाग के उपमहाप्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक (विधि) भी बैंक, प्रधान कार्यालय के पदनामित सीपीआईओ हैं और विधि विभाग के महाप्रबंधक अपील प्राधिकारी है। जिसमें प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभागों से आवश्यक सूचना प्राप्त करके नियत

30 दिनों की समय सीमा के अंदर आवेदक को भेजना और अन्य अंचलों/एनबीजी को विशिष्ट बिन्दुओं पर मार्गदर्शन देना शामिल है।

स्टाफ सदस्यों के बीच जागरुकता पैदा करने के लिए विधि विभाग द्वारा 'लिगलन्यूसलेटर' नियमित रुप से जारी किया जाता है और परिचालित किया जाता है। इसके अलावा नवीनतम विधि मामलों में समय-समय पर परिपत्र जारी किया जाता है।

- बैंक द्वारा दायर वाद के संबंध में वाद पत्र अनुमोदन करना
- परिसर से संबंधित विधि मामले जिसमें बिक्री/पट्टा विलेख का वेटिंग, राय मुहैया करवाना आदि शामिल है।
- शेयर ट्रैन्स्मिशन के मामले
- भारतीय रिजर्व बैंक, वित्त मंत्रालय आदि जैसे विभिन्न नियामक प्राधिकारियों के लिए दायर वाद/डिक्री मामलों से संबंधित डेटा/आंकड़ो को संग्रह करना और प्रस्तुत करना। 1 करोड़ और अधिक के मामलों की निगरानी करना।
- बैंक के विरुद्ध दायर याचिकाओ, मामलों, अपीलों, दावों आदि पर सलाह देना और जहॉं भी जरुरत हो आवेदनों/शपथ पत्रों की वेटिंग करना।
- बैंक के विरुद्ध मामलों/आकस्मिक देयता के मामलों का विवरण तैयार करना, अंचलों से अनुवर्ती कार्रवाई आदि
- मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक और आईबीए के विभिन्न मामलों पर विभिन्न प्रश्नों का जवाब देना जिसमें विभिन्न अधिनियम के संदर्भ के अंतर्गत नए विधि/संशोधन शामिल है।
- लिगल न्यूसलेटर
- नागरिक द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत किए गए अनुरोध का उत्तर देना इसमें अनुरोध का प्रसंस्करण करना, संबंधित विभाग को उसे अग्रेषित करना, अनुवर्ती कार्रवाई करना, संबंधित विभाग से जानकारी संग्रह करना और समयानुसार उत्तर (30 दिनों के अंदर) देना शामिल है। यदि ऐसे आदेशों पर अपील की जाती है तो उस अपील का प्रसंस्करण करना और समयानुसार उसका निपटान करना। इसके अतिरिक्त, सूचना का अधिकार के अंतर्गत प्रश्नों का उत्तर देने के लिए अंचलों और शाखाओं का मार्गदर्शन करना। जब भी आवश्यकता हो विधि विभाग सीआईसी के समक्ष पार्टियों द्वारा दायर अपीलों की सुनवाई के लिए सीआईसी के सामने प्रस्तुत होते हैं।

अनुपालन

विनियामक के संदर्भ में अनुपालन काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि विनियमों की संख्या बढ़ रही है और एक संस्था में अनुपालन की आवश्यकता के संबंध में बड़े पैमाने पर समझ की कमी है। इस प्रकार अनुपालन, तेजी से कार्पोरेट प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरुप बैंक की अनुपालन कार्यनीति बैंक के बोर्ड द्वारा अपनाई गई है। बैंक में मुख्य अनुपालन अधिकारी (महाप्रबंधक की श्रेणी में) के नेतृत्व में स्वतंत्र अनुपालन विभाग कार्य कर रहा है। बैंक के सांविधिक, विनियामक एवं आंतरिक दिशानिर्देशों का अनुपालन, बैंक के अनुपालन कार्य का परिचालन कार्य क्षेत्र है।

विभाग ने शाखा बैंकिंग के निम्नलिखित क्षेत्रों के लिए अनुपालन नियम तैयार किया है :

विवरणी	आवृत्ति	नियमों की सं.
अपने ग्राहक को जानिए/धनशोधन निवारण/आंतकवाद वित्तपोषण का प्रतिरोध (सीएफटी)	मासिक	51
जमाराशियां व सेवाएं	तिमाही	62
अग्रिम	तिमाही	63
एफईएमए	तिमाही	119

उपर्युक्त नियमों का प्रमाणीकरण निर्धारित अंतराल में प्रत्येक अंचल द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। पूरे भारत वर्ष में विभाग द्वारा कुछ चुनी हुई शाखाओं में नियमों पर आधारित अर्ध वार्षिक अनुपालन परीक्षण किया जाता है। इस अनुपालन परीक्षण में पाएं गए परिणामों की रिपोर्ट उच्च प्रबंधन के समक्ष प्रस्तुत की जाती है।

प्रत्येक अंचल के अनुपालन कार्य की निगरानी के लिए संबंधित आंचलिक कार्यालय में अनुपालन अधिकारी अभिनिर्धारित किए गए हैं। विदेशी शाखाओं में कलस्टर स्तर पर निगरानी की जाती है।

अनुपालन विभाग, अन्य बातों के साथ-साथ बोर्ड/सर्वोच्च प्रबंधन/प्रधान कार्यालय के विभागों को निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करता है :

- बोर्ड को बैंक के अनुपालन कार्य पर तिमाही रिपोर्ट प्रस्तुत करना;
- संबंधित अंचलों से अनुवर्ती कार्रवाई/सुधार के लिए अनुपालन चूक के उदाहरण प्रधान कार्यालय के विभागों को देना;
- बैंक के समक्ष अनुपालन जोखिम पर मासिक नोट सर्वोच्च प्रबंधन को प्रस्तुत करना;
- केवाईसी/एएमएल/सीएफटी में लिए गए प्रमुख पहलों पर मासिक नोट बोर्ड को प्रस्तुत करना।
- मासिक आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों का सारांश बोर्ड को प्रस्तुत करना;
- बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति को तिमाही आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विभिन्न परिपत्रों/अनुदेशों पर बैंक का अनुपालन प्रस्तुत करना;
- बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति को केवाईसी के कार्यान्वयन की तिमाही समीक्षा प्रस्तुत की जाती है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नियम समीक्षा कैलेण्डर की निगरानी और इस पर तिमाही के आधार पर बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

विभाग को बैंक में अपने ग्राहक को जानिए/धनशोधन निवारण उपाय/सीएफटी दिशानिर्देशों को लागू करने/निगरानी रखने की जिम्मेदारी भी दी गई है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशानुसार विभाग ने सभी वर्तमान खातों में केवायसी मानदण्ड के अनुपालन को सुनिश्चित करने का काम गंभीरता से लिया है।फिनेकल सिस्टम में प्रत्येक खाते में केवाईसी स्थिति को नोट करने के लिए अलग अनिवार्य फिल्ड डाला गया है। सभी शाखाओं में केवाईसी अनुपालन न किए गए खातों को पहचानने, केवाईसी दस्तावेज प्राप्त करने तथा फिनेकल सिस्टम को उचित रुप से अद्यतन करने की प्रक्रिया चल रही है।

धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएल अधिनियम) के उपबंधों के अनुसार और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और केवाईसी के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार शाखाएं, ग्राहकों के सही पहचान के लिए नवीनतम फोटोग्राफ, पहचान का प्रमाण तथा वर्तमान पते का प्रमाण प्राप्त कर रही है। कम आय समूह के व्यक्तियों के खाते खोलते समय सरलीकृत केवाईसी मानदंड शुरु किए गए हैं। सभी ग्राहकों को जोखिम धारणा के आधार पर उच्च, मध्यम व न्यून जोखिम प्रवर्ग में वर्गीकृत किया गया है। 30.09.2012 से अर्ध वर्ष की समाप्ती से खातों की जोखिम प्रवर्गीकरण की समीक्षा को प्रधान कार्यालय में केन्द्रीयकृत कर लिया गया है।

बैंक ने **धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002** के प्रावधानों को निम्नानुसार कार्यान्वित किया है

- प्रिंसिपल अधिकारी की नियुक्ति की गई है (मुख्य अनुपालन अधिकारी ही धनशोधन रिपोर्टिंग अधिकारी [एमएलआरओ] है)
- वित्तीय आसूचना ईकाई-भारत (एफआईयू-आईएनडी), नई दिल्ली को रु 10 लाख से अधिक के संव्यवहार रिपोर्ट (सीटीआर) प्रस्तुत कर रहा है।
- एफईयू-आईएनडी को बैंक, पहचान होने पर, संदिगध संव्यवहार रिपोर्ट (एसटीआर) तथा जाली करेंसी रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।
- पीएमएल अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार रिकार्डों का परिरक्षण तथा रखरखाव।

धनशोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत संदिग्ध संव्यवहारों को अभिनिर्धारित करने के लिए बैंक ने एन्टी **मनी लॉन्डरिंग सॉफ्टवेयर (एएमएलओसीके)** प्राप्त किया है।

औसतन यह सॉफ्टवेयर प्रतिदिन करीब 4000 अलर्टस् जेनरेट करती है। विभाग द्वारा इन अलर्टों की जांच की जाती है। जहाँ भी आवश्यकता हो अंचलों/शाखाओं के साथ अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है और यदि अंचल/शाखा के स्पष्टीकरण से बैंक संतुष्ट नहीं है तो एफआईयू आईएनडी को संदीग्ध संव्यवहार रिपोर्ट दर्ज करती है।

विभाग प्रधान कार्यालय के सभी विभागों के बीच समन्वय करके भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वार्षिक वित्तीय निरीक्षण (एएफआई) के कार्य की देखभाल करती है। एएफआई रिपोर्टो की जांच की जाती है तथा भारतीय रिज़र्व बैंक को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। वर्ष 2011-12 के लिए एएफआई 28.08.2012 को समाप्त की गई तथा 10.09.2012 को यह रिपोर्ट प्राप्त की गई। सभी विभागों से कार्य बिन्दुओं पर उत्तर/अनुपालन प्राप्त किये गये तथा बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति को 09.11.2012 को प्रस्तुत की गई। कार्य बिन्दुओ पर उत्तर/अनुपालन भारतीय रिज़र्व बैंक को 15.11.2012 को प्रस्तुत की गई।

सभी नियन्त्रक एजेन्सियों का बैंक से संपर्क के लिए यह विभाग एकल संपर्क बिन्दु है।

सतर्कता

वित्त मंत्रालय तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग की सहमति से नियुक्त महाप्रबंधक श्रेणी के मुख्य सतर्कता अधिकारी बैंक की सर्तकता व्यवस्था के प्रमुख है। सभी सतर्कता मामलों में अनुशासनिक प्राधिकारियों/नियंत्रक प्राधिकारियों को सलाह देने के लिए सीवीओ को ऐसे अधिकारियों की सहायता प्राप्त है जिन्हें अन्वेषण और अनुशासनिक कार्रवाई के मामलों के साथ-साथ बैंकिंग का ज्ञान/ इन क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव है। सतर्कता विभाग, निवारक सतर्कता उपायों के प्रचार-प्रसार का भी ध्यान रखता है। इस संबंध में बैंक द्वारा पॉच स्वतंत्र ''सतर्कता युनिटस'' बनाए गए हैं तथा परिचालनगत जोखिमों का प्रभावी रूप से निपटान हेतु जोखिम प्रबंधन विभाग के अंतर्गत एक अलग धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन विभाग का भी सृजन किया गया है।

धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन

धोखाधडी जोखिम प्रबंधन विभाग के मुख्य कार्य है:

- धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग और निगरानी
- धोखाधड़ी पर केन्द्रीयकृत डेटा का रख रखाव
- किए गए तथा प्रयास किए गए धोखाधड़ी का विश्लेषण
- अग्रिम से संबंधित को छोड़कर धोखाधड़ी में निहित रकम का प्रावधानीकरण
- धोखाधडी निवारक पर प्रशिक्षण के जरिए स्टाफ को सुग्राही बनाना।
- बैंक के लिए एफआरएम नीति तैयार करना और क्रियान्वयन करना।
- प्रधान कार्यालय में धोखाधड़ी के टास्क फोर्स की बैठक आयोजित करना।
- धोखाधड़ी खातों में वसूली के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करना।

निरीक्षण तथा लेखा परीक्षा

वर्ष 2012-13 के दौरान विभाग द्वारा शाखाओं, करेंसी चेस्ट, डिपॉजिटरी सहभागिता कार्यालय में जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा, सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा तथा राजस्व लेखा परीक्षा की गई और प्रधान कार्यालय विभागों, आंचलिक कार्यालयों, आंचलिक लेखा परीक्षा कार्यालयों, स्टाफ प्रशिक्षण महाविद्यालयों, एमडीआई, एलडीएम कार्यालय, आरआरबी में जोखिम आधारित प्रबंधन लेखा परीक्षा की गई। एफसीए द्वारा 720 स्वदेशी शाखाओं (कोषागार शाखा सहित) तथा संपदा विभाग, प्रधान कार्यालय (केन्द्रीयकृत भुगतान के लिए) तथा आंतरिक अधिकारियों द्वारा 24 विदेशी शाखाओं, कार्ड उत्पाद विभाग, नियंत्रक महालेखा परीक्षक तथा डाटा सेन्टर की समवर्ती लेखा परीक्षा की गई। बैंक के कुल ग्लोबल अग्रिम का 87.67% तथा कुल ग्लोबल जमा का 69.14% समवर्ती लेक्षा परीक्षा द्वारा पूरा किया गया जबकि नियत स्तर प्रत्येक का 50% है। विभाग ने शाखाओं में लेखा परीक्षा के दौरान ₹ 70.16 करोड़ तक के राजस्व की हानि का पता लगाया जिसमें से ₹ 66.07 करोड़ की वसूली की जा चुकी है।

स्टारबूस्ट योजना के अंतर्गत 3043 शाखाओं के लेखा परीक्षा अपवाद रिपोर्ट (एईआर) निकाले गए और आरबीआईए के अंतर्गत शाखाओं को भेजे गए। यह रिपोर्ट संबंधित शाखाओं को दो महीने पहले भेजी जाती है जिससे लेखा परीक्षा आरंभ होने के पहले शाखाएं आवश्यक सुधारात्मक उपाय शुरु कर सकें, इससे उन्हें अच्छी लेखा परीक्षा श्रेणी प्राप्त करने में सुविधा होती है।

आंतरिक शाखाओं के लिए जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा, जोखिम आधारित प्रबंधन लेखा परीक्षा (आंतरिक) और समवर्ती लेखा परीक्षा की नीतियों का उपयुक्त समीक्षा/संशोधन किया गया जिससे भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्ववर्ती एएफआई द्वारा चिह्नित क्षेत्रों को सुपरिष्कृत कवर किया जाए । वर्ष 2011-12 के लिए बैंक के लांग फार्म ऑडिट रिपोर्ट पर समयानुसार कार्रवाई की गई तथा बोर्ड और एसीबी को अनुपालन समय से प्रस्तुत किया गया। बोर्ड/एसीबी की बैठकों से निकले कार्रवाई मदों के अनुपालन को समय से एसीबी/बोर्ड को प्रस्तुत किया गया।

विभाग द्वारा किए सामान्य लेखा परीक्षा कार्यों के अलावा उच्च प्रबंधन के अनुदेशों/मार्गदर्शन के अंतर्गत विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु निम्नलिखित विशेष कार्य किए गए :

- 'उच्च जोखिम एवं अधिक' रेट की गई शाखाओं में टिप्पणियों/अपवादों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए वहाँ विवेकपूर्ण लेखा परीक्षा की गई।
- गैर सम्वर्ती लेखा परीक्षा शाखाओं में राजस्व लेखा परीक्षा की गई (लघु एवं मध्यम शाखाओं में वार्षिक तथा बड़ी एवं अधिक शाखाओं में अर्धवार्षिक) और ₹ 6.27 करोड़ के राजस्व लीकेज का पता लगा।
- लेखा परीक्षित शाखाओं में निवारक सतर्कता उपायों के प्रभाव का आकलन किया गया (यह कार्य निरंतर आधार पर किया जा रहा है।)
- 839 शाखाओं में 5133 खातों में क्रेडिट ऑडिट एण्ड लोन रिव्यू मेकैनिज़्म किया गया।
- वर्ष 2011-12 हेतु बैंक का लॉंग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट 28.06.2012 को प्राप्त हुआ और उसका अनुपालन रिपोर्ट 27.08.2012 को आरबीआई को प्रस्तुत किया गया।
- विदेशी केन्द्रों के माइग्रेशन ऑडिट का कार्य मेसर्स अर्न्स्ट एण्ड यंग को सौंपा गया है। उन्होंने कीन्या केन्द्र का माइग्रेशन ऑडिट शुरू किया है और अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत किया है। उन्होंने जर्सी, एन्टवर्प और पैरिस केन्द्रों में माइग्रेशन ऑडिट शुरू कर दिया है और जर्सी एवं एन्टवर्य की ड्राफ्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की है। वर्तमान में यू.के. केन्द्र का माइग्रेशन ऑडिट कार्य शुरू किया जा चुका है।
- लेखा परीक्षित शाखाओं में निवारक सतर्कता उपायों के प्रभाव का आकलन किया गया (यह कार्य निरंतर आधार पर किया जा रहा है)।
- फील्ड स्तर के लेखा परीक्षकों में कौशल अभिवृद्धि हेतु आरबीआईए, फॉरेक्स परिचालन एवं आईटी संबंधी मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया गया। इनका उद्घाटन आरडी, आरबीआई, भोपाल एवं हमारे बोर्ड के निदेशक, कार्यपालक निदेशक एवं महाप्रबंधक द्वारा किया गया।
- मेसर्स अर्न्स्ट एण्ड यंग को हमारे डाटा सेन्टर के सम्वर्ती लेखा परीक्षा का कार्य सौंपा गया है और उन्होंने अपनी संस्तुतियों के साथ पहली रिपोर्ट प्रस्तुत की है।
- दिसम्बर, 2012 माह के दौरान मेसर्स केपीएमजी ने बैंक की महत्वपूर्ण आईटी आस्तियों के लिए वीएएण्डपीटी कार्य किया है और मार्च, 2013 माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है।
- मेसर्स पैलेडियन नेटवर्क्स प्रा.लि. ने डीसी, डीआर और कोषागार की तिमाही सूचना प्रणाली (आईएस) ऑडिट की है और पिछली आईएस ऑडिट के अनुपालन रिपोर्ट के साथ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है।
- हमारे कार्यालय में राजस्व लीकेज का विश्लेषण/ट्रेन्ड एनैलिसिस करने के पश्चात, एक अग्रसक्रिय उपाय के रूप में हम जेनरिक विषयों पर ध्यान देने हेतु इन्ट्रेस्ट फील्ड की भी जांच कर रहे हैं।
- बेहतर सम्प्रेषण हेतु विदेशी केन्द्रों पर सम्वर्ती लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा, वी/सी/टेलि कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से की जाती है।
- आरबीआई निदेशों के अनुसार, कृषि ऋण अधित्याग एवं ऋण राहत योजना, 2008 के अंतर्गत खातों की विशेष लेखा परीक्षा पूरी की जा चुकी है और उचित स्तर पर रिपोर्ट पर अनुवर्ती कार्रवाई शुरू की जा रही है।

महाप्रबंधक और उप महाप्रबंधक ने कार्यपालकों की 36 आंचलिक लेखा परीक्षा समिति बैठकों और उच्च जोखिम रेटिड शाखाओं के प्रमुखों के साथ बैठकों में भाग लिया और लेखा परीक्षा रिपोर्ट का समय पर अनुपालन/बंद किया जाना सुनिश्चित करने के लिए ऑडिट रेटिंग सुधारने हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान किया।

16 अंचलों में सम्वर्ती लेखा परीक्षकों/आंतरकि लेखा परीक्षकों की बैठकों का आयोजन किया गया जिनमें महाप्रबंधक एवं उप महाप्रबंधक ने लेखा परीक्षा विष्कर्ष परिणामों की समय पर रिपोर्टिंग और रिपोर्टों की समय पर प्रस्तुति पर ज़ोर दिया।

डाटा सेन्टर के लिए पूर्णकालिक इन-हाउस सम्वर्ती लेखा परीक्षक नियुक्त किए गए और उन्हें, अन्य कार्यों के साथ-साथ, इन्ट्रस्ट पैरामीटर्स के सत्यापन, इन्ट्रस्ट ऐप्लिकेशन प्रक्रिया और सैम्पल खातों में ब्याज की जांच करने का कार्य भी सौंपा गया है। सम्वर्ती लेखा परीक्षकों की टिप्पणियां, अनुपालन हेतु, आईटी विभाग को अग्रेषित की जाती हैं। उनसे प्राप्त अनुपालन रिपोर्ट, कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति को उनकी नोटिंग एवं आगे निदेश, अगर कोई, हेतु प्रस्तुत की जाती है।

सभी लेखा परीक्षा विष्कर्ष परिणामों पर रिपोर्ट, उच्च प्रबंधन, कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति और एसीबी को प्रस्तुत की जाती है और तत्संबंधी निदेशों का अनुपालन किया जाता है।

सभी महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा खोज पर नियमित रिपोर्टिंग निर्धारित उच्च प्रबंधन, प्रधान कार्यालय (लेखा परीक्षा) उप-समिति तथा एसीबी को प्रस्तुत की जाती है और निदेशों का अनुपालन किया जाता है।

राजभाषा

बैंक में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हमारे बैंक ने वर्ष के दौरान भारत सरकार, द्वारा जारी वार्षिक कार्यान्वयन कार्यक्रम 2012-13 में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु अपने प्रयास जारी रखें। राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए बैंक द्वारा इस वर्ष के दौरान 12 राजभाषा अधिकारियों की नियुक्ति की गई। भारतीय रिजर्व बैंक तथा भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के निदेशों के अनुसार बैंक ने सफलतापूर्वक विभिन्न ग्राहक संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए। दैनंदिन कार्य हिन्दी में करने की आदत डालने तथा स्टाफ सदस्यों को भारत सरकार की अपेक्षाओं की जानकारी देने के लिए प्रधान कार्यालय में ''राजभाषा जागरुकता कार्यक्रम'' आयोजित किया गया।

दैनंदिन बैंकिंग कार्यों में हिन्दी के प्रयोग का प्रशिक्षण देने के लिए वर्ष के दौरान कुल 155 हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिसमें 3073 अधिकारियों/लिपिकों को प्रशिक्षित किया गया। राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन के परिणामस्वरुप बैंक ने विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किए। बैंक ऑफ इंडिया को रिज़र्व बैंक राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता - 2011-12 के अंतर्गत 'ख' क्षेत्र में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है । नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (टॉलिक) द्वारा आगरा, पटना, भोपाल, बोकारो, भुवनेश्वर, जमशेदपुर, सिलिगुडि, कोलकाता, अहमदाबाद, वडोदरा अंचलों और गंगटोक (शाखा) को पुरस्कार प्रदान किए गए। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आयोजित अंतर बैंक निबंध प्रतियोगिता में हमारे बैंक के दो स्टाफ सदस्यों को पुरस्कार प्राप्त हुए। पंजाब नैशनल बैंक द्वारा आयोजित अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में हमारे एक स्टाफ सदस्य ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

हमारा बैंक चार शहरों में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति का संयोजक है और सफलता पूर्वक उन्हें चला रहा हैं तथा पत्रिका प्रकाशित कर रहा हैं। महिला दिवस, हिन्दी दिवस, ई-कामर्स सोल्यूशन जैसे विशेषांकों के साथ प्रत्येक तिमाही में विभाग द्वारा 'संकल्पना' पत्रिकाप्रकाशित की गई।

बैंक की वेबसाइट पर सभी जानकारियां हिन्दी मे भी प्रदर्शित की जाती हैं। एटीएम यूज़र के लिए एटीएम में भी हिन्दी सुविधा उपलब्ध कर्वाई गई हैं।

बैंक की अनुषंगियां/सहायक कंपनियां

इंडो ज़ाम्बिया बैंक लि. (आईजेडबी)

आईजेडबी तीन भारतीय बैंकों, यथा बैंक आफ़ इंडिया ऑफ़ बड़ौदा, सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया और जाम्बिया सरकार का एक संयुक्त उद्यम है। प्रत्येक भारतीय बैंक के पास 20% शेयर पूंजी धारिता है, जबकि जाम्बिया सरकार की शेयर पूंजी धारिता 40% है। इंडो-जाम्बिया बैंक लि. सफल संयुक्त उद्यम का एक बढ़िया उदाहरण है। इसे दो भिन्न मित्रवत गणराज्यों जाम्बिया गणराज्य सरकार और भारत सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

पीटी बैंक स्वदेशी टीबीके, इंडोनेशिया

बैंक ने वित्त वर्ष 2007-08 के दौरान भारतीय ₹ 3.77 करोड़ का पीटी बैंक स्वदेशी टीबीके में 76% हिस्सा अर्जित किया। पीटी बैंक स्वदेशी टीबीके के निदेशक मंडल में बैंक के तीन निदेशक हैं।

बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लिमिटेड

बैंक ऑफ़ इंडिया तंजानिया लिमिटेड पूर्ण रूप से बैंक की अपनी अनुषंगी है जिसने दिनांक 16 जून, 2008 से दार-ए-सलाम में पहली शाखा के साथ परिचालन आरंभ किया है।

बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूजीलैण्ड) लि.

बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूजीलैण्ड) लि. पूर्ण रुप से बैंक की अपनी अनुषंगी है। यथा 31.03.2013 में बैंक का नेट वर्थ ₹ 277.46 करोड़ है। 31.03.2013 को समाप्त वर्ष में बैंक का पीएटी ₹ 1.23 करोड़ है।

बैंक ऑफ़ इंडिया शेयर होल्डिंग लि. (बीओआईएसएल)

बैंक का केपिटल मार्केट के साथ नौ दशकों से अधिक पुराना संबंध है। 1921 से बैंक द्वारा मुंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का समाशोधन एवं निपटान कार्य किया जा रहा है। स्टॉक एक्सचेंज के समाशोधन गृह की गतिविधियों के प्रबंधन के लिए बैंक ने 1989 में बीएसई के साथ 'बीओआई शेयरहोल्डिंग लि. (बीओआईएसएल)' नामक संयुक्त उपक्रम स्थापित किया। बैंक के पास ₹ 2 करोड़ की अपनी प्रदत्त पूंजी का 51% हिस्सा है।

यह कंपनी एक्स्चेंज में परिचालन करने वाले सदस्य ब्रोकरों द्वारा किए गए सौदों की रोलिंग एवं साप्ताहिक निपटान कर रही है। बीओआईएसएल नेशनल सिक्यूरिटीज डिपॉजिटरी लि., (एनएसडीएल) एवं सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लि., (सीडीएसएल) दोनों डिपॉजिटरियों का डिपॉजिटरी सहभागी (डीपी) भी है और यह समाशोधन सदस्यों एवं निवेशकों को डिपॉजिटरी सेवाएँ उपलब्ध कराता है। बीओआईएसएल देश का ऐसा पहला प्रतिभूति समाशोधन गृह है, जिसे आईएसओ 9001-2000 आईएसओ प्रमाणन से पुरस्कृत किया गया है।

बीओआईएसएल ने वर्ष 2011-12 में अर्जित ₹ 268 लाख की तुलना में वर्ष 2012-13 में ₹ 67.60 लाख (अलेखा परीक्षित) का निवल लाभ अर्जित किया है।

बीओआई एक्सा इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्राइवेट लि. व बीओआई एक्सा ट्रस्टीशिप सर्विसेस प्राइवेट लि.

यह कंपनिया म्यूचुअल फंड व पोर्टफोलियों प्रबंधन के कारोबार में हैं। बैंक ऑफ इंडिया की इन कंपनियों में 51% की शेयरधारिता है।

एसटीसीआई फाइनेंस लि.

एसटीसीआई लि., देश का एक प्रमुख प्रायमरी डीलर है। इसे सक्रिय सेकेंडरी मार्केट के विकास के माध्यम से गिल्ट एवं अन्य ऋण प्रतिभूति बाजार को व्यापक बनाने के उद्देश्य से 1994 में प्रवर्तित किया गया था। एसटीसीआई जिसकी प्रदत्त पूंजी ₹ 380 करोड़ है, बैंक ऑफ़ इंडिया 29.96% धारिता के साथ सबसे बड़ा एकल शेयरधारक है। यह कंपनी भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के लेखांकन मानक 21 (एएस-21) के अनुसार बैंक की सहयोगी कंपनी है।

इस बढ़ती धारणा के परिप्रेक्ष्य में कि प्रायमरी डीलरशिप अपने आप में कोई आकर्षक व्यवसाय नहीं रहा, एसटीसीआई ने प्राइमरी डीलरशिप कारोबार अपनी नई सहायक कंपनी एसटीसीआई प्राइमरी डीलर लि. को देने का निर्णय किया है, जिसने अपना कार्य 25 जून, 2007 से शुरू किया है। इस सहायक कंपनी ने अपना कार्य सावधानीपूर्वक शुरू किया है और तब से नियमित प्रगति की है।

बैंक की सहायक कंपनियों के निर्माण के पश्चात एसटीसीआई ने आईबीओ निधि, मार्जिन निधि, पण्य स्वरूप भावी कारोबार, आस्ति प्रबंधन, लघु अवधि कार्पोरेट ऋण / सीपी में निवेश, इक्विटी कारोबार आदि गतिविधियां प्रारंभ की।

एसटीसीआई का वित्त वर्ष 2011-12 के कर उपरांत लाभ ₹ 46.45 करोड़ की तुलना में वर्ष 2012-13 के दौरान कर उपरांत लाभ ₹ 78.81 करोड़ है।

स्टार यूनियन दाई इची लाइफ इंश्योरेंस कं. लि. (एसयूडी लाइफ)

बैंक ऑफ़ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया एवं दाई-इची म्यूचुअल लाईफ इंश्योरेंस कंपनी, जापान ने वृद्धिशील बीमा बाजार का लाभ लेने तथा देश में चारों और फैले अपने ग्राहकों को विश्वसनीय गुणवत्ता बीमा उपलब्ध करने के लिए "स्टार यूनियन दाई-इची लाईफ इंश्योरेंस कंपनी" गठित की है। कंपनी ने फरवरी, 2009 से बीमा कारोबार प्रारंभ किया है। कंपनी की प्रदत्त पूंजी में बीओआई का ₹ 250.00 करोड़ का 48% अंश है।

बैंक की धारिता के अतिरिक्त यूनियन बैंक का हिस्सा 26% तथा दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, जापान की धारिता 26% है। संयुक्त उद्यम करार की शर्तों के अनुसार बैंक ने अपनी 3% धारिता यूनियन बैंक के पक्ष में पहले ही अंतरण कर दिया है।

महत्वपूर्ण निवेश / गठज़ोड़

सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लि. (सीडीएसएल)

यह कंपनी मुंबई स्टॉक एक्सचेंज, मुंबई द्वारा बैंक ऑफ़ इंडिया व अन्य बैंकों के साथ 1997 में प्रवर्तित की गई थी। सीडीएसएल को प्रवर्तित करने का मुख्य उद्देश्य स्क्रिप्स के डिमेटीकरण की गति में वृद्धि व पूंजी बाजार में निवेशकों की सहभागिता बढ़ाने और देश की द्वितीय डिपॉजिटरी के रूप में एक प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण निर्मित करना था। सीडीएसएल की ₹ 104.50 करोड़ की प्रदत्त पूंजी में बैंक का हिस्सा 5.56% है। सीडीएसएल ने वित्तीय वर्ष 2007-08, 2008-09 तथा 2011-12 में 10% लाभांश तथा 2012-13 के लिए 15% लाभांश का भुगतान किया है।

एएसआरईसी (इंडिया) लि.

कंपनी को यूनिट ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया के विनिर्दिष्ट उपक्रम के रूप में प्रतिभूतिकरण और आस्ति पुनर्रचना कार्यकलाप करने के लिए प्रवर्तित किया गया था। कंपनी को वित्तीय वर्ष 2004-05 के उत्तरार्द्ध में सरफेसी एक्ट, 2002 के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पंजीकरण का प्रमाणपत्र दिया गया था और तब से कंपनी ने पूर्णरूपेण कार्य करना शुरू किया। वर्तमान कंपनी की ₹ 98 करोड़ इक्विटी पूंजी में बैंक की 26.02% की धारिता है।

ऋण आसूचना ब्यूरो (भारत) लि. (सीआईबीआईएल)

ऋण आसूचना ब्यूरो देश का पहला ऋण आसूचना ब्यूरो है, जिसे बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र को ऋण सूचना और जोखिम विश्लेषण सेवाएँ देने के लिए अगस्त 2000 में निगमित किया गया। कंपनी ने अपना उपभोक्ता ब्यूरो परिचालन वित्तीय वर्ष 2004-05 में एवं वाणिज्यिक ब्यूरो परिचालन 2006-07 के दौरान प्रारंभ किए। कंपनी की इक्विटी शेयर पूंजी में बैंक की 5% की धारिता है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लि. (एमसीएक्स)

एमसीएक्स नई पीढ़ी का राष्ट्रीय स्तर पर वादा ट्रेडिंग करने वाला बहु पण्य एक्सचेंज है। एक्सचेंज ने वित्तीय वर्ष 2004-05 में कार्य प्रारंभ किया एवं अल्प अवधि के भीतर भारत के प्रथम कमोडिटी एक्सचेंज के रूप में अपना स्थान बनाया है। अब इसे विश्व के टॉप बुलियन एवं बेस मेटल एक्सचेंज में गिना जाता है। बैंक का एमसीएक्स की पूंजी में प्रमुख कमोडिटी एक्सचेंज में से हक के साथ सहयोगी होने की दृष्टि से इक्विटी सहभागिता के रूप में 2% का सामान्य हिस्सा है। बैंक बुलियन एक्सचेंज शाखा के माध्यम से एक्सचेंज के बैंक समाशोधन कार्यों को भी संभालता है।

नेशनल कोलेटरल मैनेजमेंट सर्विसेस लि. (एनसीएमएसएल)

नेशनल कोलेटरल मैनेजमेंट सर्विसेस लि. को नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्ज एक्सचेंज लि. (एनसीडीईएक्स) द्वारा प्रवर्तित किया गया है। इसको दिनांक 28.09.2004 को प्रतिभूतियों एवं कमोडिटीज हेतु सुरक्षा, प्रबंधन तथा नियंत्रण के लिए कोलेटरल प्रबंधन सेवाएं प्रोन्नत करने तथा प्रदान करने हेतु निगमित किया गया था। यह कमोडिटी एक्सचेंज पर ट्रेड के विकास हेतु विभिन्न सेवाएं तथा सिक्यूरिटिज एवं कमोडिटीज इत्यादि का मूल्यांकन ग्रेडिंग, इन्शुअरिंग, सेक्युरिंग, स्टोरिंग, डिस्ट्रिब्यूटिंग, क्लिअरिंग एवं फारवर्डिंग का कार्य करता है। बैंक की कंपनी इक्विटी पूंजी में 10.17% हिस्सेदारी (₹ 3 करोड़) है। इस तरह यह बैंक को एनसीएमएसएल के साथ अपने संबंधों के चलते उनके सदस्यों और ग्राहकों को क्रेडिट देने का अवसर प्राप्त होता है।

स्वीफ्ट इंडिया डोमेस्टिक सर्विसेस प्रा.लि

यह नया उद्यम स्वीफ्ट और बैंक ऑफ़ इंडिया सहित 8 प्रमुख बैंको द्वारा प्रोन्नत किया गया है। स्वीफ्ट के पास इक्विटी की 55% धारिता है और शेष 45% की धारिता 8 प्रमुख बैंको के पास है। कंपनी में बैंक ऑफ़ इंडिया की ईक्विटी स्टेक 5.63% है। कंपनी का परिचालन आरंभ नहीं हुआ है।

एसएमई रेटिंग एजेंसी ऑफ़ इंडिया लि. (एसएमईआरए)

एक प्रमुख ऋण स्तरांकन एजेन्सी डन एंड ब्रैडस्ट्रीट के सहयोग से सिडबी द्वारा वित्तीय वर्ष 2005-06 के दौरान एसएमईआरए की स्थापना की गई। एसएमईआरए का प्रमुख उद्देश्य एक व्यापक, पारदर्शी और विश्वसनीय स्तरांकन प्रदान करना है जिससे एसएमई क्षेत्र को बड़ी मात्रा में और आसानी से ऋण उपलब्धता होगी। बैंक की कंपनी की इक्विटी पूंजी में नाममात्र 4% धारिता है।

अन्य महत्वपूर्ण निवेश

उपर्युक्त सूचीबद्ध मुख्य महत्वपूर्ण निवेश के अलावा एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लि. (₹ 25 करोड़) युनाइटेड स्टॉक एक्सचेंज लि. (₹ 7.50 करोड़), इक्वीफैक्स क्रेडिट इन्फार्मेशन सर्विसेस लि. (₹ 1.75 करोड़), यूवी एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कं.लि. (₹ 15 करोड़), क्लीयरिंग कार्पोरेशन ऑफ़ इंडिया (₹ 50 करोड़), एग्रीक्ल्चरल फायनेंस कार्पोरेशल लि. (₹ 12.60 करोड़), सिडबी (₹ 45.30 करोड़), टूरिज्म फायनेंस कार्पोरेशन लि. (₹ 2.67 करोड़), सेन्ट्रल वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन लि. (₹ 1.11 करोड़), सीओआरडीईएक्स (₹ 1 करोड़), एसबीआई डीएफएचई (₹ 8.46 करोड़) में भी बैंक का महत्वपूर्ण निवेश है।

बैंक की डिपॉजिटरी सेवाएं

सभी शाखाओं द्वारा कोर बैंकिंग प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए बैंक के ग्राहकों को डिपॉजिटरी सेवाएं दी जा रही है। बैंकिंग सेवाओं की उपयोगिता बढ़ाने तथा डिपॉजिटरी सेवाओं के विभिन्न फायदों को उपलब्ध करवाने के लिए बैंक दोनों यथा एनएसडीएल तथा सीडीएसएल डिपॉजिटरी सेवाओं को प्रदान कर रहा है। बेहतर सेवा देने के लिए डीपी परिचालन को मुंबई में केन्द्रीकृत किया गया है। इस वर्ष के दौरान सहक्रिया को प्राप्त करने तथा मानव संसाधन के सही उपयोग के लिए बैंक ने सीडीएसएल, डीपीओ को अंधेरी (पश्चिम) से मुंबई (मुख्य) शाखा के बड़े परिसर में स्थानांतरित किया है।

हमारे डीपीओ में सक्रिय डीमैट खातों को संख्या 31.03.12 में 91,041 की तुलना में यथा 31.03.2013 में 92,293 है। वर्ष 2011-12 के दौरान अर्जित सकल आय 35 लाख की तुलना में वर्ष 2012-13 के दौरान बैंक ने 39 लाख अर्जित किया है।

स्टार शेयर ट्रेड (शेयर की ऑन लाईन ट्रेडिंग)

